वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखा

2014-15

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड

(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)

मो./डाकघर- ज्ञागृति विहार, बुर्ला

संबलपुर-768020 (ओड़िशा)

Website : www.mcl.gov.in

'संकल्पना'

"खदान से बाजार तक सर्वोत्तम कार्य पद्धतियों का पालन करते हुए

विश्व के अग्रणी ऊर्जा आपूर्तिकर्ताओं में उभरना"

'लक्ष्य'

सुरक्षा, संरक्षण और गुणवत्ता को सम्यक प्रतिष्ठा प्रदान करते हुए कुशलतापूर्वक और मितव्ययता के साथ पर्यावरण हितैषी तरीके से योजनाबद्ध परिमाण में कोयला एवं कोयला उत्पाद का उत्पादन एवं विपणन करना।

गत दस वर्षों की वित्त संबंधी प्रमुख बातें

	विवरण	इकाई	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15
1.	कोयला उत्पादन	एमटी	66.08	69.61	80.00	88.01	96.34	104.08	100.28	103.12	107.89	110.44	121.38
2.	कोयले का प्रेषण	एमटी	66.29	68.22	76.42	83.63	91.28	98.13	102.09	102.52	111.96	114.34	123.00
3.	कोयले का विक्रय(सकल)	₹ करोड़	3,578.98	3,945.13	4,507.52	5,291.07	6,487.55	7,466.56	9,249.75	12,068.60	13,190.42	13,165.61	15,693.71
4.	पीबीटी	₹ करोड़	1,469.36	1,837.21	2,081.39	2,504.79	2,600.91	2,950.58	4,039.30	5,463.69	6,202.48	5,429.08	5,314.24
5.	पीएटी	₹ करोड़	927.18	1,256.29	1,368.45	1,643.04	1,718.03	1,946.69	2,609.32	3,709.51	4,212.44	3,624.30	3,554.10
6.	लाभांश	₹ करोड़	405.20	504.00	550.50	1,000.00	1,040.00	1,169.00	1,570.02	2,226.55	2,529.45	5,983.16	3,841.82
7.	निवल स्थिर परिसंपत्तियॉ	₹ करोड़	1,184.60	1,226.00	1,313.14	1,298.08	1,364.10	1,589.69	2,019.19	2,048.05	2,212.52	2,788.58	3,087.48
8.	निवल मूल्य	₹ करोड़	2,804.71	3,484.16	4,223.41	4,686.72	5,188.00	5,769.60	6,548.14	7,674.42	8,939.12	5,563.42	4,477.57
9.	दीघ अवधि ऋण	₹ करोड़	204.07	186.71	170.06	157.29	183.97	150.79	124.13	119.42	96.60	9.14	6.90
10.	नियोजित पूँजी	₹ करोड़	2,462.18	3,117.70	3,836.51	4,381.96	4,853.15	5,305.38	11,704.47	14,211.30	16,208.23	14,248.04	15,208.55
11.	नियोजित पूँजी पर प्रतिलाभ	%	0.38	0.40	0.36	0.37	0.35	0.37	0.22	0.26	0.26	0.25	0.23
12.	मूल्य योग	₹ करोड़	2,521.97	2,751.02	3,314.95	3,957.52	4,988.95	5,594.64	6,945.29	8,825.63	9,206.31	9,153.60	10,203.46
13.	प्रति शेयर अंकित मूल्य	₹	1,000.00	1,000.00	1,000.00	1,000.00	1,000.00	1,000.00	1,000.00	1,000.00	1,000.00	1,000.00	1,000.00
14.	प्रति शेयर बूक वैल्यु		15,046.65	18,691.76	22,657.67	25,143.23	27,832.48	30,952.64	35,129.34	41,171.58	47,956.42	29,846.53	24,021.18
15.	प्रति शेयर लाभांश	₹	2,173.81	2,703.85	2,953.31	5,364.78	5,579.37	6,271.43	8,422.81	11,944.95	13,569.95	32,098.34	20,610.52
16.	प्रति शेयर कमाई	₹	4,974.14	6,739.74	7,341.44	8,814.57	9,216.84	10,443.57	13,998.43	19,900.71	22,598.82	19,443.58	19,066.97
17.	इक्यूटी शेयरों की संख्या	संख्या	1,864,009	1,864,009	1,864,009	1,864,009	1,864,009	1,864,009	1,864,009	1,864,009	1,864,009	1,864,009	1,864,009

विषय सूची

क्रमांक	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	प्रबंधन/बैंकर्स/लेखा परीक्षक	
2.	नोटिस	
3.	अध्यक्ष का अभिभाषण	
4.	निदेशकों का प्रतिवेदन	
5.	लागत लेखा परीक्षा रिपोर्ट का रिपोर्ट	
6.	सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट	
7.	कॉर्पोरेट शासन प्रतिवेदन	
8.	प्रबंधन परिचर्चा एवं विश्लेषण प्रतिवेदन	
9.	भारत के लेखा नियंत्रक और महालेखाकर की टिप्पणी	
10.	समझोते ज्ञापन मानदंडों के आधार पर कार्य निष्पादन प्रतिवेदन	
11.	लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	
12.	लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदन पर प्रबंधन का जवाब	
13.	31 मार्च,2015 को समाप्त वर्ष का तुलना पत्र	
14.	31 मार्च,2015 को समाप्त वर्ष के लाभ-हानि विवरण	
15.	तुलना पत्र एवं लाभ- हानि लेखा के अंश स्वरूप टिप्पणियां	
16.	नगद प्रवाह का विवरण	
17.	एमसीएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों की समेकित लेखा	

वर्तमान प्रबंधन

(08.07.2015 को)

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक	:	**श्री ए .एन .सहाय**
कार्यकारी निदेशक	:	**श्री ए. के.तिवारी** **निदेशक(तकनीकी/प्रचालन)**
		श्री जे.पी.सिंह **निदेशक(तक./यो.एवं परियो.)**
		श्री पी.सी.पाणिग्राही **निदेशक (कार्मिक)**
		श्री के.के.परिडा **निदेशक (वित्त)**
अंशकालीन सरकारी निदेशक	:	**श्री जसमीत सिंह बिंद्रा** **निदेशक, कोयला मंत्रालय** **नई दिल्ली**
		श्री बी.के.सक्सेना **निदेशक(विपणन),** **सीआईएल,कोलकाता**
कंपनी सचिव	:	**श्री ए. के. सिंह**

वर्ष 2014-15 के दौरान प्रबंधन

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक	:	श्री ए .एन .सहाय
कार्यकारी निदेशक	:	श्री ए. के.तिवारी निदेशक(तकनीकी/प्रचालन)
		श्री जे.पी.सिंह निदेशक(तक./यो.एवं परियो.)
		श्री पी.सी.पाणिग्राही निदेशक (कार्मिक)
		श्री के.के.परिडा निदेशक (वित्त)
अंशकालीन सरकारी निदेशक	:	श्री एस.के. सिंह संयुक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली
		श्री बी.के.सक्सेना निदेशक(विपणन), सीआईएल,कोलकाता
कंपनी सचिव	:	श्री ए. के. सिंह

बैंकर्स

भारतीय स्टेट बैंक,
यूको बैंक,
कैनरा बैंक,
पंजाब नेशनल बैंक,
युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया,
इंडियन ओवरसीज बैंक,
युनियन बैंक ऑफ इंडिया,
बैंक ऑफ इंडिया,
आईसीआईसीआई बैंक,
आंध्रा बैंक,
बैंक ऑफ बड़ौदा,
एक्सीस बैंक,
आईडीबीआई बैंक,
एचडीएफसी बैंक,
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया,
ओरियेंटल बैंक ऑफ कॉमर्स,
ईलाहाबाद बैंक,
सिंडीकेट बैंक,
कार्पोरेशन बैंक,
बैंक ऑफ महाराष्ट्र

सांविधिक लेखा परीक्षक

मेसर्स पाम्स एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार,कटक

शाखा लेखा परीक्षक

मेसर्स एससीएम एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार, भुवनेश्वर

लागत लेखा परीक्षक

मेसर्स निरान एंड कंपनी
लागत लेखाकार, भुवनेश्वर

शाखा लागत लेखा परीक्षक

मेसर्स मणि एंड कंपनी
लागत लेखाकार ,भुवनेश्वर

पंजीकृत कार्यालय

मो/.पो-.जागृति विहार,बुर्ला
संबलपुर- 768020 (ओड़िशा)
Website : www.mcl.gov.in

पत्रांक.सं. एमसीएल/एसबीपी/सीएस/एजीएम-23-आर/ 2015 /8720 दिनांक : 04.07.2015.

सूचना

23वीं वार्षिक आम बैठक

सूचना दी जाती है कि महानदी कोलफील्डस लिमिटेड की 23वीं सामान्य बैठक जो मूलतः 24 जून 2015 बुधवार को प्रातः 11.00 बजे आयोजित होनी थी स्थगित कर दी गई, उसे पुन: 07 जुलाई 2015, बुधवार को अपराह्न 04.00 बजे आयोजित करना निश्चित किया गया था, जो पुनः 08 जुलाई 2015 को प्रातः 10.30 बजे इसके पंजीकृत कार्यालय मो/.पोस्ट :जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर 768020- को निम्नलिखित कार्यों के उद्देश्यों के लिए आयोजित किया जाना पुनः निश्चित किया गया है।

सामान्य कार्य:

1.स्वीकार एवं पालन करने हेतु :

क. 31 मार्च,2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणी जिसमें 31 मार्च,2015 का लेखा परीक्षित तुलनपत्र और उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लिए लाभ-हानि विवरणी और निदेशक मंडल वैधानिक परीक्षक तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार का रिपोर्ट शामिल है।

ख. 31 मार्च,2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की समेकित लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणी जिसमें 31 मार्च,2015 को लेखा परीक्षित तुलनपत्र और उसी तारीख को समाप्त वर्ष के लिए लाभ-हानि विवरणी और निदेशक मंडल वैधानिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट।

2.वित्तीय वर्ष 2014-15 को भुगतान की गई इक्वीटी शेयर पर अंतरिम लाभांश जो 2014-15 के लिए अंतिम लाभांश होने की पुष्टि।

3.कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 152(6) के रोटेशन टर्म के कारण सेवा निवृत्त हुए निदेशक श्री बी के सक्सेना(डीआईएन 02123135) के स्थान पर पात्र होने के कारण उन्हें पुन: निदेशक नियुक्त करना।

4.कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 152(6) के रोटेशन टर्म के कारण सेवा निवृत्त हुए निदेशक श्री ए के तिवारी(डीआईएन 02442844) के स्थान पर पात्र होने के कारण उन्हें पुन: निदेशक नियुक्त करना।

5.बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णयानुसार प्रमुख लेखा परीक्षक मेसर्स पाम्स एंड एसोसिएट्स, अधिकृत लेखाकार, भुवनेश्वर एवं शाखा लेखा परीक्षक मेसर्स एस.सी.एम.एसोसिएट्स, सनदी लेखाकार, भुवनेश्वर भारत के नियंत्रक एवं महालेखाकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए नियुक्त किया गया था, के पारिश्रमिक की स्वीकृति देना ।

" निदेशक मंडल के निर्णयानुसार कंपनी अधिनियम 2013 की धारा (1) 142 के प्रावधानों एवं अन्य लागू प्रावधानों, यदि हों तो, उसके तहत वित्तीय वर्ष 2014-15 के कंपनी के लेखा की लेखा परीक्षा के लिए प्रमुख लेखा परीक्षक मेसर्स पाम्स एंड एसोसिएट्स, अधिकृत लेखाकार, भुवनेश्वर एवं शाखा लेखा परीक्षक मेसर्स एस.सी.एम .एसोसिएट्स, सनदी लेखाकार के पारिश्रमिक, यात्रा भत्ता एवं जेबी खर्च की प्रतिपूर्ति की स्वीकृति तथा भुगतान के लिए संकल्प लिया गया। "

विशेष कारोबार:

मद संख्या-1,वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए कंपनी के लागत परीक्षकों के लिए मानदेय में सुधार।

स्वीकार करने और यदि बदलाव(बदलावों) के साथ या बिना बदलाव के पास करने के लिए सही होना माना जाता हे तो निम्न संकल्प सामान्य संकल्प है।

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 148(3) और कंपनी(लेखा परीक्षा और लेखा परीक्षकों) नियमावली,2014 और अधिनियम की अन्य प्रावधानों के तहत कंपनी,मुख्यालय और इसकी ईकाइयों - ईब कोयलांचल तथा बसुन्धरा क्षेत्र के लागत रिकार्ड की लेखा परीक्षा के लिए कुल लेखा परीक्षा फीस रु.2,12,500.00 प्रतिवर्ष,जेब खर्च रु.1,06,250.00(अधिकतम) प्रतिवर्ष और लेखा परीक्षा फीस पर लागू सेवा कर के आधार पर मेसर्स निरेन एंड कंपनी लागत लेखापाल, भुवनेश्वर को वर्ष 2015-16 के लिए कंपनी का प्रधान लागत लेखा परीक्षक नियुक्त किया जाता है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148(3) और कंपनी(लेखा परीक्षा तथा लेखा परीक्षकों) नियमावली,2014 और अधिनियम की अन्य प्रावधानों के तहत कंपनी के तालचेर कोयलांचल,क्षेत्रों के लागत रिकार्ड की लेखा परीक्षा के लिए कुल लेखा परीक्षा फीस रु.1,40,625.00 प्रतिवर्ष,जेब खर्च रु.70,312.00(अधिकतम) प्रतिवर्ष और लेखा परीक्षा फीस पर लागू सेवा- कर के आधार पर मेसर्स माउ बनर्जी एंड कंपनी, बैकुंठ अपार्टमेंट,ग्राउण्ड फ्लोर,गोपालपुर,आसनसोल-713304, जिला -वर्दवान(पश्चिम बंगाल),शाखा कार्यालय- व्ही पाणी, डॉ. ए.के. कर का निवास, पुराना बस्ती, झारसुगुड़ा,ओड़िशा-768202 को वर्ष 2015-16 के लिए कंपनी का शाखा लागत लेखा परीक्षक नियुक्त किया जाता है।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
महानदी कोलफील्डस लिमिटेड
ह/-
(ए .के .सिंह)
कंपनी सचिव

पंजीकृत कार्यालय:
जागृति विहार,बुर्ला,संबलपुर- 768020

टिप्पणी:

1.बैठक में भाग लेने तथा अपने मतदान हेतु पात्र सदस्य अपने संस्थान पर बैठक में भाग लेकर मतदान देने हेतु प्रतिनिधि नियुक्त कर सकते हैं। उस प्रतिनिधि को कंपनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है।
2.कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 101 के तहत अल्प अवधि की सूचना पर बैठक बुलाने के लिए सहमति देने का सदस्यों से अनुरोध किया जाता है।
3.कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 101(2) की आवश्यकताओं के तहत सूचना में वर्णित संकल्प से संबंधित स्पष्टीकरण विवरण को सूचना में संलग्न किया गया है।

सूचना का अनुलग्नक

कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 102(1) के तहत विश्लेषणात्मक विवरण

मद संख्या-1:

भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशन और कार्पोरेट मामलों के मंत्रालय की अधिसूचना संख्या- जीएसआर 430(ई) दिनांक 3 जून 2011, तदनुसार भारत सरकार के कार्पोरेट मामले के मंत्रालय की शाखा लागत लेखा परीक्षा के आदेश एफ सं.-52/26/सीएबी-2010 दिनांक 24 जनवरी,2011, तदनुसार कार्पोरेट मामलों के मंत्रालय की अधिसूचना संख्या- 52/26/सीएबी-2010 दिनांक 24 जनवरी,2012 द्वारा कोयला उद्योग में लागत लेखा परीक्षा अनिवार्य किए जाने के तहत।

लेखा परीक्षा समिति की अनुषंशा पर बोर्ड ने निम्नलिखित फार्मो को एमसीएल में लागत लेखा परीक्षा करने के लिए नियुक्ति हेतु अनुमोदन प्रदान किया है।

1) मेसर्स निरेन एंड कंपनी,लागत लेखापाल,भुवनेश्वर को वर्ष 2015-16 के लिए कंपनी, मुख्यालय और इसके ईकाई, ईब कोयलांचल के क्षेत्रों और बसुन्धरा क्षेत्र के लागत रिकार्ड की लेखा परीक्षा के लिए कुल लेखा परीक्षा फीस रु.2,12,500.00 प्रतिवर्ष जेब खर्च रु.1,06,250.00 (अधिकतम) प्रतिवर्ष तथा लेखा परीक्षा फीस पर लागू सेवा-कर के तहत कंपनी के लागत लेखा परीक्षक।
2) मेसर्स माउ बनर्जी एंड कंपनी, बैकुंठ अपार्टमेंट, ग्राउण्ड फ्लोर, गोपालपुर, आसनसोल-713304, जिला-बर्दवान, पश्चिम बंगाल, शाखा कार्यालय श्री बी.पाणी, डॉ. ए.के. कर का निवास, पुराना बस्ती, झारसुगुड़ा, ओड़िशा-768202 को वर्ष 2015-16 के लिए तालचेर कोयलांचल के क्षेत्रों के लागत रिकार्ड की लेखा परीक्षा के लिए कुल लेखा परीक्षा फीस रु.1,40,625.00 प्रतिवर्ष जेब खर्च रु.70,312.00 (अधिकतम) प्रतिवर्ष तथा लेखा परीक्षा फीस पर लागू सेवा-कर के तहत कंपनी के लागत लेखा परीक्षक।

कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 148(3) और कंपनी(लेखा परीक्षा और लेखा परीक्षकों), नियमावली,2014 के नियम 14 के अनुसार लेखा परीक्षा समिति की अनुषंशा और बोर्ड द्वारा अनुमोदित मानदेय का अंशधारियों द्वारा अनुसमर्थन होना चाहिए।

इसी तरह संकल्प को एमसीएल बोर्ड द्वारा अनुशंषा होने के पश्चात अंशधारियों का अनुसमर्थन के लिए प्रस्तुत किया जाता है।

कोई भी निदेशक,प्रमुख प्रबंधन कार्मिक या उनके रिश्तेदार का हित या चिंता इस संकल्प से जुड़ा नहीं है।

अध्यक्ष का वक्तव्य

मित्रों,

ए . एन. सहाय

मुझे महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड की 23वीं वार्षिक आम बैठक में आप का स्वागत करते हुए अपार हर्ष हो रहा है। निदेशकों की रिपोर्ट, सांविधिक लेखा परीक्षक की रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की समीक्षा और रिपोर्ट के साथ संयुक्त वर्ष 2014-15 के अंकेक्षित खाते पहले से ही आपको वितरित किए जा चुके हैं। आपकी अनुमति से, मैं यह मान लेना चाहता हूँ कि आपने उन्हें पढ़ लिया है।

एक प्रकार से यह बैठक नई सदी में एमसीएल के प्रवेश का सूचक है । विश्व में ऊर्जा के प्रमुख आपूर्तिकर्ता बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ती कंपनी का भविष्य और अधिक शानदार,परिपूर्ण व लाभप्रद होगा । साथ ही साथ, यह एक अनुकरणीय भारतीय उद्यम और कोल इंडिया लिमिटेड की अग्रणी कंपनी के रूप में उभर रहा है। आपका निरंतर विश्वास, सहयोग और सद्भावना हमारे लिए हमेशा अमूल्य रहा है और हमारे प्रगति के मार्ग में प्रेरित करता रहेगा ।

कोयला वैश्विक प्राथमिक ऊर्जा आवश्यकताओं का 30% के आसपास पूर्ति करता है और दुनियां की बिजली का 40% उत्पन्न करता है। यह वर्तमान में प्राथमिक ऊर्जा की दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है और उम्मीद है कि यह आगामी कुछ वर्षों में विश्व के प्राथमिक ऊर्जा के सबसे बड़े श्रोत, तेल का स्थान ले लेगा ।
भारतीय संदर्भ में, कोयला 21वीं सदी में भी ऊर्जा के मामले में अग्रणी रहता आ रहा है तथा भारत के कुल प्राथमिक ऊर्जा उत्पादन में 55% से अधिक का योगदान देता है । भविष्य में देश की आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए कोयला उत्पादन में वृद्धि लाने की भारी जिम्मेवारी है । आपकी कंपनी कोल इडिया लिमिटेड की बढ़ती हुई अनुषंगियों में से एक है तथा हमारी उम्मीद है कि व्यवसाय संचालन, कोयला उत्पादन, उत्पादकता, प्रेषण, प्रतिभा प्रबंधन, सामुदायिक विकास आदि में यह अग्रणी हो जाएगी । समाज के विकास के समन्वयन में अपना विकास करना हमारा कार्पोरेट उद्देश्य है । हमारे प्रयासों को अच्छी तरह से पहचाना गया है और आपकी कंपनी को कई सराहनीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं । हम राष्ट्र के विकास में भारत को ऊर्जा कुशल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं ।

2014-15 में एमसीएल के कार्यनिष्पादन का अवलोकन:

आपकी कंपनी का भव्य वित्तीय परिणाम रहना जारी है । वर्ष 2014-15 में एमसीएल ने उल्लेखनीय कार्यनिष्पादन किया । यह तथ्य कि आपकी कंपनी ने हाल के अतीत में विकास की बहुत मजबूत गति हासिल कर ली है, इस अवसर को बहुत खास बना देता है। कंपनी ने 121.38 लाख टन कोयला उत्पादन का रिकार्ड बनाया है और पिछले वर्ष की तुलना में 9.90% की वृद्धि दर्ज की है। इस अवधि के दौरान एमसीएल से 123.001 मि.टन कोयला उठाव किया गया, जो पिछले साल की तुलना में 7.57% की वृद्धि है।

चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद के समग्र विकास ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर अनुकूल प्रभाव डाला है। आपकी कंपनी ने भी उल्लेखनीय बेहतर निष्पादन किया है । आपकी कंपनी ने समीक्षाधीन वर्ष में रू.14,989.05 करोड़ रुपए का सकल विक्रय करते हुए कर पश्चात् रू 3,554.10 करोड़ का लाभ अर्जित किया है। आपकी कंपनी ने इस वर्ष के लिए रू.1,000.00 प्रति शेयर के अंकित मूल्य पर प्रति इक्विटी शेयर रू..20,610.52 के लाभांश की सिफारिश की है जो कि पिछले वर्ष रू. 32,098.35 प्रति शेयर था । लाभांश रूप में कुल रू.4,595.96 करोड़ निसृत

हुए जिसमें सीआईएल को रू. 3,841.82 करोड़ के लाभांश का भुगतान एवं लाभांश पर कर के रूप में रू. 744.14 करोड़ का भुगतान शामिल है ।

1. परियोजना प्रोफाइल

एमसीएल में 53 स्वीकृत खनन परियोजनाएं हैं व 05 भूमिगत खान मौजूद हैं । 12514.27 करोड़ रुपये के स्वीकृत पूंजी परिव्यय के साथ इन स्वीकृत परियोजनाओं की क्षमता 261.32 एमटीवाई (अधिकतम उत्पादन क्षमता 305.57 एमटीवाई) है, जिनमें से 34 परियोजनाओं को 2823.78 करोड़ रुपए के स्वीकृत पूंजी परिव्यय और 99.989 एमटीवाई की क्षमता के साथ पूरा किया गया है। पूरी की गई 34 परियोजनाओं में से, 2 (बालंडा ओसीपी और बसुंधरा पूर्व ओसीपी) समाप्त हो चुकी है। 9690.49 करोड़ रुपये के पूंजी परिव्यय के साथ 161.331 एमटीवाई की अंतिम क्षमता की 19 परियोजनाएं चल रही हैं।

एक अग्रदृष्टि वाली (आगे देखने वाली) कंपनी के रूप में, एमसीएल का मानना है कि इसे सीएचपी/साईलो , आरएलएस, कंक्रीट परिवहन सड़क और रेलवे साइडिंग आदि की स्थापना कर अपनी बुनियादी संरचना के आधार को मजबूत करने की जरूरत है।

विविधीकरण

अधिकतम कोर क्षमताओं का उपयोग करते हुए और मूल सुविधा लाभ हेतु व्यापार संचालन के विस्तार के द्वारा विकास के अवसरों को बढ़ाने के लिए विविधीकरण आपकी कंपनी की रणनीति रही है, जो हमारे संगठन व लोगों में हमारे हितधारकों के प्रति अहमियत पैदा करने व मूल्य सृजन के हमारे निरंतर पथ में विविध अवसरों के दोहन की क्षमताओं व दक्षताओं के संस्थायन में मदद करता है ।

बसुंधरा, सुंदरगढ़ में कोयले के भंडार के लाभकारी उपयोग की दिशा में, आपकी कंपनी ने सुपर क्रिटिकल तकनीक के साथ 1600 (2x800) मेगावाट के कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांट की परिकल्पना की है। इस उद्देश्य के लिए गठित महानदी बेसिन पावर लिमिटेड (एमबीपीएल) ने बिजली संयंत्र की स्थापना की दिशा में कई मुकाम हासिल किए हैं। ईआईए अध्ययन पूरा हो चुका है और एमओसी द्वारा सिद्धांत के रूप में कोयला लिंकेज स्वीकार किया गया है। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने पहले ही बिजली परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) को मंजूरी दे दी है। परियोजना के लिए जल आवंटन के लिए ओडिशा सरकार के जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) से संपर्क किया गया था। डब्ल्यूआरडी आवंटन के पहले चरण में, प्रस्तावित परियोजना के लिए 25 क्यूसेक जल उपलब्ध कराने के लिए सहमत हो गया है और शेष 25 क्यूसेक जल का आवंटन डब्ल्यूआरडी के विचाराधीन है। ईएमपी का प्रस्ताव सुनवाई और मंजूरी के लिए पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया है। परियोजना का अंतिम डीपीआर सीआईएल बोर्ड अनुमोदित कर दिया गया है और सीआईएल बोर्ड और 70:30 के ऋण इक्विटी भागीदारी के साथ वित्त पोषण के प्रस्ताव पर तत्परता से विचार किया जा रहा है। बूढ़ीपदर से वसुंधरा क्षेत्र के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित 220 किलोवाट विद्युत ट्रांसमीशन लाइन 2012-13 के दौरान चालू हो गई है, जिसने क्षेत्र को बिजली संकट से राहत दिलाई है। अब, वसुंधरा क्षेत्र में गर्जनबहल उप-स्टेशन से बिजली की अबाधित आपूर्ति हो रही है।

आपकी कंपनी ने ओड़िशा के राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ अधिशेष कोष के बेहतर उपयोग के लिए ओड़िशा राज्य में विद्युत ट्रांसमीशन कारोबार में कदम रखा है। तदनुसार, ओड़िशा पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के साथ, नीलांचल पावर ट्रांसमिशन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (एनपीटीसीपीएल) नामक एक संयुक्त उद्यम कंपनी का गठन किया गया है।

राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए रेल द्वारा कोयले की निरंतर आपूर्ति हेतु आवश्यक आधारिक संरचनाओं के विकास के लक्ष्य के साथ आपकी कंपनी भारतीय रेलवे और ओड़िशा सरकार के साथ संयुक्त उपक्रम/एसपीवी के गठन की प्रक्रिया में है। एमसीएल (सीआईएल/एमओसी के प्रतिनिधि), इडको(ओड़िशा सरकार के प्रतिनिधि) तथा आईआरसीओएन (भारतीय रेलवे के प्रतिनिधि) के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हो चुका है ।

अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति चिह्नित करने के लिए आपकी कंपनी 2014-15 की पहली तिमाही में आनंद विहार, बुर्ला, संबलपुर में 2 मेगावाट फोटोवोल्टिक सौर ऊर्जा संयंत्र सफलता पूर्वक स्थापित करचुकी है।

4. मूल्य आधार प्रबंधन

व्यापार संचालन में वृद्धि लाने हेतु मौजूदा संचालन प्रकियाओं के निरंतर उन्नयन के प्रति हम सचेत है। प्रक्रिया नवाचार और नई पहल किसी भी संगठन की सफलता के लिए उसके सबसे महत्वपूर्ण कारक हैं। एमसीएल में हमने कोयले के उत्पादन से प्रेषण तक के लिए व्यावसायिक प्रक्रियाओं में कई बदलाव किए हैं। एमसीएल संस्था निर्माण में अग्रणी है और जब सरफेस माइनर तैनाती या खरीद या अन्य ठेके के लिए टेंडर के ई-मोड की बात आती है तब यह कोल इंडिया की अन्य सहायक कंपनियों में विशेष दिखाई देती है। आपकी कंपनी असफल बोलीदाताओं /आपूर्तिकर्ताओं को बयाना राशि की ऑनलाइन स्वचालित वापसी शुरू करने वाली भारत की पहली कंपनी है। इस तथ्य को स्वीकार करते हुए कि बयाना राशि (ईएमडी) की वापसी में देरी, आपूर्तिकर्ता/निविदादातओं के मनोबल को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर रही थी 2013 के अक्टूबर के महीने में एक प्रणाली संचालित धन वापसी तंत्र आरंभ किया गया है। आपूर्तिकर्ताओं/ बोलीदाताओं को एक बार असफल घोषित किए जाने के बाद इस तंत्र द्वारा आपूर्तिकर्ताओं/ बोलीदाताओं को 10.58 करोड़ रुपए की (15 अक्टूबर 2013 से 31 मार्च 2015 तक) बयाना राशि स्वचालित रूप से वापस कर दी गई है।

कोल इंडिया में पहली बार, एमसीएल द्वारा कोयला वाशरी स्थापित करने की निविदाओं की मूल्यांकन प्रकिया में तेजी लाने तथा निम्नतम बोलीकर्ता कि निर्धारण में मानवीय हस्तक्षेप की कमी लाते हुए पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता हेतु ई-टेंडरिंग आरंभ किया गया ।

एमसीएल की तीन खुली खान परियोजनाओं,नामश: बलराम, लिंगराज व भरतपुर में स्थापित स्वतंत्र संचालक ट्रक डिस्पैच प्रणाली (ओआईटीडीएस) सफलतापूर्वक कार्यरत हैं तथा एमसीएल मुख्यालय के साथ सभी कार्यालयों को संयोजित करने हेतु एमपीएलएस/व्हीएसएटी आधारित सेकंडरी डाटा कम्यूनिकेशन नेटवर्क स्थापित किया जा रहा है । रेल व रोड (अचल व गतिमान) वे-ब्रिजों को रेडियो लिंक से संयोजित किया गया है। कोयला परिवहन में नियोजित 1800 ट्रकों/टिपरों में जीपीएस आधारित व्हीटीएस (वेहिकल ट्रेकिंग सिस्टम) लगाए गए है । वास्तविक समय में संबंधित जानकारियां केन्द्रीय सर्वर में एकत्रित की जाती है । भू-बाड़ पार करने वाले वाहनों पर नजर रखने हेतु हेतु रास्तों सहित खान सीमा में भू-बाड़ लगाए गए है । 22 रेलवे साइडिंग में विडीयो निगरानी कैमरा लगाए गए है । अचल व गतिमान रोड वे ब्रिजों में पूर्ण निगरानी व नियंत्रण हेतु आईपी कैमरे लगाए गए हैं । डीजल चोरी रोकने के लिए ईंधन प्रबंधन प्रणाली आरंभ की गई है । कंपनी के वेबसाइट में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की सुविधा शुरू की गई है ।

इसके साथ ही, आपकी कंपनी की परिचालन उत्कृष्टता बढ़ाने के लिए उन्नत तकनीकों को अपनाया जा रहा है ।

4.1 उत्पाद और सेवा की गुणवत्ता

एमसीएल ने अपनी पूरी मूल्य श्रृंखला में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किया है ताकि हर कीमत पर अपने ग्राहकों की संतुष्टि को बनाए रखा जा सके। खनन के परम्परागत तरीके को रणनीतिक रूप से नई प्रौद्योगिकियों के द्वारा प्रतिस्थापित किया जा रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा लिए गए निर्णय के

अनुसार, उच्च राख कोयले की किफायती धुलाई के आधार को बनाए रखने के लिए, वाशरीज (शोधनागारों) की स्थापना, प्रचालन और रख-रखाव के लिए एमसीएल ने गठन-प्रचालन और रखरखाव (बीओएम) के आधार पर 10.0 एमटीवाई प्रत्येक की 4 वाशरियों (शोधनागारों) यानी हिंगुलावाशरी, वसुंधरावाशरी, जगन्नाथवाशरी और लखनपुर में ईब वैली वाशरी स्थापित करने का प्रस्ताव किया है। यह हमें अपने सम्मानीय उपभोक्ताओं को उनकी आवश्यकता के अनुसार गुणवत्ता युक्त कोयले की आपूर्ति करने में सक्षम करेगा। यह हमें अपने सम्मानीय उपभोक्ताओं को उनकी आवश्यकता के अनुसार गुणवत्ता युक्त कोयले की आपूर्ति करने में सक्षम करेगा। सीएचपीज के माध्यम से कोयले की संभाल और ढुलाई में प्रणालीगत परिवर्तन प्रत्याशित है और साइलो रैकों में (-) 100मिमी कोयले के उचित मात्रा में तेज गति से लदान को सुनिश्चित करेंगे। कोयले के नमूनाकरण और जीसीवी निर्धारण के लिए 18 ऑटो बम कैलोरीमीटरों की खरीद के साथ बुनियादी सुविधाओं को उन्नत किया गया है।उपभोक्ताओं की अधिकतम संतुष्टि सुनिश्चित करने तथा कोयला प्रेषण गुणवत्ता की शिकायतों में कमी लाने के लिए लदान स्थल में उपभोक्ता द्वारा चयनित सैंपलर द्वारा स्वतंत्र तृतीय पार्टी सैंपलिंग आरंभ की गई है । तदानुसार 10 पावर हाउसों ने लदान स्थल पर अपने तृतीय पार्टी एजेंसी नियुक्त किया है । शत प्रतिशत कोयला प्रेषण मापन हेतु सभी साइडिंग में प्रिंट आउट सुविधा सहित इलेक्ट्रॉनिक वे-ब्रिज मौजूद हैं ।

वर्ष 2012-13 में, आपकी कंपनी की व्यापक एकीकृत प्रबंधन प्रणाली (आईएमएस) को 9001:2008 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, आईएसओ 14001:2004 पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली और ओएचएसएएस 18001:2007 व्यावसायिक स्वास्थ्य प्रबंधन प्रणाली से मान्यता प्राप्त हुई है, जो सभी प्रचलित अंतरराष्ट्रीय मानकों की पुष्टि करती है। ये पद्धतियां प्रचलन में हैं और उत्कृष्टता की दिशा में योगदान कर रही हैं।

4.2 सुरक्षा – सेफ़्टी

कंपनी की मुख्य क्षमताओं में से एक है 'सुरक्षित खनन', जिसे सुरक्षित तरीके और तकनीक के निरंतर व्यवहार के माध्यम से प्राप्त किया गया है । 'शून्य दुर्घटना' लक्ष्य के साथ, आपकी कंपनी यह सुनिश्चित करने के लिए कि 'शून्य दुर्घटना' लक्ष्य को सर्वश्रेष्ठ तरीके से हासिल किया जा सके, तैयारी करती है, योजना बनाती है और नियमित आधार पर अपने को सुसज्जित करती है तथा यह कर्मचारियों के अधिक उत्पादक बनने के लिए प्रेरक बल हो जाता है। वित्तीय वर्ष. 2014-15 के दौरान, घातक दुर्घटना का केवल एक मामला सूचित किया गया है।'शून्य दुर्घटना' को प्राप्त करने के लिए कंपनी की ओर से किए जाने वाले गंभीर प्रयासों को दुर्घटनाओं में तेजी से आई कमी के लिए जिम्मेदार माना जा सकता है। इस दिशा में हमारे प्रयासों में अन्य बातों के साथ समुचित सुरक्षा उपकरण, प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं विकास उपलब्ध कराना और सुरक्षा से संबंधित अनुपालन की सख्त निगरानी शामिल है। आपकी कंपनी अपने सभी कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करने के लिए कठिन प्रयासरत है और किसी भी खनन कार्य में सुरक्षा मानकों के साथ कभी समझौता नहीं करती।

इसके अलावा, खनन कार्य के दौरान किसी भी अप्रत्याशित घटना पर काबू पाने के लिए, आपकी कंपनी ने अपने सभी बचाव स्टेशनों को पूरी तरह से सुसज्जित किया है और पर्याप्त प्रशिक्षित बचाव कर्मी तैनात किए गए हैं। आपकी कंपनी का दृढ़ विश्वास है कि सुरक्षा और उत्पादकता को अलग नहीं किया जा सकता और यह कार्य स्थल पर उत्पादन और सुरक्षा के बीच एक अच्छा संतुलन कायम करने की कोशिश करती है। कंपनी के शून्य क्षति के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए आपकी कंपनी ने सभी कर्मचारियों को सुरक्षित वातावतरण प्रदान करने हेतु अनेकों उपाय किए हैं ।

4.3 निगमित प्रशासन

रिपोर्ट के अधीन वर्ष निगमित प्रशासन के संबंध में एक और उत्कृष्ट वर्ष रहा। डीपीई दिशा निर्देशों के कार्यान्वयन को पिछले वर्ष की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक व्यापक रूप से प्रसारित और गहराई से निहित किया गया है। बोर्ड की सभी उपसमितियाँ जिन्हें विशिष्ट भूमिकाएं आवंटित की गई हैं, अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ

प्रदर्शन कर रही हैं और बोर्ड को आवश्यक समर्थन प्रदान कर रही हैं। तेजी से निर्णय लेने, लेखापरीक्षा और रिपोर्टिंग प्रणाली की स्थापना से बोर्ड की प्रभावशीलता में उल्लेखनीय बदलाव आया है। आपका बोर्ड कंपनी की दीर्घकालिक स्थिरता की दिशा में ध्यान केंद्रित कर रहा है और इसके लिए अधिकतम संभव सीमा तक नैतिक और जिम्मेदार नेतृत्व प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस विश्वास के साथ कि 'सुशासन' सफल कंपनियों की पहचान है, एमसीएल अपनी प्रणाली में कॉरपोरेट गवर्नेंस से संबंधित सर्वोत्तम प्रथाओं को शामिल करने का प्रयास करती है। बोर्ड के कामकाज में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की आवश्यकता के अनुसार सचिवीय लेखा परीक्षा आरंभ की गई है ।

4.4 दीर्घकालीन खनन

आपकी कंपनी इस क्षेत्र में एक 'ग्रीन चैंपियन" के रूप में अपनी सार्वजनिक छवि बनाने के लिए कठिन प्रयास कर रही है। "केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी और संधारणीयता" पर जारी सितंबर,2011 की डीपीई दिशानिर्देश व तत्पश्चात अप्रेल,2013 को किए गए संशोधन के अनुसार वर्ष 2011-12 से एमसीएल संधारणीयता प्रतिवेदन प्रकाशित करता आ रहा है । जीआरआई 3.1 दिशा निर्देशों और जीआरआई के खनन और धातु क्षेत्र के पूरकों (एमएमएसएस) के अनुसार उच्च अनुप्रयोग स्तर 'ए' के अनुरूप एमसीएल 'अनअर्थिंग स्माइल्स' शीर्षक से तृतीय संधारणीयता प्रतिवेदन प्रकाशित कर रहा है । यह प्रतिवदेन 84 मापदंडों (सामाजिक, पर्यावरण, अर्थशास्त्र, मानव अधिकार, श्रम, समाज आदि पर) तथा कुछ क्षेत्र विशेष पूरकों के संबंध में अपने हितधारकों के प्रति एमसीएल की रणनीतिक प्रतिबद्धता व आर्थिक प्रगति के पथ पर पर्यावरणीय मुद्दों तथा सामाजिक उत्तरदायिताओं के प्रति इच्छाक्ति का स्पष्ट परिलक्षण कराता है।

जमीनी स्तर के तीन पक्ष (लोग, पृथ्वी, लाभ) पर वैश्विक दिग्गजों के बीच एमसीएल अब स्वयं का बेंचमार्क स्थापित करने में समर्थ है ।

4.5 आर एंड आर

आपकी कंपनी ने प्रभावित ग्रामीणों के पुनर्वास और पुनर्स्थापन द्वारा खनन गतिविधियों के विस्तार के लिए भूमि का अधिग्रहण करती है । वर्ष 2014-15 के दौरान एमसीएल ने 314.035 हेक्टेयर भूमि का भौतिक अधिग्रहण किया है । आपकी कंपनी अपनी परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए परियोजनाओं की वजह से प्रभावित/विस्थापित परिवारों की पर्याप्त क्षतिपूर्ति करने के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए काफी प्रयास कर रही है और साथ ही सामाजिक विकास के साथ आर्थिक प्रगति के लिए भी प्रतिबद्ध है, जो इसकी आर एंड आर नीति में परिलक्षित होता है। आपकी कंपनी ओड़िशा राज्य की आर एवं आर नीति का पालन करती है और 2014-15 के दौरान 411 लोगों को रोजगार प्रदान किया गया है तथा इसकी स्थापना के बाद से कुल 11856 लोगों को रोजगार दिया गया है। भू विस्थापितों की शिकायतों के निवारण के लिए एमसीएल आरपीडीएसी के परामर्श पर कार्य करती है ।

प्रभावित परिवारों को बकाया प्राप्त करने तथा उनके उपयुक्त पुनर्वसन सुनिश्चित करने में आपकी कंपनी ओड़िशा आरएंडआर नीति से परे भी गई है । उन प्रभावित परिवारों, जो विभिन्न कारणों से रोजगार प्राप्त करने के हालत में नहीं है, की सहायता हेतु अनेकों उपाय यथा, वृत्ति योजना, एकमुश्त नकद क्षतिपूर्ति योजना तथा अन्य प्रोत्साहन योजनाएं एमसीएल बोर्ड द्वारा स्वीकृत की गई है । एमसीएल द्वारा भू-विस्थापितों को ओड़िशा आरएंडआर नीति की तुलना में काफी अधिक नकद क्षतिपूर्ति भुगतान की जाती है । नकद प्रोत्साहन, बुनियादी सुविधाएं तथा रोजगार के एवज में 1,000.00 प्रति द्विवार्षिकी संवृद्धि सहित 12,000.00 प्रतिमाह की वृत्ति योजना, एमसीएल द्वारा प्रदान किए जाने वाले की आरएंडआर लाभ की अनूठी विशेषताएं हैं ।

भू विस्थापितों के लाभ के लिए पक्की सड़कों, स्ट्रीट लाइट, स्वास्थ्य केंद्र, डाकघर, दैनिक बाजारों, स्कूलों, सामुदायिक केंद्रों, पूजा स्थलों, आदि के साथ पुनर्वास बस्तियां स्थापित की गई हैं। एमसीएल सभी परिधीय

ग्रामीणों को प्रति रोगी 2.00 रुपए के नाममात्र शुल्क पर अपने मौजूदा अस्पतालों/डिस्पेंसरियों में ओपीडी की सुविधा प्रदान करता है।

4.6 प्रशिक्षण और विकास

भविष्य की प्रौद्योगिकी प्रगति पर स्पष्ट दृष्टिकोण रखते हुए उत्पादन के अनुरूप प्रौद्योगिकीय आवश्यकता पूर्ति में श्रमशक्ति की वृद्धि से निपटने हेतु मौजूदा मानव संसाधन के उन्नति के लिए प्रशिक्षण व विकास हमारी कंपनी की निगमित नीति का एक अभिन्न अंग है ।

कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 11.03 करोड़ की राशि व्यय की गई है । अधिकारियों, कर्मचारियों और पर्यवेक्षीय कर्मचारियों की कुल प्रशिक्षण दिवसों के क्रमश: 2664, 21560 व 2160 के लक्ष्य के मुकाबले क्रमश: 7156, 32780 व 4135 प्राप्त किया गया है ।लक्ष्य की तुलना में एट्रीशन छोड़ने की दर काफी कम हुई है ।

संस्था में लाभकारी नियोजन के लिए भूमि विस्थापितों में अपेक्षित तकनीकी कौशल विकसित करने के लिए प्रशिक्षण हेतु आपकी कंपनी ने ओड़िशा के कुछ तकनीकी संस्थानों में व्यवस्था की है ।

कोयला क्षेत्र में बढ़ती और उभरते विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने हेतु अधिकारियों की संख्या में बढ़ोत्तरी करने के लिए आपकी कंपनी ने एक बड़ी पहल की है । राजधानी भुवनेश्वर मे आपकी कंपनी द्वारा पूर्णत: प्रवर्तित व 138 की अनुमानित लागत द्वारा वित्त पोषित एमसीएल इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरल रिसोर्सेस एंड एनर्जी मैनेजमेंट (मिनरेम) एक विश्वस्तरीय संस्था के रूप में उभर रहा है । इस संस्था का उद्देश्य संस्था के उभरते नेतृत्व कर्ताओं के चित्त में वास्तविक मूल्यों का स्थापन करना, उन्हें उत्सुक व खुली विचारों का बनाए रखना, प्रतियोगी झंझावातों के बीच कंपनी को सही मार्ग पर चलाने हेतु मार्गदर्शन हेतु प्रशस्तीकरण करना है । यह संस्थान वर्ष 2015-16 में चालू होने की उम्मीद है ।

4.7 सीएसआर

राष्ट्र के विकास के लिए समुदाय का विकास काफी महत्वपूर्ण है । समाज के विकास के लिए आपकी कंपनी ने हमेशा उल्लेखनीय कार्य किए हैं । बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने की मुख्य दृष्टि सहित लोक प्ररति में उत्थान हेतु एमसीएल ने सीएसआर में काफी निवेश किया है ।

अपनी स्थापना से ही कंपनी ने जलापूर्ति योजना, सार्वजनिक उपयोग की सड़कों के निर्माण/मरम्मत, सामुदायिक केन्द्रों के निर्माण, बांध आदि विभिन्न कार्यो में वित्तीय सहयोग, तथा बुनियादी ढांचे के विकास, बालिकाओं की शिक्षा द्वारा सामाजिक सशक्तिकरण, कमजोर वर्ग को प्रशिक्षण में शामिल कर तथा रोजगार-हीन युवा/परियोजना प्रभावित लोगों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर, निरोधक स्वास्थ्य कार्यक्रम, ग्राम स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम तथा नियमित आधार पर चलित चिकित्सा वैन द्वारा आसपास के ग्रामों में चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का काम किया है ।

एक कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, आपकी कंपनी, अपने कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारियों से पूरी तरह अवगत है और 'समावेशी विकास' के राष्ट्रीय एजेंडे के समन्वयन में कॉर्पोरेट के आदर्श वाक्य 'परिवेश के साथ बढ़ने' की पुष्टि करती है। आपकी कंपनी का मानना है कि मेजबान समुदायों के साथ भरोसेमंद रिश्ता अधिक से अधिक संतुष्टि के साथ आपसी विकास की ओर ले जाता है।। हर साल बजटीय आवंटन में वृद्धि के साथ बहु-गुणित की जा रही सीएसआर गतिविधियों के विस्तार के साथ एक सामाजिक रूप से जिम्मेदार कंपनी के रूप में एमसीएल का बेहतर ट्रैक रिकार्ड एक बार फिर से अच्छी तरह प्रमाणित हो रहा है। एमसीएल, एक अच्छे कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, वर्ष 2010-11 से शुरू की गईं अपनी स्पष्ट रूप से परिभाषित सीएसआर नीति के माध्यम से समाज

के सबसे गरीब तबके के लाभार्थियों की अधिक संख्या को शामिल करने के लिए सामाजिक-आर्थिक विकास के विभिन्न कार्य आरंभ कर रही है।

एमसीएल ने सीआईएल और एमसीएल की सीएसआर नीति के अनुसार वर्ष 2014-15 के लिए सीएसआर गतिविधियों पर पिछले तीन साल के शुद्ध लाभ के 2% का औसत, 113.97 करोड़ रुपये रुपये खर्च किया है।

स्वच्छ विद्यालय अभियान के तहत 175 करोड़ निर्धारित किए गए है । इस संबंध सीआईएल से अतिरिक्त बजट के रूप में निधि की मांग की गई है ।

वित्तीय वर्ष के दौरान प्रमुख गतिविधियों निम्नानुसार हैं -

क्र..	चिन्हित सीएसआर परियोजना या गतिविधि	परियोजना स्थल	बजट राशि (लाख रू. में)	व्ययित राशि(लाख रू. में)
1	तालचेर कोलफील्ड्स के आस पास के ग्रामों में ग्रीष्म जलापूर्ति प्रबंध	अनगुल	726.92	536.53
2	गोपालप्रसाद,नरहरिपूर,गोबारा (तीन), गुरूजांग (तीन), हिलोई (दो), रकाज, जारदा, मदनमोहनपुर, दयानिधिपुर, रसूलपूर, सौभाग्यनगर, एसडीपीओ कार्यालय के निकट, तालचेर, हांडीधुआ में बोरवेल तथा बउलापुर, अनाथालय, हिंगुला में हैंडपंप	अनगुल	112.13	90.81
3	सुंदरगढ़, अनगुल, संबलपूर व झारसुगुड़ा के आसपास के ग्रामों में चिकित्सा शिविर	सुंदगरगढ, अनगुल, झारसुगुड़ा व संबलपुर	101.87	101.87
4	झारसुगुड़ा के वृंदामाल में मेंटल रिटायर्ड स्कूल के लिए बालिका छात्रावास का निर्माण । ब्रजराजनगर कॉलेज, ब्रजराजनगर की छत की टार फेल्टिंग, पाइप-लाइन की मरम्मत व अनुरक्षण व दो नग आलमारी चार नग टेबल व 30 जोड़ी डबल सीट	झारसुगुड़ा	253.36	253.36
5	नंदिरा कोलयरी के निकट सत्यबाड़ी हाई स्कूल् बड़जोरदा में प्रसाधन, साइकल-शेड तथा सांस्कृतिक मंच का निर्माण । तालचेर सीएसआर योजना के तहत बाउला चौक के विवेकानंद स्कूल से घंटापड़ा ग्राम तक रोड की मरम्मत । सत्यबाड़ी में पाइपलाइन की व्यवस्था ।	अनगुल	123.48	178.48
6	व्हीएसएसयूटी, बुर्ला, संबलपूर में महिला छात्रावास का निर्माण। शासकीय हिंदी हाई स्कूल, संबलपूर के विद्यालय भवन का जीर्णोद्धार ।	संबलपुर	208.00	163.21
7	बुर्ला, संबलपुर में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स	संबलपुर	2500.00	79.86
8	एमसीएल के सीएसआर की पहल के तहत इडको की भागीदारी में ओड़िशा में हॉकी का संवर्धन	भुवनेश्वर	600.00	600.00
9	सीएसआर के तहत आगामी 'नवकलेवर उत्सव,2015' के मद्देनजर पुरी के समुद्र तट व ग्रांड, पुरी में प्रकाश व्यवस्था के लिए सीईएसयू के पास 5,54,86,062.00 जमा करना ।	पुरी	554.86	554.86
10	पिपलीकानी पंचायत के पिपलीकानी व सरतंगपाल में तालाब का पुनरूद्धार व स्नान घाट निर्माण । लखनपुर ओसीपी के अधीनकुशरालोई पंचायत के लेछुआपड़ा ग्रम में नए तालाब का उत्खनन। सारंडमाल पंचायत के अधीन लिमतलीपड़ा में तालाब का गहरीकरण	झारसुगुड़ा	61.45	57.19
11	बलिंगा-तापरिया सड़क 2.24 कि.मी. से 24.20 कि.मी. तक का सुदृढ़ीकरण व चौड़ीकरण	सुंदरगढ़	2691.33	1446.13

12	**गर्जनजोर पंचायत के नुआडीही, कुअरकेला, लुआबहाल ग्रम में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण , केंदुडीही पंचायत के चितमुंडा ग्राम में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण, कंडधूप ग्राम में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण**	**सुंदरगढ़**	**86.42**	**74.53**
13	**बीजी क्षेत्र के सीएसआर योजना के तहत बरपाली ग्राम के सड़क के क्षतिग्रस्त भाग का कठोर कांक्रीट फर्शीकरण द्वारा सतह का पुनर्निर्माण**	**सुंदरगढ़**	**75.50**	**75.50**
14	**सुंदरगढ़ में उज्जलपुर बाईपास का निर्माण**	**सुंदरगढ़**	**1858.22**	**278.73**
15	**गोपालप्रसाद ग्राम के सिंघाराजोरा व पाटणासाही तालाबों में 01 स्नान-सीढ़ी का पुनरूद्धार व 04 स्नान-सीढ़ी का निर्माण । दानारा के तालाब में स्नान-सीढ़ी का निर्माण। सीएसआर के तहत कुकुडुला ग्राम के तालाब का पुनरूद्धार ।**	**अनगुल**	**63.29**	**56.06**
16	**जम्बूबाहाली ग्राम में पुरूणा बंध व रजा बंध में स्नान-सीढी का निर्माण । जंबूबहई ग्राम में रजाबंध की ओर पुलिया सहित नाली का निर्माण तथा बेलारगदा पीठ, डेरा में विकास कार्य ।**	**अनगुल**	**70.39**	**47.91**
17	**तालचेर नगरपालिका के सौभाग्य सागर बड़ी टंकी का पुनरूद्धार**	**अनगुल**	**322.48**	**162.81**
18	**तालचेर के वार्ड क्र.3 व 16 में मदन मोहन चौक से गोपीनाथ ग्राम की ओर सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण। 3 में बिटुमिनस रोड का सतह पुनर्निर्माण व नालियों व ह्यूम पाइप सहित क्षतिग्रस्त भाग में कांक्रीट सड़क निर्माण ।**	**अनगुल**	**1374.25**	**832.31**

5. अपेक्षा

हमें उम्मीद है कि जिस प्रकार हम अपने संसाधनों और क्षमताओं का निर्माण कर रहे हैं उससे आने वाले वर्षों में निश्चित रूप से हमें और अधिक सफलता मिलेगी और लगातार ऐसा करने के द्वारा हम राष्ट्र की उम्मीद सहित अपने असंख्य हितधारकों की उम्मीदों को पूरा कर सकते हैं।

6. आभार

मैं कंपनी के सभी शेयरधारकों, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, कोल इंडिया लिमिटेड, केन्द्रीय सरकार के विभिन्न अधिकारियों, राज्य सरकार के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, स्थानीय निकायों, सभी कर्मचारियों और उनकी यूनियनों, हमारे मूल्यवान ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और मीडिया द्वारा समय पर समर्थन और सहयोग के लिए उनके प्रति अपना हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करता हूँ।

ह/-
(ए. एन.सहाय)
अध्यक्ष- सह- प्रबंध निदेशक

स्थान- संबलपुर
दिनांकः 12.06.2015

निदेशकों की रिपोर्ट

सेवा में
शेयरधारोकों ,
महानदी कोलफील्डस लिमिटेड,

प्रिय शेयरधारकों,

मुझे निदेशक मंडल की तरफ से आपकी कंपनी की 22वीं वार्षिक रिपोर्ट के साथ दिनांक 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षित लेखों के साथ सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट एवं भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां प्रस्तुत करते हुए काफी हर्ष का अनुभव हो रहा है।

आपकी कंपनी ने चहुंदिशा में उत्कृष्टता प्राप्त की है। उत्पादकता, कोयला उत्पादन, ओबी और प्रेषण में यह वर्ष भी सफल रहा।

2. संगठन

2.1 महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड का कोयला भण्डार दो कोलफील्ड अर्थात तालचेर एवं ईब वैली में फैला हुआ है जिसमें सात छ:(6) भूमिगत एवं सोलह (16) खुली परियोजनाओं सहित दस(10) कार्यरत क्षेत्र हैं। कार्यरत क्षेत्र इस प्रकार हैं:-

क. तालचेर कोलफील्ड

i) जगन्नाथ क्षेत्र
ii) भरतपुर क्षेत्र
iii) हिंगुला क्षेत्र
iv) लिंगराज क्षेत्र
v) कनिहा क्षेत्र
vi) तालचेर क्षेत्र(यूजी)

ख. ईब कोलफील्ड

i) लखनपुर क्षेत्र
ii) ईब वैली क्षेत्र
iii) बसुंधरा-गर्जनबहाल क्षेत्र
iv) ओरिएंट क्षेत्र(यूजी)

2.2 इसके अतिरिक्त एमसीएल ने अभी हाल ही में तीन सहायक कंपनियों तथा एक संयुक्त उपक्रम की कंपनी की स्थापना की है जो इस प्रकार है:-

i) एमएनएच शक्ति लिमिटेड
ii) एमजेएसजे कोल लिमिटेड
iii) महानदी बेसिन पावर लिमिटेड (एसपीवी)
iv) नीलांचल पावर ट्रॉसमिशन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (जेवी)

3. **कार्य निष्पादन की मुख्य विशेषताएँ**

- कम्पनी ने गतवर्ष के 110.440 मि.टन पर वर्तमान में सर्वकालीन अधिकतम उत्पादन 121.38 मि.टन कोयले का उत्पादन किया है अत: इसमें 9.9% की वृद्धि दर्ज की गई है।
  गतवर्ष 114.34 मि.टन के स्थान पर वर्ष 2014-15 के दौरान 123.003 मि.टन कोयले का ऑफ-टेक हुआ है।

- आपकी कंपनी ने गतवर्ष के सकल विक्रय मूल्य रु.13165.61 करोड़ के स्थान पर वर्तमान में सर्वकालीन अधिकतम सकल विक्रय विक्रय मूल्य रु.15693.71(एसटीसी सहित) किया है जो 14.58% की वृद्धि को दर्शाता है।
- गतवर्ष में करपूर्व लाभ रु.5429.08 करोड़ के स्थान पर वर्तमान वर्ष में कर पूर्व लाभ रु.5314.24 करोड़ रहा है। गतवर्ष के कर पश्चात लाभ रु. 3624.30 करोड़ के स्थान पर आलोच्य अवधि में कर पश्चात लाभ रु.3554.10 करोड़ रहा है।
- कंपनी गत 9 वर्षों से सतत रूप से लाभांश का भुगतान कर रही है । वर्ष के दौरान रु. 3841.82 करोड़ का अतिरिक्त लाभांश को भुगतान इक्वीटी अंश पूंजी के तहत किया गया गत वर्ष के दौरान रु.5983.16 करोड़ विशेष लाभांश का भुगतान किया गया था ।

4. उत्पादन कार्य-निष्पादन :

(क) पिछले वर्ष के लक्ष्य एवं उपलब्धि की तुलना में वर्ष 2014-15 के लिए एमसीएल का उत्पादन निष्पादन निम्नानुसार है :

(आंकडे मिलियन टन में)

एमसीएल का उत्पादन	**2014-15 एएपी**		**2013-14**		**लक्ष्य की तुलना में उपलब्धि का %**	**गतवर्ष की तुलना में वृद्धि का %**
(i) **कोयला (मिलि.टन में)**	**लक्ष्य**	**वास्तविक**	**लक्ष्य**	**वास्तविक**		
खुली खदान	125.45	120.10	118.00	109.01	95.7	10.18
भूमिगत	1.55	1.28	2.00	1.43	82.3	-10.97
कुल(ओसी+यूजी)	127.00	121.38	120.00	110.44	95.6	9.90
(ii) **ओबीआर (मि.क्यू.मीटर)**	113.00	89.22	109.75	96.028	79.0	-7.09

(ख) गत पॉच वर्षों (2014-15 सहित) में एमसीएल के उत्पादन का कार्य निष्पादन नीचे दिया गया है :

(i) एमसीएल का कुल कोयला उत्पादन(ऑकड़े मिलियन टन में) :

वित्त वर्ष	लक्ष्य	उपलब्धि	गतवर्ष की तुलना में वृद्धि		लक्ष्य की तुलना में उपलब्धि का %
			समूचा	प्रतिशत	
2010-11	116.75	100.28	-3.80	-3.65	85.9
2011-12	106.0	103.12	2.84	2.83	97.3
2012-13	112.0	107.895	4.78	4.63	96.3
2013-14	120.0	110.440	2.55	2.36	92.0
2014-15	127.00	121.38	10.94	9.90	95.6

(ii) सरफेस माइनर के द्वारा कोयला उत्पादन (ऑकड़े मिलियन टन में) :

वित्त वर्ष	**उत्पादन**	**गतवर्ष की तुलना में वृद्धि**		**कुल कोयला उत्पादन में सरफेस माइनर के हिस्से का %**
		समूचा	**प्रतिशत**	
2010-11	54.92	4.39	8.7	54.8
2011-12	59.13	4.21	7.7	57.3
2012-13	73.83	14.71	24.9	68.4
2013-14	86.46	12.63	17.1	78.3
2014-15	106.82	20.35	23.5	88.0

(1) कोयला का उत्पादन लक्ष्य की तुलना में 95.6% रहा इसमें गतवर्ष की तुलना में 9.9% की वृद्धि दर्ज की गई। यह निम्नलिखित कारणों से 4.4% लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सका:-

(i) भुवनेश्वरी ओसीपी का उत्पादन मार्च,2015 में रोक दिया गया क्योंकि यह ईसी क्षमता के अधिकतम सीमा पर पहुँच गया था।

(ii) बेलपहाड़ ओसीपी का उत्पादन 16.1.15 से 4.2.15 तक रुक गया क्योंकि ईसी क्षमता समाप्त हो गयी थी।

(iii) हिंगुला क्षेत्र : आर एंड आर समस्या के चलते कार्यस्थल की कमी।

(iv) बसुंधरा क्षेत्र - कोयला निकासी समस्या - क्योंकि राज्य प्रशासन द्वारा दिन के समय कोयला प्रेषण पर रोक लगा दी गई है।

(v) बालू लीज के समापन के चलते तालचेर के पिलरिंग पैनल में अक्टूबर,2012 से बालू भरने का कार्य नहीं हो रहा है। ओरियेंट क्षेत्र में कार्यस्थल दूर होने, कार्यस्थल की कमी और कुशल जनशक्ति की कमी के चलते उत्पादन में कमी हुई।

(vi) बीजेडी पार्टी द्वारा आहार योजना के संबंध में दिनांक 30.03.2015 को बंद का आह्वान किया गया था । केंद्रीय श्रम संगठनों द्वारा दिनांक 6 एवं 7 जनवरी,2015 को श्रम- हड़ताल बुलाया गया।

फोर्स मेजर के कारण उत्पादन हानि को टेबूल के रूप में नीचे दर्शाया गया है:

परियोजना का नाम	एमओयू लक्ष्य 14-15	वास्तविक 14-15	अंतर	फार्स मेजयर के कारण क्षति	अभ्युक्तियां
भरतपुर ओसीपी	8.700	6.447	2.253	2.253	वनभूमि सौंपने में देरी। एफसी स्टेज-।। 07.02.2014 को प्राप्त हुआ।
जगन्नाथ ओसीपी	6.000	2.650	3.350	3.350	वनभूमि सौंपने में देरी । जगन्नाथ ओसीपी से उत्पादन 2011-12, 2012-13 एवं 2013-14 में 6.00 एमटी था परंतु वनभूमि देरी से सौंपने के कारण उत्पादन मात्र 2.65 एमटी रहा।
कनिहा ओसीपी	10.000	6.986	3.010	3.010	एनटीपीसी, कनिहा से एमजीआर द्वारा कम कोयला उठाना।
लिंगराज ओसीपी	13.000	11.388	1.610	1.610	
बलराम	6.000	3.700	2.300	2.300	बलराम ओसीपी में भूमि की अनुपलब्धता।
कुल्डा	6.000	4.804	1.200	1.200	01.04.2014 को कुल्डा ओसीपी का कोल स्टॉक 4.74 एमटी था। कुल्डा ओसीपी में काफी कोल स्टॉक होने के कारण और अधिक कोयला उत्पादन नही किया जा सका।
कुल	49.7	35.975	13.723	13.723	

वर्ष 2014-15 के दौरान कोयले का कुल उत्पादन 121.38 एमटी रहा।

फोर्स मेजर के चलते उत्पादन में कुल हानि 13.723 एमटी रहा लेकिन प्रभावी हानि 6.62 एमटी (128-121.38 एमटी) रहा क्योंकि अन्य खदानों ने ज्यादा उत्पादन किया।

फोर्स मेजर के लिए कोयला उत्पादन का लक्ष्य समंजित कर 11.38 एमटी होगा। वर्ष 2014-15 के समझौता ज्ञापन मूल्यांकन में उत्कृष्ट श्रेणी होगी।

(iii) एमसीएल में ओबी विस्थापन (ऑकड़े मिलियन घनमीटर में) :

वित्त वर्ष	लक्ष्य	उपलब्धि	गतवर्ष की तुलना में वृद्धि		लक्ष्य की तुलना में उपलब्धि का %
			समूचा	प्रतिशत	
2010-11	74.00	88.70	22.63	34.25	119.9
2011-12	100.00	85.67	-3.04	-3.42	85.7
2012-13	105.00	90.421	4.75	5.55	86.1
2013-14	109.75	96.03	5.61	6.20	87.5
2014-15	113.00	89.22	-6.81	-7.09	79.0

(2) लक्ष्य के मुकाबले 89.2% ओबी विस्थापन किया गया । यह गतवर्ष की तुलना में (-)7.09% रहा इसके निम्नलिखित मुख्य कारण हैं:

(i) समलेश्वरी ओसीपी,लजकुरा ओसीपी और जगन्नाथ ओसीपी हेतु वन क्लीयरेंश में देरी के चलते स्थान की कमी।

(ii) बीईएमएल एक्स्कावेटर्स के कार्य निष्पादन में कमी ।

(iii) हिंगुला क्षेत्र में आर एंड आर समस्या।

(iv) बीजेडी पार्टी द्वारा आहार योजना के संबंध में दिनांक 30.03.2015 को बंद का आह्वान किया गया था। केंद्रीय श्रम संगठनों द्वारा दिनांक 6 एवं 7 जनवरी,2015 को श्रम- हड़ताल बुलाया गया।

वर्ष 2014-15 के दौरान ओबी विस्थापन में फोर्स मेजर की वजह से हुई कमी का मुख्य कारण नीचे दिया जा रहा है:

(आंकड़े एमक्युएम में)

परियोजना का नाम	**एमओयू 2014-15 के अनुसार ओबी विस्थापन का लक्ष्य**	**वास्तविक ओबी विस्थापन का लक्ष्य (2014-15)**	**लक्ष्य एवं वास्तविक का अंतर (2014-15)**	**फोर्स मेजर के कारण वास्तविक कमी**	**अभ्युक्तियां**
समलेश्वरी ओसीपी	15.00	04.13	10.87	10.87	स्टेज-।। की फारेस्ट्री क्लीयरेंस में देरी।
लजकुरा ओसीपी	05.00	02.99	2.01	01.51	स्टेज-।। की फारेस्ट्री क्लीयरेंस में देरी।
जगन्नाथ ओसीपी	05.00	01.28	3.73	03.23	वनभूमि सौंपने में देरी।
भुवनेश्वरी ओसीपी	16.50	12.64	3.86	03.74	तलाशाही,नरहरिपूर एवं शहरशाही गांव के शिफ्ट नहीं करने के कारण।
हिंगुला ओसीपी	03.50	02.00	1.51	01.51	प्रोजेक्ट में भूमि की कमी।
बलराम ओसीपी	09.00	05.68	3.32	03.14	आर एंड आर समस्या।
कुल	59.00	28.72	25.29	24.00	

5. उत्पादकता:

5.1 आपकी कंपनी ने भी उत्पादकता अर्थात आउटपुट प्रति मैनशिफ्ट (ओएमएस) की निम्नानुसार उपलब्धि प्राप्त की:

(ऑकड़े टन/मैनशिफ्ट में)

उत्पादकता (टन)	2014-15		2013-14	लक्ष्य की तुलना में उपलब्धि का %	गतवर्ष की तुलना में वृद्धि का %
	लक्ष्य एएपी	वास्तविक	वास्तविक		
खुली खदान	22.16	22.11	22.16	99.77	-0.23
भुमिगत	0.78	0.77	0.84	98.72	-8.33
समग्र	16.65	17.10	16.69	102.70	2.46

5.2 वर्ष 2014-15 के दौरान प्रणाली क्षमता उपयोग 56.5 % एवं 2014-15 के दौरान ओएमएस 17.10 टन प्रति मैन शिफ्ट है।

ओएमएस की गणना का विवरण नीचे दी जा रही है:				
क्र.सं.		**2014-15**	**2013-14**	**गतवर्ष की तुलना में वृद्धि**
1	ओसी ओएमएस	22.11	22.16	-0.23
2	यूजी ओएमएस	00.77	00.84	-8.33
3	ओसी का समंजित एम/एस(लाख)	54.326	49.188	10.45
4	यूजी का मैनशीफ्ट(लाख)	16.664	16.982	-1.87
क	**सकल ओएमएस के लिए कुल मैनशीफ्ट**	**70.990**	**66.170**	**7.28**
6	ओसी –कोयला (एल.टी)	1201.033	1090.07	10.18
7	यूजी कोयला((एल.टी)	12.755	14.327	-10.97
ख	**कुल कोयला(**(एल.टी)	**1213.788**	**1104.397**	**9.91**
8	**सकल ओएमएस(बी/ए)**	**17.10**	**16.69**	**2.44**
9	फार्मूला ओएमएस			
	यूजी =	कोयला उत्पादन/ वास्तविक मैनशिफ्ट		
	ओसी =	कोयला उत्पादन+ (1.4 x ओबी उत्पादन) / वास्तविक मैनशिफ्ट x (1+(1.4x St. Ratio)		
	सकल =	यूजी का कोयला उत्पादन + ओसी का कोयला उत्पादन / यूजी का मैनशिफ्ट+ ओसी का समंजित मैनशिफ्ट		
10	समंजित मैनशिफ्ट (ओसी के लिए खदानवार) =	कोयला उत्पादन/ओएमएस		
ओएमएस का सकल गणना =		14.327+1090.07	12.755+1201.033	
		16.982+49.188	16.664+54.326	
		1104.397	1213.788	
		66.170	70.990	
		16.69	**17.10**	

6. एचईएमएम की संख्या एवं कार्य निष्पादन:

6.1 एचईएमएम की उपलब्धता एवं उपयोग हेतु सीएमपीडीआईएल द्वारा निर्धारित लक्ष्य और उपलब्ध के साथ एचईएमएम की कुल संख्या का विवरण नीचे दिया गया है:

i. % **उपलब्धता एवं उपयोगिता की उपलब्धि का प्रतिशत (ऑंकड़े पूर्णांक में):**

क्र.सं.	**उपकरण**	**संख्या**		**उपलब्धता का %**			**उपयोगिता का %**		
		31.03.15 को	31.03.14 को	अप्रैल,14 से मार्च,15 तक	अप्रैल,13 से मार्च, 14 तक	सीएमपीडीआईएल मानक	अप्रैल,14 से मार्च,15 तक	अप्रैल,13 से मार्च, 14 तक	सीएमपीडीआईएल मानक
1.	ड्रैगलाईन	4	4	85	83	85	47	41	73
2.	शॉवेल	85	87	71	71	80	34	35	58
3.	डम्पर	364	363	72	71	67	26	28	50
4.	डोजर	131	116	64	64	70	27	27	45
5.	ड्रील	94	94	86	87	78	20	23	40
कुल		**678**	**664**						

ii. कार्य घंटे की उपलब्धि :

क्र.सं.	उपकरण	कार्य घंटे	
		2014-15	**2013-14**
1	ड्रैगलाईन	14845	15762
2	शॉवेल	213702	205866
3	डम्पर	600718	634669
4	डोजर	210039	208471
5	ड्रील	76697	91773

iii. (क) ड्रेगलाइन और डम्पर की उपलब्धता बढ़ी हैं जबकि शॉवेल और डोजर की उपलब्धता गत वर्ष डब्लु.आर.टी. की तरह रहीं।

(ख) गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष शॉवेल के कार्यघंटों में 3.8% की वृद्धि हुई।

(ग) ग्रीष्मकाल में पहली अप्रैल से 15 जून तक पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक परियोजनाओं में कार्य करने से रोक लगने के कारण एचईएमएम का प्रयोग प्रभावित होता है। इससे 2% का प्रभाव पड़ता है।

(घ) ओसीपी में भूमि की उपलब्धता नहीं होने से डम्पर एवं ड्रील के उपयोग में आंशिक रुप से कमी आयी है। संचालन में कुशल कार्मिकों की कमी तथा अनुरक्षण,गर्मियों एवं मानसून अवधि के दौरान कार्यघंटों का प्रतिबंध रहा है।

iv. ***उपलब्धता तथा उपयोगिता में सुधार करने के लिए उठाए गए कदम***

क. मुख्य एचईएमएम का समय पर सर्वे ऑफ तथा ऑफ सर्वे किए गए उपकरणों के स्थान पर प्रतिस्थापित करने के लिए खरीद की कार्रवाई समय पर करना।

ख. संचालन एवं अनुरक्षण के लिए विशेष तौर पर तकनीकी कौशल को बढ़ाने हेतु नए मॉडल के उपकरणों पर ओईएम द्वारा नियमित तौर पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

ग. संचालकों के आराम के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नए एचईएमएम, जिनकी खरीद की जा रही है, को वातानुकूलित केबिन में स्थापित किया गया है। जल्दी खराब होनेवाले एचईएमएम को भी वातानुकूलित यंत्रों के साथ फिट किया जा रहा है।

घ. एचईएमएम से प्रतिदिन उत्पादन तथा उनके कार्य घंटों का मुख्यालय स्तर पर गहन निरीक्षण किया जा रहा है।

ङ. आपातकाल में प्रतिस्थापित करने के लिए सीडब्ल्यूएस में विभिन्न फ्लोट की सब-एसेम्बली जैसे इंजन, परिषण आदि का रख-रखाव।

च. मानसून अवधि से पूर्व हाल सड़कों का रख-रखाव।

छ. भूमि अधिग्रहण, कानून और सुव्यवस्था की समस्याओं पर एमसीएल प्रबंधन विभिन्न मंचों पर विचार करता है।

ज. भू-विस्थापितों जैसी अकुशल श्रमशक्ति को विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है।

v. एचईएमएम की खराबी की स्थिति :

उपकरण	संख्या		3 माह से अधिक समय तक खराबी	
	31.03.15 के अनुसार	31.03.14 के अनुसार	31.03.15 के अनुसार	31.03.14 के अनुसार
ड्रैगलाईन	4	4	0	0
शॉवेल	85	87	05	06
डम्पर	364	363	48	64
डोजर	131	116	21	20
ड्रील	94	94	07	05
एमसीएल कुल :	**678**	**664**	**81**	**95**

vi. केंद्रीय कर्मशाला में लगाये गये उपकरण :

क्षेत्र	वर्ष	
	2014-15	**2013-14**
केंद्रीय कर्मशाला(तालचेर)	0	01
केंद्रीय कर्मशाला(ईब वैली)	02	09
एमसीएल कुल :	02	10

7. क्षमता उपयोग (खुली खदान परियोजनाएं)

क्र.सं.	विवरण	वर्ष के 01 अप्रैल पर आधारित क्षमता		गत वर्ष की तुलना में वृद्धि
		2014-15	**2013-14**	
1	विभागीय क्षमता(मिलियन क्यूबिक मीटर)	100.91	94.41	6.89 %
2	पद्धति क्षमता (मिलियन क्यूबिक मीटर)	285.48	235.18	21.39 %
3	विभागीय उत्पादन(मिलियन क्यूबिक मीटर)	63.550	55.013	15.52 %
4	कुल उत्पादन (मिलियन क्यूबिक मीटर)	161.573	161.47	0.06 %
5	विभागीय क्षमता की उपयोगिता	63%	58%	5 %
6	पद्धति क्षमता की उपयोगिता	56.6 %	68.66%	-17.56 %

वर्ष 2014-15 के दौरान प्रणाली क्षमता की उपयोगिता 56.6 % रही ।

8. विद्युत :

8.1 तालचेर कोयला क्षेत्र : 31.0 एमवीए की करार मांग के साथ सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई ऑफ ओड़िशा के नियंत्रण क्षेत्र के तहत ग्रीडको के अंगुल सब-स्टेशन से एक 11 किलोमीटर लंबी 132 केवी दोहरी सर्किट ओवरहेड ट्रांसमिशन लाईन के जरिए नंदिरा के 3 X20 एमवीए, 132 / 33 केवी ग्रीड सब-स्टेशन को विद्युत प्राप्त होती है ।

8.2 ईब वैली कोयला क्षेत्र : 22.25 एमवीए की करार मांग के साथ वेस्को के नियंत्रण क्षेत्र के तहत ग्रीडकों के बुढ़ीपदर सब-स्टेशन से एक 19 किलोमीटर लंबी 132 केवी दोहरी सर्क्रिट ओवरहेड ट्रांसमिशन लाईन के जरिए जोराबगा के 3 X 20 एमवीए, 132 / 33 केवी ग्रीड सब-स्टेशन को विद्युत प्राप्त होती है।

8.3 बसुन्धरा कोयला क्षेत्र : वेस्को के साथ 5 एमवीए की करार मांग के साथ 220 केवी के जरिए बसुन्धरा क्षेत्र को बुढ़ीपदर सब–स्टेशन से विद्युत प्राप्त होती है। बसुन्धरा के 3/20 एमवीए,220/33 केवी सब–स्टेशन का एक ट्रांसफार्मर 22.11.2012 को चालू हुआ। ग्रीडको के बुढ़ीपदर सब–स्टेशन (39

कि.मी**)** से बसुन्धरा सब-स्टेशन को जोड़नेवाली 220 केवी एकल सर्किट ओवरहेड ट्रांसमिशन लाईन मेसर्स ओपीटीसीएल द्वारा जमा कार्य के आधार पर इरेक्ट तथा चार्ज की गई है।

8.4 विद्युत की उपलब्धता :

मदें	**2014-15**	**2013-14**
करार मांग(एमवीए)	59.650	59.650
सर्वाधिक मांग(एमवीए)	59.684	58.44
(वित्तीय वर्ष के दौरान एक माह में अधिकतम) ऊर्जा की खपत(मिलियन किलोवाट)	305.289	292.76
विशेष ऊर्जा खपत(किलोवाट/टन)	2.52	2.65

9. एमसीएल के बड़े भूमिगत उपकरणों की संख्या :

9.1 गतवर्ष की तुलना में चालू वर्ष में भूमिगत उपकरणों की संख्या एवं उनकी उपलब्धता इस प्रकार है:

क्र.सं.	उपकरणों के नाम	रोल में उपलब्ध सं.		2014-15		2013-2014	
		2014-15	2013-14	उपलब्धता का %	उपयोगिता का %	उपलब्धता का %	उपयोगिता का %
1	वाईन्डर	6	6	83.33	82.29	83.33	65.12
2	हॉलेज(मेन)	26	29	92.31	82.29	93.10	65.12
3	एसडीएल *	19	19	79.05	27.31	74.67	25.35
9. एमएएचएजीईएनसीओ, डब्ल्यूबीपीडीसीएल, सेल (आरएसपी, सीपीपी-I), एसपीसीएल (आरएसपी, सीपीपी-2),एपीजीईएनसीओ, टीएनईबी, एनटीपीसी (कनिज), टीटीपीएस, ओपीजीसी, नाल्को, केपीसीएल, नाल्को (डीएमजे), एनटीपीसी (सिमाद्रि) और वेदांता एल्यूमिनियम कंपनी लि., सीसा स्टलाईट एनर्जी लिमिटेड, अदानी पावर लिमिटेड, आरजीटीपीपी आदि को प्रेषित किए जा रहे कोयले के नमूने, लेने और विश्लेषण करने के लिए सभी लदान केन्द्रों पर अक्तूबर, 2013 से स्वतंत्र तृतीय पक्ष नमूना लेने वाली एजेंसी नियुक्ति की गई।

10. विभिन्न क्षेत्रों अर्थात ईब वैली, लखनपुर, ओरियंट, बासुंधरा एवं गर्जनबहाल जगन्नाथ, लिंगराज, भरतपुर, हिंगुला, तालचेर और कनिहा में कुल नौ कोयला विश्लेषण प्रयोगशालाएं हैं। इन सभी में आधुनिक उपकरण जैसे कोयले के जीसीवी के निर्धारण हेतु इलेक्ट्रो आटो बम्ब कैलोरी मीटर जैसे उपकरण मौजूद हैं।

11. ये उपकरण विभिन्न उपभोक्ताओं को भेजे गए कोयले के ग्रेड का निर्धारण दो घण्टे में कर सकते हैं। इससे कोयले भण्डारों, साइडिंग्स तथा खनन किए जा रहे कोयले की गुणवत्ता की शीघ्र मानीटरिंग करने में सहायता मिलती है।

12. इस वर्ष कोयले के उत्खनन के लिए चयनित खनन पद्धतियों को जारी रखा गया और तदनुसार लखनपुर ओसीपी, बेलपहाड़ ओसीपी, लिंगराज ओसीपी, भरतपुर ओसीपी, बलराम ओसीपी, हिंगुला ओसीपी, बसुंधरा (डब्ल्यू) ओसीपी, कुलडा ओसीपी एवं समलेश्वरी ओसीपी में सरफेस माइनरों को तैनात किया गया।

13. सरफेस माइनरों का प्रयोग करते हुए कोल सीम से बेकार पदार्थों को दूर किया जाता है जिससे कोयले की गुणवत्ता बनाए रखने में सहायता मिलती है.

14. सभी साइडिंगस पर प्रिंट आउट सुविधा के साथ इलेक्ट्रानिक रेल वे-ब्रीजिज उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त कंपनी ने 100% वे-मेंट प्राप्त करने के लिए स्टेंड बाइ वे-ब्रीजिज भी प्रदान किए हैं।

15. उपभोक्ताओं को -100 एमएम आकार का कोयला प्रदान करने के लिए उपयुक्त कदम उठाए गए हैं। इसके लिए रेल, बेल्ट एवं एमजीआर द्वारा भेजे गए कोयले को सीएचपी एवं फीडर ब्रेकर्स द्वारा तोड़ा गया।

16. गुणवत्ता के संबंध में उपभोक्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा पारदर्शिता के उद्देश्यार्थ सभी साइडिंग्स/लोडिंग केन्द्रों पर बाउण्ड पृष्ठ रजिस्टर रखा गया है, जिसमें लोडिंग के समय मौजूद उपभोक्ताओं के प्रतिनिधि गुणवत्ता/आकार एवं सुविधाओं के संबंध में अपनी टिप्पणियां/सुझाव लिखने के लिए स्वतंत्र होते हैं।

17. कुल प्रेषित किए गए 123.006 मिलियन टन कोयले में से वर्ष 2014-15 के दौरान 99.26% कोयला इलेक्ट्रानिक प्रिंट आउट की सहायता से मापा गया जबकि वर्ष 2013-14 के दौरान 114.34 मिलियन टन कोयले में से 99.37% को मापा गया था।

18. वर्ष 2014-15 के दौरान सीम, स्टॉक, साइडिंग एवं टिपर नमूनों में सख्त नमूना प्रक्रियाविधि अपनाकर वार्षिक कोलग्रेड को उपभोक्ताओं की अधिकतम संतुष्टि के रूप में घोषित किया गया है।

19. 2014-15 के लिए एमओयू मानदंड का कार्य निष्पादन नीचे दिया गया है :-

    क. वर्ष 2014-15 के दौरान विद्युत उपक्रम में सहमत नमूना के अनूसार प्रेषण 100 % रहा ।

    ख. वर्ष 2014-15 के दौरान विद्युत उपक्रमों को साइज कोल का रेल द्वारा प्रेषण 100% रहा ।

    ग. वर्ष 2014-15 के दौरान विद्युत उपक्रमों को रेल द्वारा भेजे जने वाले कोयले का इलेक्ट्रोनिक वे ब्रीज द्वारा किया जाने वाले वजन का प्रतिशत 98.87 रहा

घ. वर्ष 2014-15 के दौरान संयुक्त सहमति मैकानिज़म के तहत तीसरे पक्ष नमूना के आधार विद्युत उपयोगिता के लिए एफ़एसए आधार पर 100% प्रेषण किया गया ।

21. सुरक्षा एवं बचाव :

सुरक्षित खनन' आपकी कंपनी का मुख्य क्षमताओं में से एक है जो सुरक्षा पद्धतियों एवं तकनीकों के सतत प्रयोग के माध्यम से प्राप्त की गई है। 'शून्य दुर्घटना' लक्ष्य होने की वजह से आपकी कंपनी योजनाएं तैयार करती है तथा नियमित आधार पर अपने आपको तैयार करती है ताकि इस लक्ष्य को बेहतर ढंग से प्राप्त किया जा सके तथा यह कर्मचारियों के लिए अधिक उत्पादन हेतु प्रेरणा दायी बल बन सके।

21.1 दुर्घटना के आँकड़े

क्र.	विवरण	2014-15	2013-14
1	घातक दुर्घटनाओं की संख्या	1	1
2	घातकता की संख्या	1	1
3	गंभीर दुर्घटनाओं की संख्या	10	11
4	गंभीर चोटों की संख्या	10	11
5	घातकता की दर प्रति मिलियन टन उत्पादन प्रति तीन लाख मैनशिफ्ट	0.008 0.061	0.009 0.061
6	गंभीर चोटों की दर प्रति मिलियन टन उत्पादन प्रति तीन लाख मैनशिफ्ट	 0.082 0.605	 0.100 0.675
7	स्थानवार घातकता की दर भूमिगत खुली खान भू सतह	 -- 1 --	 -- 1 --

21.2 **एमसीएल में सुरक्षा सुधार हेतु उठाए गए कदम-**

(i) प्रत्येक कलेंडर वर्ष के प्रारंभ में ईकाइवार समझौता-ज्ञापन निर्धारित किया जाता है और पूरी कंपनी को खानों में प्रचालन, अनुरक्षण तथा कार्यकारी स्थितियों में सुरक्षा मानकों में सुधार लाया जाता है। वर्ष 2014-15 के समझौता ज्ञापन अनुसार 2013-14 की अपेक्षा प्रति मिलि.टन कोयला उत्पादन में घातकता की 11.11% तथा गंभीर चोटों की 18% कमी प्राप्त कर ली गई है।

(ii) सभी 16 खुली खदानों व 6 भूमिगत खानों के लिए सुरक्षा प्रबंधन योजना प्रस्तुत कर सीआईएल द्वारा समीक्षित कर खान में सुरक्षा मानकों को उन्नत करने के लिए कार्यान्वित किए गए हैं ।

(iii) समझौता-ज्ञापन लक्ष्यों की अधिप्राप्ति हेतु निर्बाध व कुशल निष्पादन के लिए पर्याप्त सामग्री और आर्थिक संसाधन प्रदान किए गए हैं। साक्ष्यत: रू. 961.44 लाख का पूंजीगत बजट, रू. 3833 लाख का राजस्व बजट तथा रू. 3833 लाख की विशेष सुरक्षा निधि वर्ष 2014-15 के लिए निर्धारित की गई है।

(iv) सभी कर्मचारियों को सुरक्षा साधन जैसे कि हैलमेट, सुरक्षा जूते, फ्लोरोसेंट जैकेट, ईयर मफ, चश्में, दस्ताने आदि प्रदान किए किए जाते हैं ताकि अस्वस्थ और चोट लगने वाली स्थितियों से बचाव हो सके। वर्ष 2014-15 में 30119 जोड़ी माइनिंग जूते, 6795 जोड़ी गमबूट व 6208 नग हेलमेट आबंटित किए गए है ।

(v) मानव, मशीन और खान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संख्या में सांविधिक कार्मिक नियुक्ति किए जाते हैं और कामगारों के पर्यवेक्षण हेतु नियोजित किए जाते हैं। वर्ष 2014-15 में 30 माइनिंग सरदार , 147 इलेक्ट्रिशियन व 2 उप सर्वेक्षक नियुक्त किए गए ।

(vi) 11वें सुरक्षा सम्मेलन, कोयला खदानों में सुरक्षा पर स्थायी समिति, सीआईएल सुरक्षा बोर्ड, कंपनी स्तर सुरक्षा समिति, क्षेत्र स्तर सुरक्षा समिति और परियोजना स्तर सुरक्षा समितियों की सिफारिशों का निष्ठापूर्वक कार्यान्वयन किया जाता है।

(vii) कोयला खनन विनियमन 1957 के प्रावधानों के अंतर्गत नियुक्त किए गए खदान अधिकारियों द्वारा सांविधिक निरीक्षण के अतिरिक्त, सुरक्षा मानकों का कामगार निरीक्षकों (खान नियम 1955 के अंतर्गत गठित), खान स्तर पर सुरक्षा समिति (खान नियम 1955 के अंतर्गत गठित), क्षेत्र स्तर त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति और कंपनी स्तर त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति द्वारा भी मानिटरिंग किया जाता है।

(viii) परियोजना स्तर सुरक्षा समितियों, क्षेत्र स्तर त्रिपक्षीय सुरक्षा समितियों और अनुषंगी स्तर त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति में कामगारों के प्रति निधियों के साथ सुरक्षा मामलों पर संयुक्त परामर्श किया जाता है।

(ix) क्षेत्र स्तर पर क्षेत्र सुरक्षा अधिकारी और कंपनी मुख्यालय स्तर पर पूर्णरूपेण आईएसओ विभाग में सुरक्षा अधिकारी द्वारा आंतरिक सुरक्षा संगठनों के जरिए सांविधिक नियमों विनियमों और सुरक्षा योजनाओं के कार्यान्वयन का बहु-स्तरीय मानिटरिंग किया जाता है।

(x) कंपनी के सुविधाजनक स्थानों में स्थापित, सामूहिक व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों और अन्य प्रशिक्षण संस्थानों में कामगारों, पर्यवेक्षकों और कार्यपालकों को सुरक्षा संबंधी पक्षों पर उनके कार्यों से संबंधित प्रशिक्षण व पुन: प्रशिक्षण दिया जाता है और उनके कौशल का उन्नयन किया जाता है। आवश्यकता के अनुसार बाह्य संस्थानों में भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जैसे कि वर्ष 2013-14 के दौरान 12 डंपर प्रचालकों के मुकाबले वर्ष 2014-15 के दौरान 21 डंपर प्रचालकों के कौशल संवर्धन के लिए नार्दन कोलफील्डस लिमिटेड, सिंगरौली में सिमुलेटर प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

(xi) कामगारों और पर्यवेक्षकों की दोष व बिमारियों का पता लगाने हेतु नियमित चिकित्सा जांच की जाती है ताकि सही समय पर उनका उपचार हो सके।

(xii) सुरक्षा प्रणाली के मूल्यांकन हेतु आंतरिक सुरक्षा संगठन और बाह्य् सक्षम एजेंसियों द्वारा नियमित आतंरिक सुरक्षा लेखापरीक्षा की जाती है ताकि प्रत्येक परियोजना के महत्वपूर्ण केंद्रित क्षेत्रों का भावी सुधार के लिए आंकलन किया जा सकें। वर्ष 2014-15 के दौरान एमसीएल की सभी 16 खुली खानों व 06 भूमिगत खानों का आंतरिक लेखा परीक्षण किया गया ।

(xiii) सुरक्षा आवश्यकताओं की पूरी प्रणाली को अद्यतन व ताजा करने के लिए पूरी कंपनी में सुरक्षा पखवाड़ा तथा विशेष सुरक्षा अभियान चलाए जाते हैं । इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों के लिए खान परियोजनाओं व कर्मशालाओं में ट्रॉफी व शील्ड वितरित किए जाते है । वर्ष 2014-15 के दौरान एमसीएल की सभी स्थापनाओं में दिनांक 20.01.2015 से 03.02.2015 तक वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा मनाया गया ।

(xiv) **वर्ष 2014-15 के लिए एमओयू पारामीटर का कार्य निष्पादन**

क. वर्ष 2014-15 के दौरान एमसीएल के 09 खदानों के लिए सुरक्षा (Safety) प्रबंधन योजना तैयार की गई ।

ख. अप्रैल 2014 में हीराखंड बुंदिया खदान (भू-गर्भिय) में पर्यावरण टेलीमॉनिटरिंग प्रणाली का अनुपालन पूरा कर दिया गया है ।

ग. वर्ष 2013-14 के दौरान प्रति मिलियन टन कोयला पर मृत्यु दर 0.009 रहा वही 2014-15 के इसी अवधि के दौरान यह घट कर 0.008 हो गया । इस तरह गत वर्ष की तुलना में एक मिलियन टन कोयला पर मृत्यु दर में गत वर्ष की तुलना में 11.11 % की कमी आई

घ. वर्ष 2013-14 के दौरान प्रति मिलियन टन कोयला पर गंभीर रूप से घायल 0.1 रहा वहों 2014-15 के इसी अवधि के दौरान यह घट कर 0.082 हो गया इस तरह गत वर्ष की तुलना में एक मिलियन टन कोयले पर गत वर्ष की तुलना में 18% की कमी आई है ।

21.3 <u>लागू की गई/लागू की जाने वाली नई सुरक्षा प्रौद्योगिकी</u>

(i) सर्फेस माईनर प्रौद्योगिकी, जो विस्फोट रहित खनन प्रौद्योगिकी है, धूल पैदा करने वाले प्रचालनों जैसे कि ड्रिलिंग, ब्लास्टिंग और क्रशिंग करने वाले वाले प्रचालनों को पूर्णत: लुप्त कर देती है। यह ब्लास्टिंग से संबंध जोखिमों को भी समाप्त करती है। इसके अतिरिक्त इस मशीन से राख कणों के न्यूनीकरण के लिए कार्बनमय तत्वों की घटिया किस्म वाली कोयले की परतों का भी खनन किया जा सकता है जिसके फलस्वरूप, विद्युत सयंत्रों में कम राख अर्जन होता है और ग्रीन हाउस गैसों में कमी आती है। यह सुरक्षित है, अधिक पर्यावरणीय अनुकूल है और सतत उत्पादन प्रौद्योगिकी है।

(ii) राईपर डोजर लागू करना- ओबी हटाने की एक अन्य विस्फोट रहित प्रौद्योगिकी-इसने भी ड्रिलिंग और ब्लास्टिंग जैसे धूल पैदा करने वाले प्रचालनों को लुप्त कर दिया है जो अनके बार ग्रामवासियों को परेशान करते थे।

(iii) पर्यावरणीय टेलीमानिटरिंग प्रणाली भूमिगत खदानों के पर्यावरण में कार्बन मोनोक्साईड, कार्बन डायोक्साईड, मिथेन आदि जैसी हानिकारक गैसों की बढ़ती सघनता की जानकारी और चेतावनी मानीटरिंग करती है। पर्यावरणीय स्थितियों के सतत मानीटरिंग के लिए भूमिगत खदानों में ऐसी प्रणालियां स्थापित की गई हैं।

(iv) भूमिगत खदानों में लंबी और कठिन यात्रा से थकान होती है और मूल्यवान कार्यकारी समय नष्ट होता है। इस समस्या से उबरने के लिए भूमिगत खदानों में मैन-राईडिंग प्रणाली स्थापित की गई है ताकि कामगारों को थकान न हो और वे अधिक उत्पादन कर सकें।

(v) भूमिगत खदानों में कोयले की मानवी लदान को समाप्त करने के लिए एसडीएल और एलएचडी जैसी मशीन लगाई गई है। इनसे समान उत्पादन हेतु कार्यकारी क्षेत्रों में व्यक्तियों की संख्या कम हुई है जो सुरक्षा और उत्पादन के दृष्टिकोण से प्रशंसनीय उपलब्धि है।

(vi) भूमिगत खदानों में यूडीएम मशीनों की स्थापना के मैनुअल ड्रिलिंग जो भूमिगत खदानों में अति दुष्कर कार्य है को विनिर्मुक्त करने में मदद की है। इस प्रौद्योगिकी से ग्रीन रूफ जोन में कर्मियों के प्रकटन में कमी आई है और ड्रिलिंग उत्पादन बढ़ा है।

(vii) सर्वेक्षण कार्य की सहजता व शुद्धता वर्धन के लिए आर्ट सर्वेक्षण उपकरण, जैसे थ्री-डी लेजर खरीदी हेतु एमसीएल अग्रसर है ।

(viii) अपनी ओबी डंप की ढलान संचलन को नियंत्रित करने के लिए एमसीएल रियल टाइम स्लोप मॉनीटरिंग राडार खरीदने की प्रक्रिया में है।

(ix) साईलो व एमजीआर जैसी प्रणाली से थोक मात्रा में प्रेषण द्वारा पुरानी व अप्रभावी सीएचपी को धीरे धीरे हटाया जा रहा है ।

<u>अनुसंधान एवं विकास</u>

(i) सीआईएमएफआर द्वारा तालचेर बस्ती के नीचे देउलबेरा कोलयरी के परित्यक्त कामकाज का स्थिरता अध्ययन किया जा रहा है ।

(ii) रिमूआ इंक्लाइन तथा देउलबेरा कोलयरी के अन्य विकासात्मक कामकाज के ऊपर के सतही संरचनाओं की स्थिरता के मूल्यांकन के लिए वैज्ञानिक अध्ययन किया जा रहा है ।

(iii) ओरिएंट कोलयरी खान नं. 3 में क्विक सेटिंग केमिकल द्वारा वातायन स्टॉपिंग निर्माण के लिए एनआईटी, राउरकेला के दिशानिर्देशन में सीआईएल टीम एक फील्ड परीक्षण कर रही है।

(iv) एमसीएल को सभी ओसीपी के कोयले के लिए कोयले व ओबी बैंचों की उच्च दीवारों और ओबी डम्प की स्थिरता के निर्धारण का वैज्ञानिक अध्ययन किया जा रहा है।

(v) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के अंतर्गत राष्ट्रीय अग्रणी अनुसंधान संस्थान केन्द्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान, धनबाद के सहयोग से कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वाधान में एक अनुसंधान व विकास परियोजना 'कोयला खदानों में वायु धारित श्वास लेने योग्य धूल (एआरडी) में सिलिका (ए-क्वार्टज) मुक्त और खनिजों के आधार आंकड़े तैयार करने का अध्ययन' किया गया है।

(vi) कोल इंडिया लिमिटेड की एक अग्रणी वैज्ञानिक एजेंसी-सीएमपीडीआईएल नियिमित रूप से कोयला संचालन सयंत्रों, तीव्र लदान प्रणाली, ऊपरी बंकरों और भारी अर्थमुविंग मशीनों का गैर-विनाशक परीक्षण कर रही है।

(vii) भूमिगत खान के प्रत्येक डिपिलरिंग डिस्ट्रिक्ट में डिपिलरिंग कार्य प्रारंभ होने के पूर्व तथा डिपिलरिंग कार्य के समय छत परतों का अध्ययन प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्था द्वारा किया जाता है ।

1. <u>सुरक्षा से संबंधित पुरस्कार</u>

भारत सरकार की श्रम एवं नियोजन -मंत्रालय ने नेशनल सेफटी एवार्ड (माईन्स) की स्थापना 1983 में की गई ताकि खान संचालकों के वीच प्रतियोगिता की भावना को बढ़ाया जा सके जिस से खदानों में सुरक्षा मानक बेहतर हो तथा राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट सुरक्षा कार्यनिष्पादन को मान्यता प्रदान किया जाये । इस पुरस्कार को प्रत्येक वर्ष सामन्यातः भारत के राष्ट्रपति के द्वारा प्रदान किया जाता है और खनन समाज में इससे काफी उत्साहवर्धन होता है । वर्ष 2011 एवं 2012 के लिए नेशनल सेफ़्टी एवार्ड (माईन्स) 20 मार्च 2015 को नई दिल्ली में भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया गया । गत वर्षों में भी 2008, 2009, और 2010 के लिए नेशनल सेफ़्टी एवार्ड (माईन्स) भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया गया । एमसीएल के पुरस्कार प्राप्त करने वाले खदानों का विवरण नीचे दिया गया है ।

वर्ष 2014-15 के दौरान एमसीएल को प्रदान किए गये नेशनल सेफ़्टी एवार्ड (माईन्स)

क्र.	वर्ष के लिय पुरस्कार	खदान का नाम	पुरस्कार की श्रेणी	इनाम
1.	2012	संलेश्वरी ओसीएम	सबसे लंबी अवधि तक दुर्घटना मुक्त श्रेणी-3	विजेता
2.	2011	हीराखंड बुँदिया माईन	सबसे लंबी अवधि तक दुर्घटना मुक्त श्रेणी-2	उप विजेता(रनर)
3.	2011	बेलपहाड़ ओसीएम	सबसे कम चोट आवृत्ति दर श्रेणी-3	उप विजेता(रनर)

21.6 **बचाव सेवायें**

एमसीएल की खदानों में आपातकालीन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एमसीएल में ईब वैली कोयलांचल के और तालचेर क्षेत्र में एक आरआरआरपी सुसज्जित खदान बचाव स्टेशन हैं। बचाव सेवाओं को और मजबूत करने के लिए वर्ष 2014-15 में निम्नलिखित अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई:-

(1) आपात स्थिति में आग फैलाव से बचाव हेतु अग्निशमन क्षमता को और दृढ़ करने के लिए 14 नग फायर स्यूट्स की खरीदी की गई ।

(2) वाटर मिस्ट प्रकार के अग्निशामक के सिलिंडर की पूर्ति के लिए 01 नग एयर कंप्रेसर की खरीदी की गई ।

(3) बचाव कार्य के दौरान आपात स्थल में बिजली आपूर्ति फेल हो जाने पर रोशनी की आपातकालीन व्यवस्था करने के लिए पोर्टेबल जेनेरेटर व लाइटिंग सिस्टम के 04 सेट की खरीदी की गई है ।

एमसीएल की बचाव सेवा के द्वारा विभिन्न गतिविधियों को पूर किया गया :-

1. तालचेर में आरआरआरटी तालचेर द्वारा सफलता पूर्वक ज़ोनल बचाव प्रतियोगिता आयोजित किया गया ।
2. माईन्स रेस्क्यु स्टेशन वैसे आपद स्थितियों में भी पहुँचता है, जो खनन गतिविधियों के कारण उत्पन्न न हों, जैसे टाउनशिप में आपद स्थिति।
3. दिनांक 14.07.2014 से 29.07.2014 तक रेस्क्यू एण्ड रिकव्हरी आपरेशन के बैच-1 में 16 व्यक्तियों ने प्रशिक्षण लिया।
4. एमआरएस ओरियंट क्षेत्र और आरआरआरटी, तालचेर क्षेत्र में रेस्क्यू और रिव्हरी आपरेशन के रिफरेशर कोर्स में 191 व्यक्तियों ने प्रशिक्षण लिया।
5. 191 रेस्क्यू प्रशिक्षित व्यक्तियों की चिकित्सा जांच की गई और स्वस्थ पाया गया।
6. वर्ष 2014-15 के दौरान एमसीएल के बचाव सेवा (रेस्क्यू सर्विसेज) को किसी आपद स्थिति से नहीं निपटना पड़ा।

वर्ष 2014-15 के दौरान निम्नलिखित प्रस्तावों की मंजूरी प्रदान की गई, इसके लिए खरीद की कार्रवाई जारी है।

1. 28 नग पॉजिटिव प्रेसर सेल्फ कॉटेंट बिथिंग उपकरण।
2. 6 नग रिक्ससिएटिंग उपकरण।
3. 49 नग विभिन्न प्रकार के फायर एक्सिटंग्युसस।
4. 40 नग एलईडीकैप लाइन।
5. एक यूनिवर्सल टेस्टर।
6. 02 नग गैस क्रोमेटोग्राफ्स।
7. रेस्क्यु और रिकव्ही अभ्यास हेतु 02 नग डमी बॉडी।
8. एक ट्रेप्ड माइनर लोकेटर।

22. **कम्प्यूटरीकरण:**

कोलनेट - कोलनेट के विभिन्न मोड्यूल जैसे वित्तीय सूचना प्रणाली (एफआईएस), कार्मिक सूचना प्रणाली (पीआईएस), वेतन पंजिका, विक्रय और विपणन, उत्पादन सूचना प्रणाली, उपकरण मानिटरिंग प्रणाली आदि प्रयोग में है। ठेकेदारी कर्मचारियों के फोटो सहित विस्तृत विवरण, सावधिक चिकित्सा परीक्षण, 2 लाख से कम राशि की निविदाएं एवं कार्यादेश, पुरी में हॉलीडे होम की ऑनलाइन बुकिंग आदि की जानकारी रखने के लिए कोलनेट में कुछ विविध माड्यूल भी जोड़े गए है

एमसीएल ने मुख्यालय के कोलनेट सर्वर के जरिए क्षेत्र व परियोजना स्तर पर कार्यकलापों का विस्तार किया है जैसे बिल भुगतान स्थिति प्रविष्टि, सड़क बिक्री और रेल साइडिंग बिलिंग दो क्षेत्रीय भंडारों में ऑनलाईन सामग्री प्रबंधन प्रणाली (ओएमएमएस), कर्मचारी आंकड़ों को अद्यतन, उत्पादन ब्यौरा प्रविष्टि, भू-अधिग्रहण और पुनर्वास ब्यौरा। एमसीएल भुवनेश्वर के कार्यकलाप जैसे वित्तीय लेखांकन, वेतन-पंजिका और कार्मिक सूचना प्रणाली को तथा एमसीएल कोलकाता के देनदारों के लेखांकन को केन्द्रीय कोलनेट सर्वर में स्थानांतरित करने के बाद और उनमें आवश्यकतानुसार मूल्य संयोजन करते रहने से यह कार्य सुचारू रूप से हो रहा है। कोलनेट के एफ़आईएस ओर पेरोल माड्यूल क्षेत्रों द्वारा वर्तमान

लीगेसी प्रणाली छोर कर अपनाया जा रहा है । हमलोग ईब वैली, बसुंधरा गर्जनवहल,लखनपुर, और केन्द्रीय कर्मशाला ईब वैली के लिए एफ़आईएस को पूरी तरह अलग कर चूके है । ईब वैली और बसुंधरा-गर्जनवहल द्वारा पेरोल प्रणाली को अलग किया जा चूका है ।

वर्ष 2014-15 के लिए एमओयू पेरामीटर का कार्य निष्पादन नीचे दिया गया है:-

क. एमसीएल मुख्यालय के केन्द्रीय सर्वर पर फरवरी, 2015 से ऑनलाइन सामग्री प्रबंधन प्रणाली कर दी गई है ।

ख. 21 रेलवे साईडिंग पर सीसीटीवी आधारित निगरानी प्रणाली पूरी कर ली गई है ।

ग. 82 वेब्रीजों पर कैमरा लगाने का कार्य पूरा हो चूका है ।

ई-प्रोक्योरमेंट : निविदा जारी करने, खोलने तथा कार्य व सेवा के मूल्यांकन तथा ईसीव्ही के लिए 2 लाख से अधिक राशि की सामग्री खरीदी के लिए एनआईसी द्वारा विकसित ई-टेंडरिंग पोर्टल संचालित है । इसकी मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं -

- सीव्हीसी के समस्त सुरक्षा मानदंडों को पूर्ण करना ।
- ईएमडी की ऑनलाइन प्राप्ति व स्वत: वापसी ।
- पोर्टल सॉफ्टवेयर द्वारा तकनीकी भाग का मूल्यांकन ।
- मूल्यांकन हेतु बोलीकर्ता द्वारा कोई ऑफ लाइन दस्तावेज नहीं ।
- प्रत्येक स्तर पर ई-प्रोक्योरमेंट की स्थिति पर सुझावों का प्रावधान ।
- निम्नतम बोलीकर्ता द्वारा मूल दस्तावेजों की स्कैंड प्रतिलिपि अपलोड करने का प्रावधान ।

ई-भुगतान एवं ई-प्राप्तियां :- भुगतान एवं प्राप्तियां अधिकांशत: ई-प्रणाली के माध्यम से की जा रही हैं।

ऑपरेटर इंडेपेंडेंट ट्रक डिस्पैच सिस्टम (ओआईटीडीएस):- एमसीएल की तीन खुली खदान परियोजनाओं नामत: बलराम, लिंगराज एवं भरतपुर ओसीपी में **ओआईटीडीएस भलीभांति कार्यरत है ।**

एमसीएल वेबसाइट :- कंपनी की वेबसाइट www.mcl.gov.in सीएमपीडीआईएल, रांची ने होस्ट की है और इसका अनुरक्षण कर रही है। बेवसाइट का आवश्यकतानुसार पुनर्गठन किया जा रहा है ताकि कोयला उपभोक्ताओं की धनवापसी, मासिक थर्ड पार्टी कोयला नमूना विश्लेषण परिणाम, ठेकेदार/विक्रेताओं को बिल भुगतान की स्थिति से संबंधित आवश्यक आंकड़ों को दूरस्थ स्थानों से ही अद्यतन करने में सुविधा हो ।

ई-मेल एकाउंट:- एमसीएल के सभी पदाधिकारियों को ई-मेल एकाउंट उपलब्ध कराने के लिए वर्तमान के 400 ई-मेल के साथ साथ 1500 अन्य एकाउंट भी एनआईसी से प्राप्त किए गए है ।

निविदाओं की अपलोडिंग:-सभी खुली निविदाएं एमसीएल के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के साथ साथ सरकारी पोर्टल www.tenders.gov.in पर दैनिक आधार पर प्रणाली विभाग द्वारा अपलोड की जाती हैं।

ओएमएमएस (आनलाइन सामग्री प्रबंधन प्रणाली) - सभी 9 क्षेत्रीय स्टोरों में ओएमएमएस कार्यशील हैं तथा 2 केन्द्रीय कर्मशालाओं को केन्द्रीय कोलनेट सर्वर से जोड़ दिया गया है। 99 प्रतिशत से अधिक भंडार सामग्रियों को मानक कोड योजना के तहत कोड-कृत कर दिया गया है । एमसीएल में कहीं से भी किसी भी स्टोर में किसी भी सामग्री के ऑनलाइन स्टॉक की स्थिति प्राप्त करने की सुविधा प्रदान की गई है।

भुवनेश्वर - कोलकाता के बीच में सम्पर्क:- भुवनेश्वर एवं कोलकाता में एमसीएल के विभिन्न अधिकारियों को 1एमबीपीएस बीएसएनएल लीज लाइन के माध्यम से संबलपुर स्थित एमसीएल मुख्यालय से जोड़ा गया है। मुख्यालय में वीपीएन कनेक्टिविटी भी स्थापित की गई है ताकि प्रयोक्ता दैनिक कार्यों हेतु किसी भी स्थान से कारपोरेट लैन से जुड़ सके।

इंटरनेट लीज लाइन - वर्तमान में बीएसएनएल से इंटरनेट सुविधा वाली एक 10 एमबीपीएस लीज लाइन एमसीएल के प्रयोक्ताओं के लिए है। जीपीएस आधारित वाहन ट्रकिंग प्रणाली में उपयोग के लिए एक 10 एमबीपीएस इंटरनेट बैंडविड्थ रेलटेल से ली गई है ।

उत्पादकता सुधार स्कीम साफ्टवेयर :- उत्पादकता सुधार योजना के अनुसार उत्पादन प्रोत्साहन का समयानुसार भुगतान करने के लिए एमसीएल के खुली परियोजनाओं में कार्यान्वित ओराकल में विकसित आंतरिक सॉफ्टवेयर को संशोधित व प्रव्रजित कर उसे कोलनेट प्रणाली के केन्द्रीय सर्वर से जोड़ दिया गया है ।

वे-ब्रीज की कनेक्टिविटी - रेल व रोड(स्टेटिक व इन-मोशन), दोनो वे-ब्रिज मेसर्स आईटीआई लि. द्वारा स्थापित रेडियो लिंक के माध्यम से जुड़े हुए हैं ।

अतिरिक्त आंकड़ा संप्रेषण नेटवर्क: क्षेत्रीय अधिकारियों/परियोजना अधिकारियों/वे-ब्रिजों को मुख्यालय से जोड़ने के लिए एमपीएलनएस/वीएसएटी आधारित अतिरिक्त आंकड़ा संप्रेषण नेटवर्क की स्थापना हेतु कार्य-आदेश दे दिया गया है।

केन्द्रीय आंकड़ा केन्द्र और नोडल कंप्यूटर केन्द्रों में सर्वर की स्थापना: मुख्यालय और तीन नोडल क्षेत्रों, तालचेर कोलफील्ड्स के जगन्नाथ क्षेत्र,ईब कोलफील्ड्स के ईब वैली क्षेत्र व वसुंधरा क्षेत्र में उच्चतम आईबीएम सर्वर स्थापित किए गए हैं। इन नोडल स्थलों के सभी सर्वर मुख्यालय के सर्वर से जोड़े गए है । वसुंधरा क्षेत्र को आपदा रिकव्हरी साइट चुना गया है। सभी उपलब्ध सॉफ्टवेयरों और आंकड़ों को नए आईबीएम सर्वरों में परिवर्तित कर दिया गया है। ओरेकाल 11जी डीबी और 11जी एएस (वेबलॉजिक) स्थापित किए गए हैं। उपलब्ध सॉफ्टवेयर नए सर्वेरों में परिवर्तित कर दिए गए हैं।

ठेकेदारों के बिल भुगतान की निगरानी:- कोलनेट सर्वर में बिल ट्रेकिंग माड्यूल भलीभांति कार्यशील है । इस प्रणाली में ठेकेदारों/विक्रेताओं से प्राप्त बिलों को संबंधित प्रयोक्ता विभाग द्वारा ऑनलाइन दर्ज कर लिया जाता है । दर्ज करते समय प्राप्त ऑनलाइन पावती को उपभोक्ता/ठेकेदार को दे दिया जाता है । इन बिलों के अंतिम गंतव्य अर्थात, उनके भुगतान तक की स्थिति कोलनेट सर्वर में अद्यतन की जाती है तथा उसे हमारे वेबसाइट अर्थात www.mcl.gov.in में अपलोड किया जाता है ताकि संबंधित पार्टी अपनी बिलों की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकें । इस प्रकार संबंधित पार्टी हमारे वेबसाइट से अपने बिलों की स्थिति ज्ञात कर सकते है ।

जीपीएस/जीपीआरएस आधारित वाहन मार्गन प्रणाली:

(i) कोयले के उत्पादन/आंतरिक परिवहन हेतु प्रयुक्त 1500 ट्रक/टिपर पर वाहन मार्गन प्रणाली आधारित जीपीएस/जीपीआरएस लगाए गए हैं । केन्द्रीय सर्वर में वास्तविक समय में ही इनसे संबंधित जानकारी एकत्रित हो जाती है । इन वाहनों द्वारा जियो-फेंसिंग की अवमानना, ट्रिप, लंबा-ठहाराव, तय की की गई दूरी सहित विभिन्न संबंधित प्रतिवदेन सीधा दृष्यावलोकन, **http://.mclvts.in**. वेबलिंक के माध्यम से किया जा सकता है । यह लिंक हमारे **www.mcl.gov.in.** वेबसाइट में भी उपलब्ध है । इस प्रणाली में यह सुविधा भी है कि यह संबंधित परियोजना व क्षेत्रीय कार्यालयों के प्रयोगकर्ताओं तक एसएमएस अलर्ट भी स्वत: प्रेषित करता है ।

(ii) वाहन जियों फेंसिंग के बाहर न जा पाएं इसकी ट्रेकिंग के लिए मार्ग सहित खान सीमा का जियो-फेंसिंग किया जा चुका है।

वे-ब्रिज व रेलवे साइडिंग की निगरानी के लिए सीसीटीव्ही :-

(i) हमारे 22 रेलवे साइडिंग में विडीयो निरीक्षण कैमरे लगाए जा रहे हैं तथा आज दिनांक तक 21 साइडिंग में यह कार्य पूरा हो चुका है ।

(ii) इन-मोशन तथा स्टैटिक रोड वे-ब्रिजों में आईपी कैमरे लगाए जा चुके हैं जो मापन के लिए आनेवाले ट्रकों की तस्वीर तथा मापन-विवरण को केन्द्रीय सर्वर में भेजने में समर्थ हैं । आज दिनांक तक 96 स्थलों की योजनानुसार 82 वे-ब्रिज में इन्हें लगाया जा चुका है ।

एसएमएस/ई-मेल अलर्ट:ग्राहकों/आपूर्तिकर्ताओं/विक्रेताओं/संविदाकारों को बल्क ट्रांजेक्शनल एसएमएस भेजने के लिए मेसर्स आईएमआईमोबाइल, हैदराबाद से सेवाएं प्राप्त की जा रहीं है। बिल भुगतान ब्यौरे, सुपुर्दगी आदेशों, आरडीओ की वापसी विवरण आदि का एसएमएस अलर्ट ग्राहकों को भेजा जा रहा है ।

भावी योजना/अन्य चालू गतिविधियां:

» कार्पोरेट कार्यालय में वाई-फाई नेटवर्क - एमसीएल के कार्पोरेट कार्यालय, जागृति विहार के रिहायशी परिसर में वाई-फाई संयोजन हेतु निविदा की गई थी जो निरस्त हो चुका है । अधिक बोलीकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए संशोधित वाणिज्यिक व तकनीकी नियम व शर्तों के साथ पुनर्निविदा की गई है । मूल्य बोली निविदा खोली जा चुकी है ।

» 349 पीसी को बदलना- सर्वे-ऑफ हो चुके 349 पीसी व 328 मोनो लेजर प्रिंटर्स को बदलने के लिए कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं । सामग्रियां केन्द्रीय भंडार के सुपुर्द किया जा चुका है । इन्हें शीघ्र ही स्थापित किया जाएगा ।

» लेगेसी सॉफ्टवेयर से कोलनेट प्रणाली में प्रव्रजित करना - सभी स्थलों के लिए वेतन-नामावली व वित्तीय संसूचना प्रणाली को कोलनेट में प्रव्रजित किया जा रहा है ।

» कोयले के उत्पादन/आंतरिक परिवहन हेतु प्रयुक्त ट्रक/टिपर पर 300 अतिरिक्त जीपीएस लगाए जाएंगे । इस हेतु संशोधित आपूर्ति आदेश जारी किए जा चुके हैं ।

23. दूरसंचार

1. ओडिशा राज्य में संगठन की विभिन्न इकाइयों में कार्य कर रहे एमसीएल के सभी अधिकारियों को मोबाइल सीयूजी सुविधा प्रदान की गई है। इससे खनन, प्रेषण, इंजीनियरिंग एवं अन्य कार्यकलापों में लगे हुए 1900 से अधिक अधिकारियों के बीच न्यूनतम लागत पर 24x7 असीमित संचार स्थापित किया जा सकता है और इस प्रकार एमसीएल की संचार अवसंरचना को व्यापक तौर पर लागू किया गया है। ओड़िशा राज्य के बाहर पदस्थ एमसीएल के अन्य अधिकारियों (अल्पांश में) तथा 140 जेसीसी सदस्यों को भी सीयूजी सुविधा दिए जाने की कार्यवाही की जा रही है । 140 जेसीसी सदस्यों में से 80 जेसीसी सदस्यों को सीयूजी सिम दिए जा चुके हैं । एमसीएल के रेलवे साइडिंग के सुचारू कामकाज के लिए भी सीयूजी सिम जारी किया गया है ।

2. आईपी आधारित विस्तृत क्षेत्र नेटवर्क (डब्ल्यूएएन), जो लगभग एमसीएल की सभी यूनिटों को कवर करता है, का व्यापक पैमाने पर सफलतापूर्वक विभिन्न कार्यकलापों जैसे वित्त, विक्रय, प्रणाली इत्यादि के लिए प्रयोग किया जाता है और संगठन के विभिन्न कार्यकलापों के लिए आनलाइन डाटा संचार, प्रबंधन सुविधा हेतु भी इनका प्रयोग किया जाता है। अधिक संवेदी उद्देश्यों जैसे ईआरपी एवं विभिन्न अन्य आनलाइन कार्यकलापों के लिए नेटवर्क के प्रयोग को बढ़ाने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।

3. एमसीएल के सभी रोड वे-ब्रीज को वायमेक्स इंटरनेट सुविधा प्रदान की गई है जिनका प्रयोग रोड से की जानेवाली बिक्री के लिए किया जाता है तथा इसकी सहायता से भेजे जाने वाले ट्रकों के लिए ई-ट्रांजिट पास तैयार किए जा सकते हैं।
4. परियोजनाओं में आंतरिक संचार सुविधाओं को बढ़ाने के लिए 5 ईपीबीएएक्स लजकुरा, नंदिरा, भुवनेश्वरी परियोजनाओं भुवनेश्वर कार्यालय एवं आनंद विहार में स्थापित किए गए है।
5. कारपोरेट कार्यालय की सुरक्षा बढ़ाने के लिए एमसीएल मुख्यालय, जागृति विहार के कार्यालय परिसर में कैमरा निरीक्षण प्रणाली स्थापित कर दी गई है। एमसीएल के सभी क्षेत्रों के क्षेत्रीय स्टोर, केन्द्रीय कर्मशाला रिजनल स्टोर के लिए सीसीटीवी निरीक्षण प्रणाली की स्थापना करने हेतु पहल की गई है एमसीएल मुख्यालय के जागृति विहार कालोनी की सुरक्षा के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा है।
6. एमसीएल के सभी क्षेत्रों के क्षेत्रीय स्टोर, केन्द्रीय कर्मशाला, रिजनल स्टोर के लिए सीसीटीवी निरीक्षण प्रणाली की स्थापना करने हेतु अनुमोदन प्राप्ति अंतिम चरण में है ।
7. एमसीएल के सभी क्षेत्रों के मैगेजीनों में सीसीटीवी निरीक्षण प्रणाली स्थापित करने हेतु सर्वेक्षण व मूल्यांकन किए जा रहे है ।
8. दूरस्थ स्थान होने के कारण एमसीएल मुख्यालयों में कर्मचारियों के मनोरंजन हेतु एमसीएल मुख्यालयों के कर्मचारियों तथा अधिकारियों के आवासों तक लगभग 650 कनेक्शनों के साथ केबल टीवी सेवा प्रारंभ की गई है जिसमें जागृति विहार एवं आनंद विहार दोनों को शामिल किया गया है।
9. मौजूदा प्रणाली को प्रतिस्थापित करने के लिए ओरिएंट क्षेत्र की खदान सं. 4 हेतु 30 लाइन की भूमिगत संचार प्रणाली के क्रय की प्रक्रिया जारी है।
10. जागृति विहार व आनंद विहार, मुख्यालय में सुरक्षा विभाग के उपयोग के लिए व्हीएचएफ संचार प्रणाली की खरीदी के लिए कार्यादेश जारी हो चुका है ।
11. सभी अनुषंगी कं.,सीआईएल मुख्यालय, कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली से कांफ्रेसिंग के लिए एमसीएल मुख्यालय में विडियो कांफ्रेसिंग प्रणाली स्थापित की जा चुकी है।
12. एमसीएल कार्यालय, भुवनेश्वर सहित अंतर्क्षेत्रीय कांफ्रेसिंग कार्यान्वयन हेतु एमसीएल के उच्चाधिकारियों को स्मार्ट उपकरण आबंटित किए गए है ।
13. प्रथम चरण में आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रणाली के कार्यान्वयन हेतु पहल की गई है । जिसे एमसीएल के सभी क्षेत्रों/इकाईयों में लागू किया जाएगा ।
14. एमसीएल मुख्यालय के मुख्य द्वारों में स्लाइडिंग-डोर लगाने का कार्य अभी निविदा प्रक्रियाधीन है ।

24. आनुषांगिक उद्योगों का विकास

आनुषांगिक प्रक्रिया के माध्यम से स्थानीय तौर पर उभरने वाले उपक्रमों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने तथा स्टोर/उपभोज्य/मरम्मत इत्यादि के क्षेत्रों में राजस्व की व्यापक भागीदारी समायोजित करके उन्हें दीर्घकालिक कारोबार प्रदान करने के लिए एमसीएल प्रतिबद्ध है।

उपर्युक्त कार्य के लिए आपकी कंपनी के पास एक पूर्णकालिक एमएसएमई-आनुषांगिक विकास प्रकोष्ठ है जो निम्नलिखित कार्यकलापों के लिए प्रतिबद्ध है:-

- ओड़िशा राज्य में अपनी संचालन अधिकार क्षेत्र में लघु स्तर के उद्योगों (एसएसआई) की संभावनाओं का विकास करने तथा उनका दोहन करने के लिए किए जानेवाले सभी प्रयासों को शुरू करती है, उनकी अनुमति देती है तथा उन्हें प्रोत्साहित करती है।
- राज्य के उद्योग निदेशालय तथा डीआईसी की सहायता से एमसीएल की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए स्पेयर पार्टों की उपलब्धता में सुधार करने हेतु प्रतिस्थापित किए जाने वाले उपकरणों का आयात करती है।
- राज्य की स्थानीय समुदाय जनसंख्या में युवाओं के बीच आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाती है।
- राज्य में आम लोगों की समृद्धि तथा उनका उत्थान तथा राष्ट्र के औद्योगिक मानचित्र में राज्य का उत्थान, इस राज्य की एसएसआई ईकाइयों के औद्योगिक उत्पादों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा मानकों के अनुसार नए आयाम प्राप्त करने के लिए उन्हें समायोजित करती है।

एमसीएल का अनुषांगिक विकास प्रकोष्ठ एमसीएल के संचालन अधिकार क्षेत्र के भीतर स्थित ओडिशा राज्य के लघु स्तरीय उद्योगों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है जिसका एकमात्र उद्देश्य स्थानीय जनसंख्या के कुशल तथा गैर-कुशल बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार के दायरे को बढ़ाना है और इस प्रकार राज्य में आम लोगों की आत्म निर्भरता एवं समृद्धि को बढ़ाना है।

कंपनी की शुरूआत से ही एमसीएल ने ओडिशा की एसएसआई ईकाइयों का विकास करने में सहायता की है। एसएसआई इकाईयों को विभिन्न उपभोज्य स्पेयरों/मदों तथा एमसीएल के इंजीनियरिंग एवं खनन अनुभाग में निहित उत्पादन प्रक्रियाओं से प्रत्यक्ष तौर पर जुड़ी हुई सेवा संबंधी नौकरियों के लिए सिद्ध/अनंतिम अनुषांगिक दर्जा प्रदान किया गया है।

इसके अतिरिक्त इन आनुषांगिक ईकाइयों को बनाए रखने में अपने सतत प्रयासों के अंतर्गत एमसीएल उन आनुषांगिक इकाईयों को दीर्घकालिक कारोबार प्रदान कर रही है जो सामग्रियों की गुणवत्तापरक आपूर्ति करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा शीघ्र डिलीवरी शर्तों का अनुपालन करती है । आनुषांगिक ईकाइयों के कार्य-निष्पादन की समीक्षा करने के बाद, उनके अनुषांगिक दर्जे के नवीनीकरण पर विचार किया जाता है। आज की तारीख के अनुसार लगभग 28 एसएसआई ईकाइयों (आनुषांगिक ईकाइयों) को मेरिट के आधार पर तथा एमसीएल की क्रय प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी और उपभोक्ता क्षेत्रों में गुणवत्तापरक आनुषांगिक स्पेयरों की आपूर्ति करने के लिए आनुषांगिक दर्जे के विस्तार की वैधता प्रदान की गई है। शेष 25 का दर्जा खत्म हो गया है तथा अगले पांच वर्षों के लिए पुनर्वैधीकरण प्राप्त करने के विभिन्न चरणों में है।

एमसीएल सतत रूप से आनुषांगिक इकाईयों का रिकार्ड रखती है तथा समय-समय पर संवादात्मक सत्रों/बैठकों का आयोजन कर उनकी समस्याओं का समाधान करती है।

वर्ष 2014-15 में एमसीएल ने 2 बड़े कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया है:

(i) **ओड़िशा एमएसएमई अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2014** - इसका आयोजन ओड़िशा सरकार के एमएसएमई विभाग, उद्योग विभाग द्वारा दिनांक 8 से 14 जनवरी, 2015 तक भुवनेश्वर में राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी), भारत सरकार के सहयोग से किया गया। तथा,

(ii) राष्ट्रीय स्तर का विक्रेता विकास कार्यक्रम सह औद्योगिक प्रदर्शनी एवं क्रेता-विक्रेता सम्मेलन एंटरप्राइज,ओड़िशा-इसका आयोजन दिनांक 11-14 दिसंबर,2014 को एमएसएमई विकास संस्थान, भारत सरकार द्वारा एमएसएमई विभाग ओडिशा सरकार, सीटीसीसी एवं ओड़िशा औद्योगिक संघ के सहयोग से बाली यात्रा, किला मैदान, कटक में किया गया।

विभिन्न उपकरणों के स्पेयर्स, जिनकी पहचान की गई थी, एमएसई की आसान समझ हेतु आसान तरीके से खुले में उपलब्ध करवाए गए। एमसीएल की उत्पादन प्रक्रिया को सुदृढ़ करने हेतु एमएसई को आमंत्रित किया गया था तथा वे स्वयं आर्थिक रूप से सुदृढ़ हुए। इन दोनों कार्यक्रमों में एमसीएल को उत्कृष्टता प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है।

इसके अतिरिक्त एमसीएल ने सेमिनारों में भी भाग लिया जिससे ओड़िशा राज्य में उद्यमिता के सुदृढ़ीकरण में सहायता मिली।

(i) इंडियन चैंबर ऑफ कामर्स द्वारा भुवनेश्वर में 28.10.2014 को आयोजित एमएसएमई शिखर सम्मेलन-व-प्रदर्शनी ।

(ii) ओड़िशा लघु व मध्यम उद्यम एसेम्बली (ओएएसएमई) द्वारा भुवनेश्वर में 11 से 12 अगस्त, 2014 को आयोजित 28वां वार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन व संगोष्ठी ।

(iii) दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (डीआईसीसीआई) द्वारा हैदराबाद में 13 से 15 फरवरी, 2015 तक आयोजित चौथा राष्ट्रीय व्यापार मेला ।

एमसीएल ने दिनांक 10.9.2014 को निदेशक(तक.),एमसीएल मुख्यालय के सभागार में संयंत्र स्तरीय सलाहकार (पीएलएसी) बैठक आयोजित कराया ।

आनुषांगिकता के क्षेत्र:

उपभोज्य स्टोर, फर्नीचर, वन उत्पाद, सुरक्षा मद, मशीनरी स्पेयर पार्टस, कास्टिंग सेवाएं,

फीडर ब्रेकर/सीएचपी स्पेयर्स, भूमिगत उपकरण स्पेयर्स, एचईएमएम स्पेयर्स, पाइप फिटिंग, सिविल मद, इलेक्ट्रिकल आइटम, अग्निशमन उपकरण, रोल्ड स्टील आइटम्स, प्रिंटिंग जॉब, केबल्स इत्यादि,

गत 03 वर्षों की अनुषंगी ईकाइयो (स्थायी एवं अस्थायी) तथा ओड़िशा राज्य के अंदर के एसएसआई ईकाइयों से खरीद/मरम्मत के ऑकड़े नीचे दर्शाये गये हैं :

क्र.सं.	**वित्तीय वर्ष**	**क्रय/मरम्मत सांख्यिकी (करोड़ रुपए में)**		
		अनुषंगी	एसएसआई आतंरिक और बाह्य ओड़िशा	कुल
01	2012-13	4.36	19.36	23.72
02	2013-14	2.82	19.72	22.54
03	2014-15	1.81	20.56	22.37

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) मंत्रालय ने दिनांक 25 अप्रैल, 2012 के अ.शा.पत्र संख्या 21 (1)/2011-एम.ए. द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्योग (एमएसई), एमएसई-2012 के संबंध में एक नई नीति जारी की गई है। वर्ष 2015-16 से इस नीति का अनुपालन अनिवार्य कर दिया गया है । एमसीएल ने वर्तमान मौजूदा अनुषंगी नीतियों के साथ-साथ इस नीति का निर्माण व कार्यान्वयन जुलाई 2013 से ही प्रारंभ कर दिया है । एमसीएल द्वारा अनुसरित एमएसई व अनुषंगी नीति एमसीएल पोर्टल में एंसिलरी एंड एमएसई शीर्षक के अंतर्गत है ।

पालिसी के अनुसार वार्षिक उत्पाद या सेवा क्रय का कुल 20% एमएसई व अनुषंगियों से किया जाना होगा । वर्ष 2014-15 में यह 21.37 करोड़ था, जिसे एमसीएल ने प्राप्त कर लिया है ।

यह उल्लेख किया जाता है कि एमसीएल 2.00 लाख से अधिक ई-टेंडरिंग हेतु चालू नीति के रूप में है सहित सभी के लिए (एसएसआई ईकाइयों) खुली है बशर्ते वे पात्रता मानदंड पूरे करते हों।

25. मानव संसाधन प्रबंधन (एचआरएम) :

आपकी कंपनी की दृढ़ मान्यता है कि सफलता सिर्फ बाजार में महत्वपूर्ण उपस्थिति ही उसकी सफलता का अकेले कारण नहीं है वरन इसकी जनपूंजी है जो बहुत ही मूल्यवान परिसम्पत्ति है और यह कंपनी की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इसका प्रभावी तथा सार्थक रुप प्रबंधन ज्ञान के क्षेत्र में नयी

चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाता है। तकनीक एवं वैश्विक व्यापार परिदृश्य में बदलते मानदंड ने संस्थान को उत्कृष्ट एवं स्थायी लक्ष्य प्राप्त करने का सबसे ज्यादा महत्व प्रदान किया है। कोल इंडिया लिमिटेड के अनुषंगी कंपनियों में सबसे कम जनशक्तिवाली आपकी कंपनी ने प्रेरणा,लगन और दक्षता से श्रेष्ठ 100+ मिलियन कोयला उत्पादन करनेवाली क्लब में लगातार छठी बार उपस्थिति दर्ज कराई है। वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान कंपनी के कर्मचारियों ने अपनी वचनबद्धता और लगन से सभी तरह की प्राकृतिक दुर्घटनाओं से विपरीत परिस्थितियों के बाद भी सबसे अधिक उत्पादकता 121.379 मिलियन टन कोयला उत्पादन तथा 89.222 मिलियन घनमीटर ओबी विस्थापन का रिकार्ड बनाया है।

आपकी कंपनी का मानव संसाधन प्रबंधन नीतिगत रूप से लंबी अवधि के लक्ष्य एवं उद्देश्यों के साथ जुड़ा है। यह चरम रूप से प्रशिक्षण विकास और प्रतिभाओं को आकर्षित करता है। कुल 22,259 जनशक्ति में से 1884 अधिकारी और 20375 कर्मचारी हैं। इस अवधि के दौरान 1046 व्यक्ति कंपनी में नई नियुक्ति, स्थानांतरण, पुन: नियुक्ति इत्यादि के द्वारा जुड़े हैं वहीं 1065 व्यक्ति सेवानिवृत्ति, स्थानांतरण, ईएसएस, त्यागपत्र, मृत्यु इत्यादि के कारण अलग हुए हैं। गतवर्ष की तुलना में जनशक्ति में बदलाव का कारण लागू आर एंड आर नीति के तहत परियोजना प्रभावित परिवारों को दी जानेवाली नियुक्ति/ सुपरवाइजरी एवं कुशल श्रेणी की वैधानिक जनशक्ति का नियोजन/कैंपस चयन एवं प्रबंधन प्रशिक्षुओं का कोल इंडिया द्वारा खुला नियोजन से कंपनी की कुल जनशक्ति 31.03.2014 के 22,278 के मुकाबले 31.03.2015 को 22,259 हो गई ।

वर्ष 2014-15 के एमओयू के तहत मानव संसाधन प्रबंधन का कार्य निष्पादन 2014-15 की लेखा परीक्षा के एमओयू पर दी गई रिपोर्ट में दर्शाया गया है।

क. प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष के रूप में वास्तविक प्रशिक्षण दिवस को प्रतिशत
अधिकारियों के लिए कुल प्रशिक्षण दिवस: लक्ष्य: 2664, उपलब्धि :7156
सुपरवाईजर/लिपिक/तकनीकी : लक्ष्य: 2160, उपलब्धि : 4135
कर्मचारियों के लिए कुल प्रशिक्षण दिवस : लक्ष्य:21560, उपलब्धि : 32780

ख. जीविका (कैरियर) योजना और विकास के प्रणाली के माध्यम से नेतृत्वकर्ता (अधिकारी) क्रिटिकल मास का विकास लक्ष्य 10, उपलब्धि 10 नेतृत्वकर्ताओं की विकासित

ग. कर्मचारी लागत पर प्रशिक्षण बजट का प्रतिशत
करोड़ में प्रशिक्षण व्यय: लक्ष्य 9.50 करोड़ उपलब्धि : 11.03 करोड़

घ. गैर अधिशासी कर्मचारियों के बहू दक्षता / दक्षता विकास हेतु प्रशिक्षण की पूर्णत :
प्रशिक्षण योजना लक्ष्य:14 उपलब्धि:14

ङ. उद्योग हेतु अनुसंधान (गबेषणा): एकेडमिय इंटरफ़ेस
इंटरफ़ेस-I लक्ष्य- 6 उपलब्धि -6
इंटरफ़ेस-II लक्ष्य - 130 उपलब्धि- 1337

च. नियोजन :
खुली विज्ञापन / आंतरिक चयन द्वारा
लक्ष्य- 20 उपलब्धि - 235
भू-विस्थापित की नियुक्ति
लक्ष्य- 300 उपलब्धि- 330

छ. कुल कर्मचारियों का एट्ट्रीशन (घिसाई) का प्रतिशत लक्ष्य : 219 से कम उपलब्ध : 58

ज. मेंटरशिप विकास कार्यक्रम की उपस्थिति मेंटर लक्ष्य-12 उपलब्धि -50

मेंटर लक्ष्य- 36 उपलब्धि- 62

झ. प्रतिभा(टेलेंट) प्रबंधन की प्रणाली का गठन/अनुपालन जैसे-कार्य रोटेशन प्रणाली परितोषिक प्रणाली वारी.अधिकारियों के लिए अग्रिम प्रबंधन कार्यक्रम के लिए प्रयोजन, विकास के अवसर इत्यादि

क. कार्य रोटेशन लक्ष्य :-100 उपलब्धि :-157

ख. प्रणाली लक्ष्य :-55 उपलब्धि :-103

ग. वरिष्ठ अधिकारी के लिए एपीएम लक्ष्य :-02 उपलब्धि :- 13

ञ. राष्ट्रीय पुरस्कार (प्रधानमंत्री श्रम पुरस्कार, विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार) के लिए नामांकन/प्रवेश की संख्या कुल नामांकन लक्ष्य:- 04 उपलब्धि:-07

ट. प्रति कर्मचारी प्रतिवर्ष दिए जानेवाले सुझाव कुल सुझाव कुल उपलब्धि -2017 ।

ठ. शिकायत निवारण प्रणाली का प्रभावीकरण वर्ष के दौरान शिकायत निपटारे के साथ-साथ प्राप्ति का प्रतिशत : निपटारा लक्ष्य - 60% , प्राप्ति - 90.98%

ड. पेंशन, मेडिकेयर, योग कक्षाओं का आयोजन ताकि जहॉ कार्य में तनाव उत्पन्न होता है वह दूर हो सके, जिम जैसे स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना सीआईएल नीतियों के अनुरूप पेंशन और मेडिकेयर - लागू किया गया।

योग कक्षाएं - लक्ष्य-5 उपलब्धि - 5

जिम- लक्ष्य-1, उपलब्धि - 1

ढ. सामाजिक सुरक्षा योजना का गठन एवं लागू करना : सीआईएल की सामाजिक सुरक्षा योजना लागू।

ण. कर्मचारी प्रतिनिधियों के साथ स्ट्रक्चर बैठकें : लक्ष्य - 300 उपलब्धि - 755 ।

25.1 औद्योगिक संबंध:

अग्रणी औद्योगिक संस्थान होने से कंपनी कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ सहयोग कर औद्योगिक संबंध बनाये हुए हैं ताकि संस्थान में सौहार्दपूर्ण कार्य वातावरण बना रहे।यह बाहरी एजेन्सियों तथा खनन क्षेत्रों के नजदीक के ग्रामीणों से मित्रतापूर्ण संबंध कायम रखता है।

प्रबंधन एवं कर्मचारियों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध उच्च वृद्धि को प्राप्त करने के लिए धुरी (Pivotal) है और इस तरह कंपनी हमें अच्छा औद्योगिक संबंध कायम रखता है। इस वर्ष भी कंपनी तीन स्तरीय औद्योगिक संबंध कायम रखने में सफलता प्राप्त किया। मामला एवं शक्तियों के प्रत्यायोजन(डेलिगेशन आफ पावर) के आधार पर कर्मचारियों की शिकायतों/मांगों को विभिन्न स्तर के औद्योगिक संबंध प्रणाली द्वारा सुलझाया जाता है।

कोल इंडिया की चार केंद्रीय श्रम संगठनों द्वारा कोयला उद्योग का गैर-राष्ट्रीयकरण और अन्य मांगों के समर्थन में 6-7 जनवरी,2015 को हड़ताल की गई थी को छोड़कर औद्योगिक संबंध शांतिपूर्ण रहा। इसके अलावा वर्ष 2014-15 के दौरान कोई हड़ताल नहीं हुआ यह प्रबंधन एवं श्रम संगठनों के बीच मजबूत संबंध को दर्शाता है।

शिकायत निपटारा की दर यथा एमसीएल में वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या में निपटान 90% रहा जबकि एमओयू 60% है।

कार्यरत सभी चार श्रम संगठनों द्वारा प्रबंधन के साथ उच्च स्तरीय औद्योगिक संबंध बनाये रखने के लिए किए गये प्रयास बहुत ही सराहनीय है।

25.2 **सहभागिता प्रबंधन:**

प्रबंधन के साथ एक विशिष्ट स्तर तक दैनंदिन कार्यों के साथ-साथ कार्पोरेट आयोजना में निर्णय लेने में कर्मचारियों की भागीदारी कार्पोरेट लक्ष्य प्राप्त करने के मार्ग को सुगम बनाती है। आपकी कंपनी एमसीएल ने सहभागिता प्रबंधन के मूल्यों को जानते हुए, इसके आरंभ से ही इस सिद्धांत को अपनाया है।

जेसीसी और कल्याण बोर्ड में प्रतिनिधित्व के लिए ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों का नामांकन परिचालित ट्रेड यूनियनों द्वारा (आईआर प्रणाली के तहत शामिल) किया जाता है। उल्लेखित द्विपक्षीय फोरम के अलावा, क्षेत्र के साथ-साथ कारपोरेट स्तर पर भी त्रिपक्षीय सुरक्षा समितियां कार्य कर रही हैं जिसमें ट्रेड यूनियनों द्वारा नामांकित प्रतिनिधि शामिल होते हैं। ऊपर लिखित द्विपक्षीय और त्रिपक्षीय समितियां विशेष निर्णय लेने और समस्याएं सुलझाने में प्रबंधन की सहायता करने में सक्रिय हैं।

एमसीएल का अपने कर्मचारियों के साथ केवल सहभागिता प्रबंधन के जरिए ही नहीं बल्कि कर्मचारी संबद्धधता जैसी श्रेष्ठ पद्धधतियों के आत्मसात के जरिए कार्य संस्कृति, सौहार्दपूर्ण परिवेश और निष्ठा विकसित करने में विश्वास है। मार्च,2015 के द्वितीय व तृतीय सप्ताह में अंतर-निदेशालाय क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया जिससे न केवल दैनिक कार्य की उगाही और दबाब से मुक्त होने में सहायता मिलती है बल्कि कर्मचारियों में स्फूर्ति आती है और नेतृत्व व टीम भावना के महत्व बढ़ता है।

आपकी कंपनी लैंगिक संवेदनशीलता के महत्व को समझती है और अपनी महिला कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने और महिला कर्मचारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों/शिकायतों के निपटारा के लिए विशेष ध्यान देती है। महिलाओं के उन्नति एवं विकास के लिये ताकि वे अवसरो का सर्वोतम उपयोग अधिक आत्मविश्वास के साथ प्रभावि रुप से आगे बढ़ सके इस के लिये एमसीएल विप्स फोरम के माध्यम से महिला कर्मचारियों को प्रशिक्षण एवं सेमिनार के द्वारा उन्हें सूचना एवं विचारो के आदान प्रदान के लिये मंच उपलब्ध कराता है ।

कंपनी में 2014-15 में कंपनी स्तर/क्षेत्र स्तर/परियोजना स्तर पर औद्योगिक संबंध , कल्याण, सुरक्षा, जेसीसी इत्यादि से संबंधित 750 से अधिक बैठकें हुई जिसमें कर्मचारी कल्याण, सुरक्षा और कर्मचारियों की शिकायतों से संबंधित विभिन्न मामलों पर यूनियन प्रतिनिधियों से चर्चा हुई और समस्याएं मैत्रीपूर्ण भाव से निपटाई गईं। चर्चा के दौरान, कार्य प्रक्रियाओं के सुधार और संगठन के दैनंदिन कार्यों में सुधार के लिए अनेक नए विचार और सुझाव भी प्रस्तुत किए गए।

संपूर्ण संस्था व प्रक्रियाओं की उन्नति व बेहतरी हेतु नवीन व नवप्रवर्तनकारी विचारयुक्त सलाह के लिए एमसीएल अपने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करता है । समझौता ज्ञापन के अनुसार 200 के लक्ष्य की तुलना में वर्ष 2014-15 में कर्मचारियों से कुल 207 व्यक्तिगत सलाह प्राप्त हुए ।

इसके अतिरिक्त, क्षेत्र/मुख्यालय पर कोल इंडिया अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ (सीआईएसटीईए) के साथ बैठक भी की गई जिसमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदायों के कर्मचारियों की शिकायतों पर चर्चा की गई और उन्हें मैत्रीपूर्ण भाव से निपटाने हेतु कार्यवाही आरंभ की गई।

संघ का एक सदस्य इकाई/क्षेत्र/मुख्यालय स्तर की निम्नलिखित फोरम में शामिल किया गया जो सहभागिता प्रबंधन की ओर एक अच्छा कदम है:-

i) आवास आवंटन समिति

ii) क्षेत्रीय संयुक्त परामर्शी समिति

iii) कॉर्पोरेट संयुक्त परामर्श समिति

25.3 **प्रशिक्षण और विकास:**

प्रशिक्षण और विकास मौजूदा मानव संसाधनों के विकास के साथ-साथ प्रौद्योगिकीय प्रगति के विशेष संदर्भ में स्पष्ट परिप्रेक्ष्य में आगे बढ़ने और उत्पादन के रुबरू प्रौद्योगिकी की मांग पूरा करने के लिए जनशक्ति की वृद्धि से निपटने हेतु आपकी कम्पनी की कॉपोरेट नीति का अभिन्न भाग है।

कार्यनीति योजना से उत्पन्न कार्यों का सामना करने के लिए, सभी तीनों आंतरिक प्रशिक्षण केन्द्रों अर्थात (प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान, बुर्ला,बेलपहाड़ प्रशिक्षण संस्थान, बेलपहाड़, लखनपुर क्षेत्र, खनन, इंजीनियरी और उत्खनन प्रशिक्षण संस्थान (मिटी), तालचेर और विभिन्न क्षेत्रों में अवस्थित 5 व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों में निम्नलिखित तीन खंडों में मानव संसाधन विकास के प्रयासों को एकीकृत करने के लिए प्रतिवर्ष एक वार्षिक मानव संसाधन विकास योजना तैयार की जाती है:-

I. तकनीकी प्रशिक्षण:

यह प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से खानों में काम करने वाले कर्मचारियों को आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण की व्यवस्था करता है और उन्हें निकट भविष्य में खनन कार्य में प्रयोग होने वाली नवीनतम प्रौद्योगिकी से, यदि कोई हो, अद्यतन भी करता है ताकि प्रौद्योगिकी में विशेष प्रणालियों के माध्यम से उत्पादन प्रक्रिया में समृद्धि अथवा क्षमता और नए उपकरणों के माध्यम से परियोजना में पूंजी और तकनीक के निवेश की उपयुक्त वापसी उपलब्ध करा सके। उपर्युक्त के कार्यान्वयन के लिए, कर्मचारियों को निम्नलिखित के माध्यम से उजागर किया जाता है:

मूल पाठ्यक्रम: प्रौद्योगिकी, उपकरण और प्रणाली के उपयुक्त ।

पुनश्चर्या पाठ्यक्रम: तीन वर्ष में एक बार उनको जो मूल पाठ्यक्रम कर चुके हैं अथवा पहले से ही विशिष्ट कौशल क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। पुनश्चर्या प्रशिक्षण स्थल पर अथवा प्रशिक्षण केन्द्रों में भी आयोजित किया जाता है।

विशेषीकृत पाठ्यक्रम: प्रौद्योगिकी, उपकरणों के विन्यास और क्षमता में परिवर्तन तथा उत्पादन की प्रणाली में सुधार के मामले में।

II. प्रबंधन प्रशिक्षण:

प्रत्येक स्तर के अधिकारियों को प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान, बुर्ला में समय-समय पर कंपनी की आवश्यकता के अनुसार मांग आधारित प्रशिक्षण अर्थात् उच्च स्तर पर प्रवेश, कंपनी हितों के विभिन्न विषयों पर आंतरिक प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही अधिकारियों को बाह्य संगठनों जैसे आईआईसीएम, रांची, आईआईएम, आईआईटी, एनआईटी और भारत तथा विश्व के अन्य प्रख्यात प्रशिक्षण केन्द्रों में भेजा जाता है।

III. परिवर्तन प्रशिक्षण:

कंपनी नियमित सांविधिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के अलावा कंपनी के भविष्य की आवश्यकता के अनुरूप और कंपनी की कॉर्पोरेट योजनाओं के अनुसार कर्मचारियों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए अधिक कुशल बनाने और कंपनी को सफलता की नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने के लिए कर्मचारियों को कुछ विशिष्ट प्रशिक्षण दिलाने में भी रुचि लेती है।

प्रशिक्षण पाठ्यचर्या:

क) अधिकारी कार्यक्रम:-

सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम: अधिकारियों के प्रबंधन कौशलों और कार्य-निष्पादन को बढाने हेतु।

कार्यात्मक कार्यक्रम: कार्यात्मक कौशलों के विकास हेतु।

क्रास कार्यात्मक कार्यक्रम: अन्य विभाग के कार्य संबंधी ज्ञान के विकास हेतु।

कम्प्यूटर जागरूकता कार्यक्रम:सभी संबंधित कार्यालयीन कार्यों के कुशल और सुचारु नित्पादन हेतु

ख) पर्यवेक्षक कार्यक्रम:-

पर्यवेक्षक विकास कार्यक्रम: ज्ञान और कौशल के उन्नयन हेतु।

पर्यवेक्षकों हेतु सुरक्षा प्रबंधन: पर्यवेक्षकों के मध्य जागरूकता पैदा करने हेतु।

कोचिंग कक्षाएं: कैरियर संवर्धन हेतु।

कम्प्यूटर जागरूकता कार्यक्रम: सभी संबंधित कार्यालयीन कार्यों के कुशल और सुचारु नित्पादन हेतु ।

ग) श्रमिक कार्यक्रम:

श्रमिक विकास कार्यक्रम: श्रमिकों के कौशल के उन्नयन हेतु।

एचईएमएम प्रशिक्षण: उपयुक्त प्रशिक्षण के पश्चात् विभिन्न खानों में तैनाती के लिए भू-विस्थापित को इस प्रशिक्षण के लिए चुना जाता है।

सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम: खानों में सुरक्षा के संबंध में श्रमिकों के मध्य सुरक्षा जागरूकता सृजित करने हेतु।

कम्प्यूटर जागरूकता कार्यक्रम: कुशलता से कम्प्यूटर संभालने हेतु।

वर्ष 2013-14 और 2014-15 के प्रशिक्षण का ब्यौरा:

आंतरिक प्रशिक्षण का ब्यौरा **(**एमटीआई**,** बीटीआई**,** मीटी**,** वीटीसी)

क्र.सं.	**कर्मचारी**	वर्ष 2013-14	वर्ष 2014-15
01	कार्यपालक	1543	1040
02	पर्यवेक्षक	941	676
03	कामगार	4472	4211
	कुल	6956	5927

<u>बाह्य प्रशिक्षण का ब्यौरा</u>:

क्र.सं.	**कर्मचारी**	वर्ष 2013-14	वर्ष 2014-15
01	कार्यपालक	832	801
02	पर्यवेक्षक	158	116
03	कामगार	92	49
	कुल	1082	966

<u>विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों को इन्टर्नशिप प्रशिक्षण</u> :

क्र.सं.	**कर्मचारी**	वर्ष 2013-14	वर्ष 2014-15
01	खनन इंजीनियरी	50	200
02	खनन डिप्लोमा	63	812
03	बी.टेक	52	190
04	एमबीए	45	46
05	अन्य	-	71
	कुल	210	1319

पोस्ट डिप्लोमा व्यवहारिक प्रशिक्षण (पीडीपीटी):

क्र.सं.	संस्थान	वर्ष 2013-14	वर्ष 2014-15
01	ओएसएमई, क्योंझर	10	33
02	केआईएमईटी, छेंडिपदा	10	10
03	पीसीआईईटी, अंगुल	24	30
05	पीएमआईटी, अंगुल	-	11
06	केएसई,केन्दूझर	-	5
	कुल	44	89

एमसीएल बोर्ड सदस्यों को प्रदत्त प्रशिक्षण

वर्ष	प्रशिक्षणों की संख्या	भारत में	विदेश में
2013-14	7	6	1
2014-15	2	4	--

वर्ष 2014-15 में प्राप्त प्रशिक्षण श्रम दिन

क्र.सं.	कर्मचारी	वर्ष 2013-14	वर्ष 2014-15
01	कार्यपालक	7612	7156
02	पर्यवेक्षक	5830	4135
03	कामगार	39158	32780
	कुल	52600	44071

वर्ष 2014-15 के समझौता-ज्ञापन के अनुसार विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमः

क्र.सं.	प्रकार	लक्ष्य	प्रशिक्षित कार्यपालक
1	परियोजना प्रबंधन	60	60
2	संविदा प्रबंधन	5	15
3	जोखिम प्रबंधन	5	6
4	पर्यावरण प्रबंधन	5	9
5	एएमपी	2	13
6	सिमुलेटर प्रशिक्षण	10	27

25.4 भुवनेश्वर में प्रबंधन विकास संस्थान(एमआईएनआरईएम):

एमसीएल ने कोयला उपक्रम के अधिकारियों के लिए विकसित एवं उभरते हुए विकास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक बड़े-कदम उठाने की शुरूआत की है। टोमान्डो,भुवनेश्वर में दी जानेवाली सुविधाओं का लक्ष्य विविध गतिविधियों जैसे प्रशिक्षण एवं विकास, आर एंड डी ,परामर्श और सामान्य शैक्षिक कार्यक्रम उपलब्ध कराना है। नई तकनीक, व्यापार को विभिन्न आयाम देने तथा अधिकारियों की सेवा-निवृत्ति से कार्य एवं सक्षमता में एक दूरी का निर्माण हो रहा है इसे एचआरडी त्वरित हस्तक्षेप से पाटा जा सकता है । इसी के लिए इस संस्थान का गठन किया गया।

एमसीएल इंस्टीच्यूट आफ नेचूरल सिसोर्सेज एंड एनर्जी मैनेजमेंट(एमआईएनआरईएम) पूरी तरह एमसीएल द्वारा स्थापित एवं वित्त प्रदत्त राजधानी नगर भुवनेश्वर में विश्वस्तरीय संस्थान है। इसे महानिरीक्षक(पंजीकरण) ओड़िशा द्वारा सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत 16.01.2015 को सोसाइटी के रूप में पंजीकृत किया गया।

मेसर्स एनबीसीसी के प्रोजेक्ट मैंनेजमेंट कंसल्टेंसी के तहत परियोजना का सिविल निर्माण पूरी तत्परता के साथ इसके ढांचागत भाग और अन्य भागों की समय सीमा में कार्य हो रहा है।

जैसा कि हम जानते हैं एमआईएनआरईएम एमसीएल की प्रतिभा निर्माण के लिए उत्तरदायी है । इसने एक पूर्ण रूपेण तथा अच्छी तरह सोची समझी प्रतिभा विकास की योजना अपनायी है जो संगठन के उभरते हुए अधिकारियों में सही मूल्य बोध उत्पन्न करेगी उन्हें खुले दिमाग एवं जिज्ञासा जगाएगी। कंपनी को प्रतियोगी वातावरण में आगे ले जाने के लिए बल प्रदान करेगी।

25.5 मनोरंजन गतिविधियां :

टीम भावना को प्रेरित करने और कर्मचारियों के बीच आपसी भावना को समझने को ध्यान में रखते हुए कंपनी में विभिन्न मनोरंजन गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।क्षेत्र स्तर पर विभिन्न टूर्नामेंट आयोजित किए गए और चुने गए खिलाड़ियों को सीआईएल अंतर-कंपनी टूर्नामेंट में भाग लेने हेतु भेजा गया है।

कोल इंडिया स्थापना के साथ-साथ एमसीएल के स्थापना दिवस के अवसर पर उत्कृष्टता हेतु दौड़ का आयोजन किया गया। समाज के दलितवर्ग के सामाजिक और आर्थिक विकास हेतु,एमसीएल महिला मंडल ने एमसीएल परिधि के भीतर और आस-पास अनेक परोपकारी कार्य किए हैं। पंजीकृत विभिन्न संगठनों को उनके क्षेत्रों में मनोरंजन और सामाजिक गतिविधियां कराने हेतु वित्तीय सहायता भी दी गई है।

25.5.1 शिक्षा:

एमसीएल ने कोयला खदानों के आस-पास चल रही शैक्षिक संस्थाओं, एन.के. महाविद्यालय, तालचेर सहित 19 निजी रूप से प्रबंधित स्कूलों को सहायता-अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की है । हमारे बच्चों के लिए अच्छी शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु एमसीएल में 09 डीएवी पब्लिक स्कूल चल रहे हैं। इसमें विशेष रूप से बालिकाओं के लिए डीएवी बालिका हाई स्कूल शामिल है। वर्ष 2014-15 के दौरान, डीएवी पब्लिक स्कूलों के आवर्ती व्यय हेतु रू.22,46,54,028/- तथा निजी स्कूलों को रू.20,42,760/. उपलब्ध कराए गए। उपर्युक्त के अलावा, आईजीआईटी, सरांग और ओएसएमई, क्योंझर (डिप्लोमा तकनीकी स्कूलों) में वेज बोर्ड कर्मचारियों के बच्चों के दाखिले हेतु 40 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं।

25.5.2 मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति:

सीआईएल छात्रवृत्ति योजना के अनुसार कर्मचारियों के बच्चों को मेरिट के आधार पर छात्रवृत्ति दी जाती है। 2014-15 के दौरान, 1266 मेधावी छात्रों (सभी बच्चे कर्मचारियों के हैं) को छात्रवृत्ति देने के लिए 18,78,300/- की राशि की व्यवस्था की गई है।

आपकी कंपनी ने तकनीकी और चिकित्सा शिक्षा हेतु ट्यूशन शुल्क और छात्रावास भाड़े के लिए कर्मचारियों के बच्चों को वित्तीय सहायता दी है। 2014-15 के दौरान, इस शीर्ष के तहत कर्मचारियों के 73 बच्चों को 17,61,418/- की राशि संवितरित की गई।

26. राजभाषा :

एमसीएल के मुख्यालय और क्षेत्रों में भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए प्रतिवर्ष एक वार्षिक कार्यक्रम/कैलेंडर तैयार किया जाता है और उसके अनुसार कार्यक्रम किए जाते हैं।

वर्ष 2014-15 के दौरान निम्नलिखित राजभाषा कार्यक्रम आयोजित किए गए :

1. **राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें**:

   राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें सीएमडी, एमसीएल की अध्यक्षता में दिनांक 30.06.2014, 15.09.2014, 19.12.2014 व 28.03.2015 को आयोजित की गईं जिसमें क्षेत्रों और मुख्यालय में राजभाषा की प्रगति की समीक्षा की गई और भारत सरकार की राजभाषा नीति के सुचारू कार्यान्वयन के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

2. **राजभाषा कार्यशाला:**

एमसीएल मुख्यालय में निम्नानुसार राजभाषा कार्यशालाएं आयोजित हुई-

मुख्यालय में 11 राजभाषा कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों को राजभाषा नीतियों के नियमों और विनियमों से अवगत कराया गया और हिंदी में टिप्पण/आलेखन का अभ्यास किया। इन कार्यक्रमों में कुल 412 अधिकारियों/ स्टाफ ने भाग लिया।

3. **नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), संबलपुर की बैठकें:**

वर्ष के दौरान नराकास, संबलपुर की दो अर्द्धवार्षिक बैठकें दिनांक 30.6.2014 और 28.11.2014 को संपन्न हुई । दोनों बैठक अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, एमसीएल तथा अध्यक्ष,नराकास, संबलपूर की अध्यक्षता में आयोजित की गईं । उप निदेशक (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, भारत सरकार, कोलकाता भी दिनांक 28.11.2014 की बैठक में उपस्थित थे।

4. **हिंदी भाषा प्रशिक्षण:**

हिंदी भाषा प्रशिक्षण और परीक्षा हिंदी शिक्षण योजना, भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जाता है। कुल 349 (मई, 2014 सत्र -170 और नवम्बर, 2014 सत्र-179) कर्मचारियों ने हिंदी शिक्षण योजना की परीक्षा पास की जिसका विवरण इस प्रकार है -

सत्र	**प्रबोध**	**प्रवीण**	**प्राज्ञ**	**कुल**
मई, 2014	99	38	33	170
नवंबर, 2014	45	87	47	179
कुल	144	125	80	349

सीआईएल नियमों के अनुसार उन्हें एकमुश्त नकद पुरस्कार दिया गया और प्राज्ञ पास अभ्यर्थियों को एमसीएलके परिपत्र के अनुसार उपर्युक्त के अलावा एक वर्ष की उनकी वेतनवृद्धि के बराबर एकमुश्त नकद प्रोत्साहन दिया गया।

5. **कम्प्यूटर पर यूनीकोड समर्थित हिंदी टंकण प्रशिक्षण**:

एमटीआई, एमसीएल में 12.05.2014 से 17.05.2014 तक तथा 23.02.2015 से 28.02.2015 तक यूनीकोड समर्थित हिंदी टंकण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें एमसीएल के कुल 95 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया ।

6. **अखिल भारतीय कवि सम्मेलन:**

राजभाषा पखवाड़ा 2014 के समापन समारोह के अवसर पर 07.10.2014 को एमसीएल मुख्यालय में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।

7. **राजभाषा पुरस्कार/सम्मान:**

विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों द्वारा आयोजित राजभाषा सेमिनार में एमसीएल के अधिकारी/कर्मचारी शामिल हुए ।

खजुराहो में दिनांक 29-31 अक्तूबर,2014 को आयोजित एक संगोष्ठी में राजभाषा विकास संस्थान,देहरादून से एमसीएल पदाधिकारियों को निम्नानुसार पुरस्कार सम्मान प्राप्त हुए

- श्री ए.एन.सहाय, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, एमसीएल को "राजभाषा श्री सम्मान"
- श्री पी.सी.पाणिग्राही,निदेशक (कार्मिक), एमसीएल को "विशेष राजभाषा श्री सम्मान"
- श्री एन.के;ओझा, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) को "राजभाषा कीर्ति सम्मान"
- श्री ओ.पी.मिश्रा, मुख्स प्रबंधक(ई-प्रोक्यो.) को "विशेष राजभाषा कीर्ति" व "राजभाषा विशिष्ट सम्मान "
- श्री मोहन कुमार, मुख्य प्रबंधक(प्रणाली) को "विशेष राजभाषा विशिष्ट सम्मान"

❖ श्री अजय कुमार राम, वरीय निजी सहायक(राजभाषा) को "विशेष राजभाषा शिल्पी सम्मान" साईं धाम शिरडी में दिनांक 20 से 22 नवंबर, 2014 को आयोजित संगोष्ठी में भारतीय राजभाषा परिषद, नई दिल्ली से निम्नानुसार पुरस्कार प्राप्त हुआ -

❖ श्री पी.सी.पाणिग्राही,निदेशक (कार्मिक), एमसीएल को "राजभाषा गौरव सम्मान"

8. **हिंदी दिवस/हिंदी पखवाड़ा:**

दिनांक 14.9.2014 को एमसीएल मुख्यालय और क्षेत्रों में हिंदी दिवस मनाया गया। मुख्यालय में इसका उद्घाटन श्री जीतेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक(पर्या.),एमसीएल मुख्या. द्वारा किया गया।

14 से 28 सितंबर, 2014 तक एमसीएल मुख्यालय और क्षेत्रों में राजभाषा पखवाड़ा मनाया गया। समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे हिंदी निबंध लेखन, वाद-विवाद, टिप्पण और आलेखन तथा कम्प्यूटर पर हिंदी टंकण आयोजित की गईं जिनमें कर्मचारियों ने बहुत संख्या में भागीदारी की।

उपर्युक्त के अतिरिक्त कर्मचारियों की पत्नियों के लिए प्रश्नोत्तरी और राजभाषा नारा प्रतियोगिता आयोजित की गई और एमसीएल सभागार में 07.10.2014 को पुरस्कार वितरित किए गए।

9. **विश्व हिंदी दिवस:**

एमसीएल मुख्यालय में दिनांक 10.1.2015 को विश्व हिंदी दिवस मनाया गया और इसका उद्घाटन श्री ए. एन. सहाय, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, एमसीएल द्वारा किया गया। इस अवसर पर एक राजभाषा संगोष्ठी भी आयोजित की गई । श्री ए.के.तिवारी, निदेशक (तक./सं.), श्री पी.सी.पाणिग्राही, निदेशक(का.) , श्री जी.देहुरी, महाप्रबंधक (मा.सं.वि./प्र.प्रशि.सं./राजभाषा), प्रो. के.पी.गुप्ता, भूतपूर्व विभागाध्यक्ष (हिंदी), जी.एम.कॉलेज, श्री पौहरिशरण सिन्हा, भूतपूर्व व.प्रबंधक (राजभाषा),सेल,दुर्गापुर, श्री राघव प्रसाद पांडे, भूतपूर्व व.प्रबंधक (राजभाषा), ईसीएल, आसंनसोल, डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा, हिंदी प्राध्यापक, हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर इसमें शामिल हुए व जनसमूह को संबोधित किया ।

10. **पुस्तकों की खरीद:**

राजभाषा नीति के अनुसार, पुस्तकों की खरीद पर 93,167/- का व्यय हुआ जिसमें से हिंदी पुस्तकों पर 73,377/- का व्यय हुआ जो कुल व्यय राशि 78.76% था।

11. **एमसीएल की वेबसाइट:**

एमसीएल की वेबसाइट द्विभाषी बनाई गई है जिसे समय-समय पर अद्यतन किया जाता है।

12. **राजभाषा पत्रिकाएं:**

वर्ष 2014-15 के दौरान दो राजभाषा पत्रिकाएं, 'राजभाषा झलकियां' तथा 'संबलप्रभा' का प्रकाशन कराया गया ।

27. भूमि/ आर एण्ड आर :

आपकी कंपनी अपनी परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए परियोजना प्रभावित/विस्थापित परिवारों की मदद करने के लिये प्रतिबद्ध है और परियोजना प्रभावित परिवारों की सामाजार्थिक स्थिति को सुधारने के प्रयास कर रही है और विकास के साथ प्रगति हेतु भी प्रतिबद्ध है जो इसकी आरएण्डआर नीति में बहुतायत से दर्शाया गया है। एमसीएल ओडिशा राज्य की आर

एण्ड आर नीति का पालन करती है और 2013-14 के दौरान 580 रोजगारों की तुलना में 2014-15 के दौरान 411 रोजगार उपलब्ध कराए हैं और अपनी स्थापना के दिन से कुल 11856 रोजगार उपलब्ध कराए हैं। भूमि विस्थापितों की शिकायतों के निवारण के लिए एमसीएल आरपीएडीसी के परामर्श पर कार्य कर रही है । भूमि विस्थापितों के लाभ के लिए पक्की सड़क, स्ट्रीट लाइट, स्वास्थ्य केन्द्र, डाकघर, दैनिक बाजार, स्कूल, सामुदायिक केन्द्र, पूजा-स्थल इत्यादि के साथ पुनर्वास कॉलोनियां भी स्थापित की गई हैं।एमसीएल सभी परिधीय ग्रामीणों को कोलफील्ड्स में उपलब्ध इसके मौजूदा अस्पतालों/डिस्पेंसरियों में नि:शुल्क अथवा नाममात्र शुल्क 2.00 प्रति मरीज की दर से ओपीडी सुविधा उपलब्ध कराती है।

आपकी कंपनी खनन गतिविधियों के विस्तार के लिए प्रभावित ग्रामीणों को पुनर्वास और पुन: स्थापना उपलब्ध कराकर भूमि अधिग्रहित करती है। 2014-15 के दौरान, एमसीएल ने 315.035 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की है।

28. कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व:

भारत की बहुसंख्यक जनता मूलभूत सुविधाओं से बंचित हैं इन्हें ऐसे अवसर देने की आवश्यकता है जो लम्बे समय तक समाज के विस्तृत क्षेत्रों में सुधार करे। अच्छे कार्पोरेट की पहचान के तहत एमसीएल अपने सुस्पष्ट सीएसआर नीति जिसकी स्थापना 2010-11 में की गई ताकि समाज के सबसे गरीब तबके के अधिकांश लोग लाभ प्राप्त कर सके। इसके लिए एमसीएल विभिन्न सामाजिक-आर्थिक विकास के कार्य करता रहा है। अपनी स्थापना के दिन से कंपनी विभिन्न गतिविधियों जैसे-जलापूर्ति योजना के लिए वित्तीय सहायता, आधारभूत संरचना के विकास के तहत जन उपयोगी सड़कों का निर्माण/ मरम्मत, सामुदायिक केंद्रों का निर्माण,चेक डैम इत्यादि,लड़कियों की शिक्षा, कमजोर तबके को प्रशिक्षण एवं रोजगार विहिन युवाओं/पीएपी को व्यवसायिक प्रशिक्षण के द्वारा सामाजिक उन्नयन, निवारक स्थास्थ्य कार्यक्रम, ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम और नियमित आधार पर मोबाईल चिकित्सा वैन के माध्यम से पार्श्ववर्ती ग्रामों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराता रहा है ।

सीएसआर गतिविधियों के लिए मुख्य मानदंड है- आवश्यकताओं का मूल्यांकन । राज्य सरकार/जिला प्रशासन समाज की आश्यकताओं को सामने लाता है और एमसीएल उस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया करता है ।

आलोच्य अवधि के दौरान स्वच्छ विद्यालय अभियान के अंतर्गत एमसीएल ने एक माननीय प्रधान मंत्री के स्वप्निल परियोजना को अपनाते हुए ओड़िशा राज्य में विद्यालयों में प्रसाधन कक्षों के निर्माण का कार्य किया । ओड़िशा के विभिन्न जिलों में कुल 8654 विद्यालयों में प्रसाधन कक्षों का निर्माण एमसीएल ने किया । .

एमसीएल ने संगठन में क्षमता निर्माण संवेदीकरण और हिमायत मुद्दों पर जोर दिया, विशेषकर प्रशिक्षण कार्यक्रम, परिचर्चा, संगोष्ठी आदि के नियमित आयोजन के जरिए मुख्य कारोबार के दैनिक प्रचालनों में शामिल रहनेवालों के लिए।

एमसीएल ने सीआईएल और एमसीएल की सीएसआर की नीति के अनुरुप सीएसआर कार्यकलापों के लिए विगत तीन वर्षें के औसत शुद्ध लाभ के 2% की दर से वर्ष 2014-15 में रुपए 113.97 करोड़ आबंटित किए।

एमसीएल ने सीएसआर कार्यकलापों को विस्तृत और व्यापक करने के महत्वाकांक्षी कदम उठाए हैं। वर्ष 2014-15 का व्यय रुपए 61.30 करोड़ है और प्रमुख कार्यकलाप प्रगति पर है।

कंपनीज (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) नियमावली, 2014 के नियम 9 तथा अधिनियम की खंड 134 की उपखंड (3) की धारा (0) के अनुसरण में आवश्यक सांविधिक प्रकटीकरण अनुलग्नक-I पर दिया गया है

28.1 **जेंडर बजट की व्यवस्था-**

आपकी कंपनी का दृढ़ विश्वास है कि विकास के लाभों की पुरूषों के बराबर महिलाओं तक प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए जेंडर मेनस्ट्रीमिंग में जेंडर बजट व्यवस्थापन एक शक्तिशाली औजार है । नीति/कार्यक्रम निर्धारण, कार्यान्वयन तथा इसकी समीक्षा में जेंडर परिप्रेक्ष्य को बनाए रखते हुए एमसीएल में यह मात्र एक लेखा कार्य न होकर एक सतत प्रकिया है । सामाजिक अनुक्रियाशीलता के कारण एमसीएल ने कंपनी के भीतर और बाहर सदैव जैंडर विशिष्ट मामलों के प्रति अपनी संवेदनशीलता दर्शाई है और सर्वोत्तम सम्भावित प्रयासों के माध्यम से उन्हें दूर करने का प्रयास किया है। इसके कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं:-

- o सार्वजनिक क्षेत्र विंग/शाखा, एमसीएल में महिलाओं विप्स को सक्रिय रूप से कार्य करने की अनुमति देने के साथ विस्तृत प्रदर्शन व ज्ञान वर्द्धन हेतु कंपनी और बाहर के सेमिनारों और सम्मेलनों में इसके सदस्यों को भाग लेने की अनुमति देना ।
- o महिला कर्मचारियों द्वारा दाखिल की गई शिकायतों के उपयुक्त व समयानुसार निवारण के लिए शिकायत समिति गठित की गई है ।
- o अपने कार्यबल के जेंडर विशिष्ट डाटाबेस का अनुरक्षण।
- o सीएसआर के भाग के रूप में तीन 'जनजातीय महिला' छात्रावासों का निर्माण।
- o एमसीएल की सीएसआर के तहत संबलपुर विश्वविद्यालय में 150 सीटों के महिला-छात्रावास का निर्माण।
- o प्रति वर्ष मई दिवस पर सीएसआर के क्षेत्र में उत्कृष्ट अंशदान हेतु महिलाओं को मान्यता देने की विशेष पुरस्कार योजना।
- o सीआईएल नियमों के अनुसार पात्र महिला अधिकारियों को बाल देख-रेख अवकाश (सीसीएल) प्रदान करना।
- o खान दुर्घटनाओं में मृत कर्मचारियों की पत्नियों हेतु रोजगार के लिए आयु सीमा में छूट।
- o क्षमता और रोजगार के सामर्थ्य को बढ़ाने हेतु मुख्यालय और क्षेत्रों दोनों से चलाई जा रही "महिला मंडल" द्वारा आसपास के समुदायों की लाभ वंचित महिलाओं को सिलाई/कढ़ाई, कम्प्यूटर साक्षरता, किराना वस्तुओं के व्यापार इत्यादि के लिए प्रशिक्षण उपलब्ध कराना । यह सामाजिक आउटफिट एमसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों व स्टाफ्स की पत्नियों द्वारा गठित की गई है।
- o उपयुक्त प्रतिनिधित्व और संबोधन से संबंधित मामलों के निपटारे हेतु प्रबंधन और ट्रेड यूनियनों के बीच होनेवाली औद्योगिक संबंध बैठकों में महिला कर्मचारियों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना।

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न(रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 के तहत घोषणा :

कंपनी में यौन उत्पीड़न(रोकथाम,निषेध और निवारण) अधिनियम,2013 के तहत आंतरिक शिकायत समिति का गठन यौन उत्पीड़न से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निवारण के लिए किया गया है। इस नीति के तहत सभी कर्मचारी(स्थायी, ठेका, अस्थायी, प्रशिक्षु) आते हैं।

प्राप्त शिकायतों की संख्या – शून्य

निपटायी गई शिकायतों की संख्या – शून्य

28.2 **जन संपर्क -**

संस्था की घटनाओं और विभिन्न मुद्दों पर अपने रूख के बारे में हितधारकों को अद्यतन रखने के लिए लिए आपकी कंपनी के पास काफी सक्रिय जनसंपर्क है। संचार माध्यम के रणनीतिक योजना द्वारा हमने आंतरिक व बाह्य जनता तक अपनी पहुंच बनाने पर विशेष बल दिया है । कंपनी के विभिन्न विकास/ घटना के बारे में प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया को अद्यतन रखते हुए हमने उनके साथ स्वस्थ व्यावसायिक संबंध कायम रखा है । देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूर्ण करने के साथ समाज के कमजोर तबकों के,विशेषत: ओड़िशा में हमारे अधिकार क्षेत्र के अंदर व आसपास में रहने वाले परिधीय जनसामान्य,सामाजिक-आर्थिक उन्नयन हेतु कंपनी के विभिन्न व्यवसाय-संबंधी,सामाजिक व विकासात्मक पहल के लिए हमारे विचार में मीडिया एक गुणक है ।

उच्च प्रबंधन के साथ वरिष्ठ पत्रकारों के विशेष वार्ता आयोजित करने तथा चतुर्थ स्तंभ के इन प्रतिनिधियों को सरकारी कार्यों/समारोहों में शामिल करना मीडिया के साथ हमारे मैत्रीपूर्ण व्यावसायिक संबंध की कुंजी रही है।कंपनी की ओर से बढ़ती तादाद में प्रेस विज्ञप्ति जारी करके और मीडिया प्रतिनिधियों से नियमित संवाद से कंपनी की पहलों और सफलताओं को व्यापक प्रचार कवरेज प्राप्त हुई है।

वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान कंपनी का संकट प्रबंधन संचार माध्यम से सुर्खियों में रहा तब कंपनी को अशांत वातावरण से उबारने में तथा उपभोक्ताओं, विशेषकर विद्युत उत्पादन संयंत्रों में, इसके असर को कम करने में जनसंपर्क सफल रहा । संकटकाल में कंपनी द्वारा अपनाई गई पीआर रणनीति की व्यावसायिक निकायों ने अभिस्वीकृत किया, जैसे-पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएस) ने एमसीएल को संकट संचारण के लिए पीआरएसआई नेशलन अवार्ड प्रदान किया तथा पब्लिक रिलेशंष काउंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) ने इस पीआर प्रकरण अध्ययन को गोल्ड अवार्ड प्रदान किया ।

इसके अतिरिक्त, अपने संचालन व उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए आपकी कंपनी ने कटक, भुवनेश्वर व नई दिल्ली में आयोजित विभिन्न प्रदर्शनी में भाग लिया ।

इन सभी प्रदर्शनियों में आपकी कंपनी की प्रदर्शनियों का अवार्ड के लिए चयन हुआ ।

आपकी कंपनी ने आंतरिक वितरण हेतु **'द महानदी'** नाम से एक द्विभाषिक पत्रिका का प्रकाशन आरंभ किया है तथा कंपनी की पर्यावरणानुकूल खनन कार्यों, सीएसआर तथा आरएंडआर पहल आदि को दर्शाती हुई कुल 45 मिनट की एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म, 'माइनिंग कोल विद ग्रीन थॉट्स' पूर्ण किया है ।

आपकी कंपनी का फेसबुक पेज, **"महानदी कोल फील्ड्स के समाचार"** ,के जरिए सामाजिक मीडिया में रहना (कोल इंडिया में प्रथम) आम जनता और कंपनी के पुराने व वर्तमान कर्मचारियों में अत्यंत लोकप्रिय हो रहा है।

कंपनी के लिए सकारात्मक जनमत व सद्भावना जागृत करने के लिए विभिन्न अवसरों पर मीडिया में कार्पोरेट विज्ञापन जारी किए गए तथा सांस्कृतिक, शैक्षणिक/प्रशिक्षण महत्व के आयोजनों को हमने प्रायोजित किया । अंतर्राष्ट्रीय क्रीड़ा आयोजनों में ब्रांडिंग, एफआईआइएच चैंपियंस ट्रॉफी (पुरूष), हॉकी टूर्नामेंट तथा हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित हॉकी इंडिया लीग में आपकी कंपनी राष्ट्रीय खेल के प्रोत्साहक के रूप में लोगों की नजर में आई ।

29. सामाजिक सुविधाओं पर पूंजी निवेश:

दिनांक 31.3.2014 की तुलना में दिनांक 31.3.2015 को सामाजिक सुविधाओं पर निवेश की गई पूँजी का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है :-

(करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	स्थिर परिसंपत्तियों का सकल मूल्य	
		31.03.2015 को	31.03.2014 को
1	भवन	363.38	333.11
2	यंत्र एवं संयंत्र	72.58	70.49
3	फर्नीचर,फीटिंग एवं उपकरण	8.69	8.18
4	वाहन	7.15	5.86
5	विकास	9.24	9.24
	कुल	**461.04**	**426.88**

30. सतर्कता गतिविधियॉ एवं उपलब्धियॉ:

एमसीएल के सतर्कता विभाग का मुख्य फोकस लाभकारी प्रौद्योगिकी के उपयोग के जरिए निरोधक सतर्कता पर रहा है। प्रमुख जोर पहचाने गए संवेदनशील भ्रष्टाचार के क्षेत्र में सुधार लाने के सुव्यवस्थित रूप सुझाने पर रहा है ताकि कंपनी के व्यावसायिक लेन-देनों में मानवीय हस्तक्षेप न्यूनतम किया जा सके। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान निरोधक, भविष्यसूचक और पूर्व-अधिकृत सर्तकता उपायों के रूप में मुख्य सतर्कता अधिकारी के मार्गदर्शन में बार-बार औचक निरीक्षण किए गए हैं जिससे कि विभिन्न क्षेत्रीय अभियानों एवं विधिवत प्रणाली और प्रक्रियाओं में अनियमितताओं का पता लगाया जा सके। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों में सतर्कता के प्रति जागरूकता और भ्रष्टाचार-निरोधी मामले प्राथमिक कार्यसूची पर थे जिसमें अन्य बातों के अलावा पारस्परिक प्रभाव/विचार-गोष्ठी के माध्यम से नए भर्ती किए गए प्रबंधन प्रशिक्षणार्थी, विक्रेता, छात्र और आम नागरिक शामिल हैं।

30.1 निरोधक सतर्कता :

(क) <u>निरीक्षण:</u>

वर्ष 2014-15 के दौरान, 38 औचक और 02 नियमित प्रकार के निरीक्षण किए गए। ऐसे निरीक्षणों में प्रमुख फोकस प्रणाली/प्रक्रिया को सुप्रवाही बनाना रहा है ताकि फील्ड अभियानों में स्वच्छता और पारदर्शिता लाई जाए। विभिन्न फील्ड अभियानों की औचक जांच जैसे कि डीजल की खपत, कोयले की गुणवत्ता, सुरक्षा तैनाती, कोयला परिवहन, स्थानीय खरीद/ आपातकालीन खरीद, सार्वजनिक क्रय आदि व्यवस्थित सुधारों के रूप में जारी विभिन्न परिपत्रों, अनुदेशों, दिशा-निर्देशों और जहॉ आवश्यक पाया गया दण्डात्मक कार्रवाई की गई।

(ख) <u>व्यवस्थित सुधार</u>

1. कंपनी में जून,2014 में दैनिक सर्वे आकलन के लिए परीक्षण के आधार पर एसयूआरपीएसी साफ्टवेयर को लगाया गया। प्रणाली में सुधार हेतु सतर्कता विभाग द्वारा उसके सचिवालय के संदर्भ संख्या-990 दिनांक 28.06.2014 द्वारा निम्नलिखित सुझाव दिए गए।

   "साफ्टवेयर प्रणाली को इस तरह बनाने की आवश्यकता है कि कुल स्टेशनों द्वारा संग्रहित प्रारंभिक डाटा को प्रणाली में सुरक्षित रखा जाए ताकि किसी व्यक्ति द्वारा डाटा में छेड़छाड़ की संभावना खत्म हो जाए। जब तक यह नहीं किया जाता तब तक कार्यालय के व्यक्तियों द्वारा डाटा में सुधार /बदलाव की संभावना बनी रहेगी। यद्यपि यह साफ्टवेयर में अपलोड हो चुका हो। तो भी एसयूआरपीएसी साफ्टवेयर के प्रभावी और पारदर्शी प्रयोग के लिए प्रारंभिक सर्वे आंकड़ों के साथ तैयार विभिन्न रिपोर्ट योजनाएं और

सेक्सन्स को प्राधिकृत व्यक्तियों को किसी भी समय एवं जब उसे आवश्यकता हो को उपलब्ध कराया जाए।"

कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को सुझाव दिया जाता है कि वे रॉ-सर्वे डाटा कलेक्सन प्रक्रिया के आधुनिकीकरण के लिए 3डी लेजर जैसे प्रणाली की शुरूआत करें।

2. सतर्कता सचिवालय जीपीएस/सीसीटीवी/आरएफआईडी/वीटीएस/आईपी कैमरों के लगाने की मानीटरिंग कर रहा है। वर्तमान में ऐसी आशंका है कि निजी कोयला वाशरी के मालिकों के साथ-साथ परिवहनकर्ताओं के साथ नीचले क्रम के कर्मचारी समूह इन प्रणालीगत सुधारात्मक उपायों से नाराज है। इसके परिणाम स्वरूप वे जीपीएस/वीटीएस/ सीसीटीवी/ आरएफआईडी/ आईपी कैमरों को नष्ट कर सकते हैं।

   इस संबंध में कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को यह सुझाओ दिया गया है कि वे परिपत्र के द्वारा परियोजनाओं/क्षेत्रों को आईटी समर्थ निवारक सतर्कता उपाय बिना किसी बाधा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करता रहे। यह सतर्कता सचिवालय के संदर्भ संख्या-1152 दिनांक 21.07.2014 द्वारा कहा गया है।

3. सतर्कता जागरुकता सप्ताह-2014 को अनुपालन के दौरान बीडर-मिट आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ठेकेदार,आपूर्तिकर्ता, कोयला परिवहनकर्ता जिनकी ठेकाएं इस इंटीग्रीटी पैक्ट के तहत है, ने भाग लिया। एमसीएल के दोनों आईईएम के साथ निदेशक(वित्त) एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी इन सत्रों में उपस्थित थे। पूरा सत्र काफी जीवन्त रहा इसमें बोलीकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और उन्होंने यह बताया कि उनके फाइलों के साथ विभिन्न स्तर पर क्या समस्याएं आतीं हैं उसकी जानकारी प्रदान कीं।

   बोलीकर्ताओं द्वारा उठाए गए मामलों को एक विस्तृत टिप्पणी के साथ सतर्कता सचिवालय दृष्टिकोण एवं संदर्भ संख्या-979 दिनांक 21.11.2014द्वारा कंपनी के कार्यकलाप को नियमित करने के लिए कंपनी के मुख्य अधिशासी अधिकारी को भेजी गई।

4. विभिन्न क्षेत्रों में गाड़ियों को भाड़े पर लेने के संबंध में,सतर्कता सचिवालय के ध्यान में आया है कि एक ही गाड़ी दो विभिन्न चालू कार्य-आदेशों के तहत लगी हुई है। इस दूहराव को रोकने के लिए कोलनेट पर एक माड्यूल डिजाइन किया गया है ताकि सभी ठेका गाड़ियों का विवरण अपलोड किया जाए ताकि कार्य आदेश जारी करने के पहले निविदा प्राधिकारी यह सत्यापित कर लें कि गाड़ी विशेष कहीं लगा हुआ है या नहीं।पहले साथ ही, बोलीकर्ता/ट्रेवल एजेन्ट से यह शपथ पत्र फार्म में घोषणा करा लिया जाए कि यदि विचलन पाया जाता है तो बोलीकर्ता/ट्रेवल एजेन्ट को काली सूची में डाल दिया जाएगा।

30.2 दंडात्मक सतर्कता:

वर्ष के दौरान 01 मेजर(बड़ी) एवं 04 माइनर(छोटी) दण्ड की प्रक्रिया 89 कर्मचारियों के विरूद्ध प्रारम्भ की गई है। 03 बड़े मामलों में जांच की प्रक्रिया प्रगति पर है।

विवरण	31 मार्च, 2014 को लंबित	वर्ष 2014-15 के दौरान नई वृद्धियां	वर्ष 2014-15 के दौरान निपटान	31 मार्च, 2015 को लंबित
सतर्कता मामले	12	09	18	03
बड़ी दण्ड कार्यवाहियां	07	02	02	07
छोटी दण्ड कार्यवाहियां	04	05	06	03

30.3 कर्मचारियों का रोटेशन:

कंपनी की उन कर्मचारियों के रोटेशन की नीति है जो संवेदनशील पदों/विभागों में कार्य करते हैं। वर्ष के दौरान 153 कर्मचारियों को संवेदनशील पदों सें गैर संवेदनशील पदों में स्थानांतरित किया गया है । इसमें वे अधिकारी शामिल हैं जिन के नाम वर्ष 2014 की ''सहमत सूची'' तथा ''संदेहास्पद निष्ठा के अधिकारियों की सूची'' में आते हैं।

30.4 सीवीसी मामले

वर्ष के दौरान 04 मामले सीवीसी के पास प्रथम चरण की सलाह लेने के लिए भेजा गया।

30.5 संसद प्रश्न

वर्ष के दौरान 07 संसदीय प्रश्नों के उत्तर दिए गए।

30.6 सूचना का अधिकार अधिनियम:

वर्ष के दौरान 15 आरटीआई पूछताछों का समय-सीमा के भीतर उत्तर दिया गया।

30.7 रिपोर्ट प्रस्तुत करना:

मासिक, तिमाही, वार्षिक रिपोर्टें केन्द्रीय सतर्कता आयोग, कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया लि. को समय से भेजी गई थीं।

30.8 सतर्कता क्लीयरेंश:

वर्ष के दौरान 9762 कर्मचारियों की जिसमें निदेशक, वरिष्ठ अधिकारी और गैर- अधिकारी स्तर के अधिकारी शामिल थे की पदोन्नति, परिवीक्षा, अधिवर्षिता के मामलों में सतर्कता क्लीयरेंश सीआईएल/ एमओसी/सीवीसी को भेजी गई।

30.9 पारदर्शिता:

दिए गए टेण्डर और संविदाएं केन्द्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के कार्यालय आदेश सं. 13.03.2005 दिनांक 16.03.2005 के तहत, एमसीएल की वेबसाइट में डाली गईं। एमसीएल में 2009 से ई-टेंडरिंग के लिए एक डेडिकेटेड पोर्टल(https:mcltenders.gov.in)

30.10 सतर्कता जागरूकता सप्ताह:

केन्द्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के निर्देशों के अनुसार, एमसीएल ने, सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2014, का अपने सभी क्षेत्रों और स्थापनाओं में 27 अक्तूबर से 01 नवम्बर तक मनाया। इस अवधि में किए गए प्रमुख कार्यकलाप निम्नानुसार हैं :

- सतर्कता जागरूकता सप्ताह के विषय 'भ्रष्टाचार रोकने में तकनीक हथियार ' के सामंजस्य में 27.11.014 को एमसीएल मुख्यालय में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में परियोजना,क्षेत्रों एवं एमसीएल मुख्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी भाग लिए। इसके अलावा विभिन्न श्रमसंघों ,जेसीसी सदस्यों ने भी भाग लिया।
- "उसी दिन एमसीएल के सतर्कता बुलेटिन ,2014 के 10वां अंक का विमोचन किया गया।
- इसके अलावा सतर्कता जागरुकता सप्ताह-2014 के अंश के रूप में बीडर-मीट(ठेकेदार) आपूर्तिकर्ता/विक्रेताओं) दिनांक 28.10.2014 को आयेाजित किया गया जिसमें श्री ए.के. महापात्र,अवकाशप्राप्त आईएएस,स्वतंत्र बाह्य मानीटर(आईईएम) और श्री एस के महान्त,आईआरएस,आईईएम,एमसीएल ने प्रतिभागिता की/ वेंडर मीट में बोलीकर्ता अपने विचार/मांग/सुझाव सिविल,परिवहन एवं अन्य ठेकों के क्रम में आनेवाली समस्याओं पर रखे। इस मीट में क्षेत्रों के मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक,विभिन्न विभागों के स्टाफ आफिसर कंपनी मुख्यालय के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष तथा कर्मचारी/अधिकारियों ने भाग

लिया। कार्यशाला का चार सत्र निचले स्तर पर ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ता/ विक्रेताओं द्वारा सामना होनेवाली समस्याओं का जानने में सहायक हुआ। आईईएम/कार्यकारी निदेशकों/ मुख्य सतर्कता अधिकारी ने संबंधित व्यक्तियों को उनकी मांग के निपटारे का भरोसा दिलाया।

- संबलपुर जिला के 6 स्कूलों में दिनांक 29.10.14 को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया उसी दिन एमसीएल कर्मचारियों के लिए भी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।
- दिनांक 30.10.2014 को "ई-गवर्नेंस-डाटा सेक्युर्टी" विषय पर एक और सेमिनार का आयोजन किया गया इसमें मुख्य वक्ता के रुप में श्री गोपाल चंद्र नंद, आईपीएस,पूर्व पुलिस महानिदेशक, ओड़िशा और डॉ संदीप त्रिपाठी, आईएफएस,मुख्य कार्यपालक,ओड़िशा स्पेस एप्लीकेशन सेंटर(ओआरएसएसी),ओड़िशा ने भाग लिया तथा "ई-गवर्नेंस-डाटा सेक्युर्टी" तथा जीपीएस मेपिंग पर पड़नेवाली प्रेरणा के संबंध में अपने आलेख प्रस्तुत किए।श्री एस के भंजा,उप महाप्रबंधक,ई-प्रोक्योरमेंट सेल, एमसीएल ने एमसीएल के ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली में डाटा सेक्युरिटी पर प्रमुख जानकारी पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के द्वारा प्रस्तुत किया।
- सतर्कता जागरुकता सप्ताह-2014 के दौरान दो परिचर्चा सत्र का आयोजन क्षेत्रों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आयेाजित यिका गया। यह ईब वैली कोयलांचल के लिए 29.10.2014 तथा तालचेर कोयलांचल के लिए 31.10.2014 को आयोजित हुआ जिसमें सतर्कता दल के साथ अधोहस्ताक्षरी ने कर्मचारियों, अधिकारियों एवं विभिन्न श्रमसंघों के जेसीसी सदस्यों के साथ ' कंबेटिंग कारप्सन-टेक्नोलॉजी एज एन इनेब्लर ' को ध्यान में रखते हुए परिचर्चा किया।

30.11 सतर्कता बुलेटिन:

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान, सीवीसी, नई दिल्ली के विभिन्न परिपत्रों,अनुदेशों की कर्मचारियों में ज्ञान और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सतर्कता बुलेटिन का 8वां संस्करण जारी किया गया।

30.12 प्रमुख उपलब्धियां:

- ई-प्रोक्योरमेंट
- असफल बोली लगानेवाले को ईएमडी का आनलाईन आटो रिफन्ड।
- आरएफआईडी के साथ इनमोशन वे-ब्रीज की शुरूआत था इसे कोलनेट से जुड़ा होना।
- कोयला की चोरी रोकने के लिए जीपीएस आधारित व्हेक्लि ट्रेकिंग सिस्टम एवं खदान क्षेत्र में जिओ-फेन्सिंग को लगाना।
- सीसीटीवी द्वारा इलेक्ट्रानिक निगरानी।
- तीन परियोजनाओं में पूरी तरह ओआईटीडीएस द्वारा ओबी विस्थापन के लिए लगे एचईएमएम के मानिटरिंग के लिए इलेक्टोनिक शुरूआत।
- एमसीएल के 22,109 कार्मिकों एवं(लगभग) 12000 ठेका मजदूरों/सुरक्षा प्रहरियों के फोटोग्राफ सहित विस्तृत विवरण अपलोड करने हेतु कोलनेट का स्थायीत्व और पीआईएस मोड्यूल को लागू करना।

31. ई-प्रोक्योरमेंट:

एमसीएल की ई-प्रापण प्रणाली, जो 15.08.2009 को प्रारंभ हुई थी, का सफल संचालन हो रहा है और अब तक 7650 से अधिक निविदाएं इस माध्यम से निर्णित हो चुकी हैं। एमसीएल इस वेब-आधारित सॉफ्टवेयर समाधान के कार्यान्वयन से अत्यंत लाभांवित हुआ है। निविदाओं को अंतिम रूप देने में लगने वाले समय में काफी कमी आई है और निविदा की मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुविधा में संवर्धन हुआ है। सीवीसी के दिशा-निर्देश के तहत हाल ही में पोर्टल साफ्टवेयर की लेखा परीक्षा एसटीक्युसी द्वारा किया गया है। संगठन की साख में बेहतर पारदर्शिता और बोलीदाताओं को सुविधा देने से बढ़ती है। प्रणाली में सतत् प्रयास हुए हैं और नए फीचर जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रतिभूति जमा की वापसी की स्वचालित और अत्यंत प्रगतिशील प्रक्रिया का 15.10.2013 से कार्यान्वयन किया गया है। इस प्रक्रिया के कार्यान्वयन के पश्चात बोलीदाता को अस्वीकार करने पर प्रतिभूति जमा अगले दिन स्वत: ही वापस हो जाती है। ईएमडी की प्राप्ति एवं वापसी की इस प्रणाली को और विकसित किया गया है जिससे अवैध ईएमडी लेनदेन तत्काल प्रणाली द्वारा अस्वीकार कर दी जाती है और वापसी स्रोत लेखा में हो जाती है। फिलहाल रु.2.00 लाख और उससे अधिक मूल्य की निविदाओं को ई-प्रापण प्रणाली के जरिए अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसमें बहु-मुद्रा वैश्विक निविदाओं सहित कार्य, वस्तुएं और सेवाएं शामिल हैं।

एमसीएल की ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली की विशेष विशेषताएं :

1. टेण्डर के तकनीकी भाग का विश्लेषण पोर्टल साफ्टवेयर द्वारा स्वत: ही किया जाता है और बोली के विश्लेषण में मानव हस्तक्षेप कम-से-कम हो गया है।
2. डाटा आधारित पोर्टल साफ्टवेयर जिसे बोलीदाताओं द्वारा संरचित और वस्तुपरक फार्मेट में प्रदान किया जाता है, द्वारा मूल्यांकन निष्पादित किया जाता है। टेण्डर में भागीदारी के लिए बोलीदाता से न्यूनतम दस्तावेज अपलोड करने की अपेक्षा की जाती है।
3. बोलीदाताओं से उनकी बैंक गारंटियों के सिवाय किसी दस्तावेज को विश्लेषण के लिए आफलाईन प्रस्तुत करने की कोई जरूरत नहीं होती।
4. पोर्टल साफ्टवेयर में, निवेशित डाटा को वैध बनाने और समुचित चौकसी संदेश देने के लिए टेण्डरों के मूल्यांकन के लिए अपेक्षित व्यावसायिक लॉजिक शामिल किया जाता है।
5. बोलीदाता, बोली प्रस्तुत करते हुए, प्रत्येक अवस्था में यह फीडबैक प्राप्त करता है कि क्या बोली में टेण्डर की अपेक्षा का अनुपालन हो रहा है या नहीं।
6. न्यूनतम बोलीदाताओं को उनके द्वारा आनलाईन पर दी गई सूचना के समर्थन में मूल दस्तावेज की स्कैन की हुई प्रतिलिपि अप-लोड करनी होती है।
7. ईएमडी और टेण्डर शुल्क की प्राप्ति की प्रणाली को स्वचालित बनाने के लिए एमसीएल में निकाले गए सभी टेण्डरों के लिए इलैक्ट्रानिक फण्ड ट्रांसफर/नेफ्ट/आरटीजीएस पद्धति शुरू की गई है। अब जो बोलीदाता आनलाइन भुगतान का विकल्प ले रहे हों उन्हें एमसीएल को कोई दस्तावेज नहीं भेजना पड़ता।
8. पोर्टल साफ्टवेयर में एक सुविधा सृजित की गई है ताकि बोलीदाता उनके द्वारा भेजी गई बोली सूचना के समर्थन में उनके द्वारा ऑनलाइन पद्धति द्वारा भेजी गई सारे पुष्टिकरण दस्तावेजों को अपलोड कर सकें।

9. बोली के प्रस्तुतीकरण के पश्चात बोलीदाता टेण्डर की अपेक्षाओं से संबंधित उनके अनुपालन की फीडबैक प्राप्त करता है।
10. इसलिए बोलीदाताओं को किसी टेण्डर क माध्यम से ठेका प्राप्त करने के लिए एमसीएल परिसरों में जाने की आवश्यकता नहीं है।

32. एकीकृत प्रबंधन प्रणाली (आईएमएस)

वर्ष 2012-13 में कंपनी स्तर पर एमसीएल का एकीकृत प्रबंधन प्रणाली को आईएसओ 9001:2008- गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली,आईएसओ - पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली एवं ओएचएसएएस 18001:2007- व्यवसायिक स्वास्थ्य प्रबंधन प्रणाली के साथ मान्यता प्राप्त है जो सभी लागू अंतर्राष्ट्रीय मानकों के सदृश्य है,निम्निलिखित हैं :-

आईएसओ 9001 -क्युएमएस - उपभोक्ता के केन्द्रीकरण प्रबंधन और संगठन की आंतरिक क्षमता।

आईएसओ 14001-ईएमएस – संगठन के पर्यावरणीय मामले का प्रबंधनओएचएसएएस 18001 ओएचएसएमएस संगठन के व्यवसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के मामले का प्रबंधन।

यह प्रमाण पत्र सीएमपीडीआईएल, रांची के माध्यम से एमएस सर्टिफिकेशन सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता ने प्रदान किया।

आईएमएस का उद्देश्य:

क) कंपनी की गुणवत्ता, आंतरिक क्षमता, पर्यावरण, व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, सामाजिक जवाबदेही और ऊर्जा निष्पादन पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यवस्थित और समांतराल प्रबंधन के लिए व्यापक प्रबंधन प्रणाली की स्थापना करना।

ख) विभिन्न प्रबंधन प्रणालियों के कार्यान्वयन के लिए एक समेकित दृष्टिकोण और सरलीकृत प्रक्रियाओं के माध्यम से प्रयासों के दोहराव और लागत को दूर करना, जोकि अन्यथा भिन्न-भिन्न और असंगत हो सकते हैं।

ग) एक अच्छे नेटवर्क वाली प्रबंधन प्रणाली और स्वस्थ कार्य वातारण के तहत स्पष्ट परिभाषित भूमिकाओं, उत्तरदायित्व जवाबदेही और प्राधिकार द्वारा एक अच्छी कार्य संस्कृति शामिल करना, संचालनों की निरंतरता सुनिश्चित करना और संचालनात्मक संघर्ष को दूर करना।

घ) नेमी कार्य निश्चित करने के दौरान हानिकारक और गैर मूल्य युक्त संचालनों को कम करना, इसके फलस्वरूप संचालन के दौरान समय, लागत और संसाधनों की प्रत्यक्ष बचत तथा पर्यावरण और सामाजिक लागतों पर अप्रत्यक्ष बचत करना।

ङ) दोनों प्रणालियों में संचालन में प्रभाव प्राप्त करने के लिए व्यक्तियों में व्यवसायिक क्षमता प्राप्त करने के लिए सतत प्रयास करना।

च) उपभोक्ता (उत्पाद/ सेवा से संबंधित) और समाज (स्वयं के संचालन से पर्यावरण पर पड़नेवाले विपरीत प्रभाव में न्यूनतम करना) दोनों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए स्वीकृत पहुँच मार्ग बनाना।

छ) इसके सभी इच्छुक पार्टियों को निम्नलिखित आत्मविश्वास उपलब्ध कराने को समर्थ बनाना:

(i) उपभोक्ता, नियामक निकाय एवं समाज की आवश्यकता को लगातार पूरा करने के लिए कोयले का खनन एवं आपूर्ति करना।

(ii) पर्यावरण, व्यवसायिक, स्वास्थ्य और सुरक्षा, समाज और ऊर्जा के संबंध में अपनी जिम्मेदारी के प्रति वचनबद्धता।

(iii) लगातार सुधार हेतु सुव्यवस्थित प्रयास।

(iv) सभी विधिक एवं अन्य आवश्यकताओं का अनुपालन।

(v) कुछ छोटी अवधि की उपलब्धि के स्थान पर स्थायी एवं लगातार सुधार पर जोर देना।

भविष्य की योजना : 2015-16 में

वर्ष 2015-16 में पूरे एमसीएल के लिए एसए 8001: 2008 सामाजिक उत्तरदायित्व प्रबंधन प्रणाली एवं आईएसओ 50001: 2011- ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली का प्रत्यर्पन करने जा रहा है। यह सभी लागू अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुकूल है जो नीचे दिए जा रहे हैं:

एसए 8000 एसएएमएस - संस्थान के सामाजिक उत्तरदायित्व के संबंध में प्रबंधन।

आईएसओ 50001 ईएमएस – संस्थान में उपयोग में आनेवाले सभी तरह की ऊर्जा के खपत को नियंत्रित करने का प्रबंधन।

<u>वर्ष 2014-15 के दौरान आईएमएस सेल द्वारा की गई गतिविधियां</u>

<u>क्र.सं.</u>	विवरण	आईएमएस सेल द्वारा कृत कार्रवाई
क)	वर्ष 2014-15 के आईएमएस के प्रबंधन उद्देश्य,लक्ष्य एवं कार्यक्रम	सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित एवं सभी क्षेत्र/इकाई को परिचालित।
	कार्यदक्षता में सुधार हेतु।	
ख)	कार्यालयीन ई-मेल आईडी का व्यवहार (एनआईसी) निदेशक(तकनीकी/ पी एंड पी) के परिचालित मार्गदर्शन के अनुसार।	आईएमएस सेल द्वारा कार्रवाई की गई।
क)	निदेशक(तकनीकी/पी एंड पी) द्वारा परिचालित मार्गदर्शन के अनुसार कार्यालयीन ई-मेल-आईडी का प्रयोग।	आईएमएस सेल द्वारा कार्रवाई की गई।
ख)	निदेशक(तकनीकी/पी एंड पी) द्वारा परिचालित मार्गदर्शन के अनुसार प्रत्येक कार्यालय द्वारा पॉच नियमों एवं प्रक्रिया की पहचान।	वर्ष 2014-15 के प्रबंधन लक्ष्य एवं उद्देश्य में समाविष्ट है।
ग)	निदेशक(तकनीकी/पी एंड पी) द्वारा परिचालित मार्गदर्शन के अनुसार अधिकतम चार का निर्णय लेने की सीमा।	वर्ष 2014-15 के प्रबंधन लक्ष्य एवं उद्देश्य में समाविष्ट है।
घ)	कंप्यूटराइज्ड फाइल ट्रैकिंग प्रणाली।	आईएमएस सेल द्वारा कार्रवाई की गई।
ड.)	सभी प्रस्ताव,टिप्पणी,पत्र एवं सूचनाओं के निपटान हेतु कॉलर कोडिंग प्रणाली का प्राथमिकता से प्रयोग।	वर्ष 2014-15 के प्रबंधन लक्ष्य एवं उद्देश्य में समाविष्ट है।
च)	कार्यालयीन फाइलों,रजिस्टरों एवं डायरी आदि की अनन्य पहचान।	सभी क्षेत्रों/इकाइयों को परिचालित की गई।
छ)	समरूप रिकार्ड रखते हुए डाटा विश्लेषण हेतु	वर्ष 2014-15 के प्रबंधन लक्ष्य एवं उद्देश्य में समाविष्ट है।

	प्रत्येक इकाई में आईएमएस/स्टेटिस्टीकल सेल की स्थापना।	
ग)	**प्रमाणन एजेन्सी द्वारा आईएमएस एवं सर्विलियेंस लेखा परीक्षा का आंतरिक लेखा परीक्षा।**	
क)	02.09.2014 से 13.09.2014 तक आंतरिक लेखा परीक्षा संचालित।	आडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा सुधारात्मक और निवारक उपाय किए गए।
ख)	22.09.2014 से 26.09.2014 तक तालचेर कोयलांचल में प्रमाणन एजेंसी द्वारा सर्विलियेंस लेखा परीक्षा का संचालित।	आडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा सुधारात्मक और निवारक उपाय किए गए।
ग)	एमसीएल में प्रभावशील और आईएमएस के कार्यान्वयन पर 360 डिग्री फीडबैक सिस्टम शामिल किया।	360 डिग्री स्कोर आगे सुधार के लिए यूनिट / क्षेत्र में परिचालित किए जाते हैं।
घ)	**अन्य गतिविधयां एवं मानिटरिंग:**	
क)	कार्मिकों के प्रतिनिधियों को नामित करना।	संबंधित विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है।
ख)	एसए8000 लागू करने हेतु कार्रवाई की जाएंगी।	
ग)	आपातकालीन तैयारी और प्रतिक्रिया योजना।	
घ)	एमसीएल वेबसाइट पर प्रबंधन नीति अपलोड करना।	
ड.)	समय-समय पर जलापूर्ति प्रणाली में जल उपचार।	
च)	निविदा दस्तावेज में एसए 8000 और आईएसओ 50,001 की आवश्यकता का समावेश।	
छ)	प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान, एमसीएल मुख्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत नियमित रूप से जागरूकता कक्षा संचालित।	प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान, एमसीएल मुख्यालय के आमंत्रण के अनुसार।
ज)	एमसीएल द्वारा वर्ष 2018-19 में 250 मिलियन टन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु दिसम्बर,2014 माह में जागरुकता एवं प्रेरक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।	एमसीएल में 20 इकाइयों में संचालित किया गया, इसमें एमसीएल के लगभग 500 अधिकारी शामिल हुए।
झ)	पर्यावरण मामलों के लिए अलग वित्तीय कोड ।	पर्यावरण मामलों में अलग वित्तीय कोड प्रयोग में नहीं हैं परंतु इसके लिए अनुरोध किया गया है।

33. पुरस्कार और मान्यता

33.1 वर्ष 2014-15 के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान/गतिविधियों के लिए कंपनी को निम्नलिखित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है :

- भारत के शीर्ष एचआर संस्था नेशनल इंस्टीच्यूट आफ पर्सनल मैनेजमेंट के सौजन्य से श्री पी.ए. संगमा,माननीय सांसद और पूर्व स्पीकर(लोक सभा) द्वारा प्रदत्त- एचआर बेस्ट प्रेक्टिसेस एवार्ड,2014 ।
- वर्ष के ओड़िशा आईएनसी बेस्ट सीएसआर एवार्ड की ट्राफी- माननीय केंद्रीय मंत्री (जन जातिय मामले) श्री जुएल ओराम द्वारा एमसीएल के निदेशक(कार्मिक) को प्रदान किया गया।
- कंपनी में प्रणालीगत सुधार के साथ,निवारक सक्रिय और दंडात्मक सतर्कता गतिविधियों के लिए श्री दीपक श्रीवास्तव,आईएफएस ,मुख्य सतर्कता अधिकारी ने आईपीई के सतर्कता उत्कृष्टता पुरस्कार 2013-14 प्राप्त किया।

- 01 नवंबर,2014 को क्वालिटी एश्योरेंस के लिए कोल इंडिया एवार्ड।
- मुख्य सतर्कता अधिकारी,एमसीएल एवं महाप्रबंधक(आईईडी),एमसीएल को व्यापार में ई-पहल(आईईडी) के लिए इलेक्ट्स पुरस्कार प्रदान किया गया।
- ओड़िशा एमएसएमई व्यापार मेला-2015- बेस्ट मदर प्लांट फार डिस्प्ले एवार्ड।
- 5वीं कोयला शिखर सम्मेलन और प्रदर्शनी-2014 कंपनी के प्रदर्शन के अवधारणा और डिजाइन के लिए पुरस्कार।
- एमएसएमई एक्पो ओड़िशा-2014- माननीय मंत्री उद्योग, स्कूल एवं जनशिक्षा, ओड़िशा सरकार द्वारा श्री ए.के. तिवारी, निदेशक (तकनीकी/ संचालन) को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एवार्ड प्रदान किया गया।
- पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी ने एमसीएल का संकट संचार श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार 2014 से सम्मानित किया।
- भारत के पब्लिक रिलेशन्स काउन्सिल द्वारा एमसीएल पब्लिक रिलेशन्स केस स्टडी के लिए नेशनल गोल्ड एवार्ड से सम्मानित किया गया।
- श्री जे.पी. सिंह,निदेशक(तकनीकी /योजना व परियोजना),एमसीएल ने चार खदानों जैसे-समलेश्वरी, लजकुरा, भुवनेश्वरी और कनिहा के लिए ग्रीनटेक फाउन्डेशन पर्यावरण गोल्ड एवार्ड प्राप्त किया।
- एमसीएल ने इंडियन सोसायटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट इनोवेटिव ट्रेनिंग प्रेक्टिस-2014 प्राप्त किया।.
- श्री ए.एन. सहाय,सीएमडी,एमसीएल को आईएसटीडी नेशनल कन्वेंशन में प्रशिक्षण और लोगों के विकास की दिशा में उनके अनुकरणीय नेतृत्व और योगदान के लिए 'लाइफटाइम एचीवमेंट एवार्ड-2015' से सम्मानित किया गया।
- श्री पी.सी. पाणिग्राही,निदेशक(कार्मिक),एमसीएल को 44वीं आईएसटीडी नेशनल कन्वेंशन में प्रशिक्षण एवं विकास के क्षेत्र में नेतृत्व उत्कृष्टता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।
- एमसीएल को ग्रीनटेक फाउन्डेशन,नई दिल्ली द्वारा स्थापित प्रशिक्षण उत्कृष्टता गोल्ड एवार्ड मिला।
- श्री ए.एन. सहाय,सीएमडी,एमसीएल को ग्रीनटेक फाउन्डेशन,नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2014 के 'एचआर ओरियेंटेड सीईओ प्लेटिनम एवार्ड से सम्मानित किया गया।

- ग्रीनटेक फाउन्डेशन,नई दिल्ली द्वारा श्री पीसी पाणिग्राही,निदेशक(कार्मिक),एमसीएल को 'एचआर लीडर-2014 गोल्ड एवार्ड' से सम्मानित किया गया।
- आंध्रा विश्वविद्यालय,विशाखापट्टनम के मानव संसाधन प्रबंधन द्वारा श्री पीसी पाणिग्राही, निदेशक(कार्मिक),एमसीएल को मानव संपर्क नेतृत्व उत्कृष्टता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।
- दिनांक 13.03.2015 को इंस्टीच्यूट आफ पब्लिक इंटरप्राइजेज,हैदराबाद द्वारा कार्पोरेट विजिलेंस एक्सेलेंस एवार्ड आयोजित की गई। एमसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री दीपक श्रीवास्तव द्वारा पुरस्कार ग्रहण किया गया । उन्हें सतर्कता में सकारात्मक योगदान के लिए भी इंडीविजूअल एक्सेलेंस एवार्ड प्रदान किया गया।

34.0 **लेखा परीक्षक**

34.1 सांविधिक लेखापरीक्षक

कंपनी अधिनियम 2013 के धारा 139 के प्रावधानों के तहत निम्नलिखित लेखा परीक्ष फर्मों को वर्ष 2014-15 के लिए सांविधिक/शाखा लेखा-परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया ।

सांविधिक लेखा परीक्षक	शाखा लेखा परीक्षक
मेसर्स पाम्स एंड एसोसिएट्स	मेसर्स एससीएम एसोसिएट्स
पूरी घाट, ताला टेलेङ्गा बाज़ार	98, खारवेल नगर,
कटक	केशरी टाकिज काम्प्लेक्स,
ओड़िशा - 753009	प्रथम तल, भुवनेश्वर
	ओड़िशा-751001

34.2 लागत लेखा परीक्षक

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 148 जिसे कंपनी (लागत रिकार्ड और लेखा परीक्षा) संशोधन नियमावली 2014 साथ पढ़ा जाये, के तहत कंपनी कोयला के खनन से संबन्धित लागत लेखा परीक्षा रिकार्ड रखती है जिसे लेखा परीक्षा किया जाना आवश्यक है।

आप के निदेशकों ने लेखा परीक्षा समिति की अनुशंसा पर मेसर्स निरेन एंड कंपनी, लागत लेखापाल भुवनेश्वर ओड़िशा को कंपनी मुख्यालय एवं इसके ईकाइयों ईब कोयलांचल के क्षेत्रो और बसुंधरा क्षेत्र के लिए वितीय वर्ष 2014-15 के लागत रिकार्ड की लेखा परीक्षा करने के लिए कुल लेखा परीक्षा फीस ₹.212500.00 तथा ज़ेब खर्च ₹.106250.00 (ii) मेसर्स मऊ बनर्जी एंड कंपनी आसनसोल, पश्चिम बंगाल को तलचेर वर्ष 2014-15 के लिए कंपनी की शाखा लागत लेखा परीक्षक के तौर पर तालचेर कोयलांचल के क्षेत्रो का लागत रिकार्ड की लेखा परीक्षा करने के लिए कुल लेखा परीक्षा फीस ₹.140625.00 तथा ज़ेब खर्च ₹.70312.00 तथा लेखा परीक्षा फीस पर लागू सेवा कर पर नियुक्त किया गया है।

2014-15 के लिए लेखा परीक्षा प्रगति पर है तथा 2013-14 के लिए लागत लेखा परीक्षा रिपोर्ट अनुलग्नक-ii पर संलग्न है

34.3 **सचिवीय लेखा परीक्षक** :

सचिवीय लेखा परीक्षक कंपनी अधिनिय 2013 की धारा 204 तथा कंपनी (नियुक्ति और प्रबंधन कार्मिक के परिश्रमिक) नियमावली 2014 के प्रावधानों के तहत कंपनी ने मेसर्स लोकेश ए. गोहील एंड एसोसियेट्स कंपनी सचिवों, सम्बलपुर ओड़िशा को वर्ष 2014-15 के लिए कंपनी की सचिवीय लेखा परीक्षा करने के लिए संबंध किया गया है । सचिवीय लेखा परीक्षकों द्वारा प्रस्तुत किये गये रिपोर्ट को अनुलग्नक iii पर संलग्न किया गया है

35. सहायक/संयुक्त उद्यम कंपनियां:

1. **<u>एमजेएसजे कोल लिमिटेड:</u>**

एमजेएसजे कोल लिमिटेड को 13.08.2008 में एक संयुक्त उद्यम कंपनी के रुप में एमसीएल में शामिल किया गया।

एमजेएसजे कोल लिमिटेड को गोपाल प्रसाद ओसीपी जिसमें एमसीएल का 60% शेयर, जेएसडब्ल्यु स्टील लिमिटेड एवं जेएसडब्लु एनर्जी लिमिटेड में 11% हिस्सेदारी से चल रहा है और श्याम मेटालिक्स तथा एनर्जी लिमिटेड (पूर्व में श्याम डीआरआई पावर

लिमिटेड के रुप में जाना जाता है, और जिंदल स्टेनलेस स्टील लिमिटेड के प्रत्येक 09% शेयर है। दिनांक 31.03.2015 एमजेएसजे कोल लिमिटेड तक एमजेएसजे कोल लिमिटेड का प्रदत्त शेयर पूँजी 95.10 करोड़ रुपए रहा। माननीय उच्चतम न्यायालय ने दिनांक 25.08.2014 के अपने फैसले एवं दिनांक 24.09.2014 के अपने आदेश में एमजेएसजे कोल लिमिटेड को आबंटित उत्कल-ए कोयला ब्लॉक के आवंटन को अवैध घोषित किया और आवंटन निरस्त कर दिया।

2. **<u>एमएनएच शक्ति लिमिटेड:</u>**

एमएनएच शक्ति लिमिटेड को दिनांक 16.07.2008 को एमसीएल के एक संयुक्त उद्यम कंपनी के रुप में शामिल किया गया। एमएनएच शक्ति लिमिटेड तलाबिरा ओसीपी के लिए गठित किया गया जिसमें एमसीएल के 70% भागीदारी है, नेवेली लिग्नाईट कार्पोरेशन लिमिटेड जिसमें एमसीएल के 15% की हिस्सेदारी है और हिन्डाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड जिसमें 15% की हिस्सेदारी है। दिनांक 31.03.2015 तक एमएनएच शक्ति लिमिटेड की शेयर पूंजी 85.10 करोड़ रुपए था। माननीय उच्चतम न्यायालय दिनांक 25.08.2014 को अपने फैसले में एवं दिनांक 24.09.2014 को अपने आदेश में तलाविरा-।। एवं तलाविरा-।।। को एमएनएच शक्ति लिमिटेड के आवंटन को अवैध घोषित कर आवंटन को निरस्त कर दिया।

3. **महानदी बेसिन पावर लिमिटेड :**

एक और कंपनी ' महानदी बेसिन पावर लिमिटेड' की स्थापना 02 दिसम्बर,2011 को हुई और आर ओ सी द्वारा दिनांक 6.2.2012 को व्यापार शुरु करने के लिए प्रमाण पत्र जारी किया गया। एमबीपीएल एसपीव्ही के रुप में गठित की गई है। इसमें महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं इसके नामितों की 100% अंश हैं तथा बसुन्धरा कोयलांचल में इसमें पीटहेड पावर प्लांट के जरीए 2x800 मेगावाट विद्युत उत्पादन की क्षमता है। यह महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड(एमसीएल) की पूरी स्वामित्ववाली अनुषंगी कंपनी है। इसका पंजीकृत कार्यालय प्लॉट संख्या- डी/6,बीजेबीनगर,भुवनेश्वर -2751014 है। दिनांक 31.03.2015 को महानदी बेसिन पावर लिमिटेड की शेयर पूंजी रु.5.00 लाख है जिसे एमसीएल ने प्रदान किया है।

4. **नीलांचल पावर ट्रांसमिशन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड:**

उपरोक्त के अलावा ओड़िशा राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ अधिशेष धन के बेहतर उपयोग के लिए बिजली ट्रांसमिशन कारोबार में एमसीएल फिर से उद्यम किया। तदनुसार दिनांक 8.1.2013 के दूसरे संयुक्त उद्यम कंपनी नीलांचल पावर ट्रांसमिशन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड(एनपीटीसीपीएल) और ओड़िशा पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (ओपीटीसीएल) के बीच एक संयुक्त उद्यम,समझौते के आधार पर 50:50 इक्विटी भागीदारी के साथ ओड़िशा में विद्युत ट्रांसमिशन व्यवसाय को बाहर ले जाने के उद्देश्य से एमसीएल और ओपीटीसीएल के बीच साझेदारी शामिल किया गया।

36. **सावधि जमा**

आपकी कंपनी ने, जैसाकि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-73 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों में यथा परिभाषित किया गया है, के तहत लोगों से जमा के रूप में कोई राशि स्वीकार नहीं की है।

37. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-143(3)(एम) के तहत सूचनाओं का विवरण :

कंपनी अधिनियम,2013 की धारा -143(3)(एम) के प्रावधान के अनुसार ऊर्जा संरक्षण, तकनीकी के उपयोग एवं वैदेशिक मुद्रा के आय तथा व्यय से संबंधित सूचना इस प्रतिवेदन के अनुलग्नक-IV में दी गई है।

38. निदेशक मंडल:

38.1 निम्नलिखित व्यक्ति रिपोर्ट के वर्ष के दौरान, निदेशक बने रहेः

1. श्री ए. एन. सहाय	-	अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
2. श्री ए. के. तिवारी	-	निदेशक(तकनीकी/प्रचालन)
3. श्री जे.पी. सिंह	-	निदेशक(तकनीकी/योजना एवं परियोजना)
4. श्री पी.सी. पाणिग्राही	-	निदेशक(कार्मिक)
5. श्री बी.के. सक्सेना	-	निदेशक
6. श्री एस.के. सिंह	-	निदेशक

38.2 निम्नलिखित व्यक्ति रिपोर्ट के वर्ष में निदेशक नियुक्त हुएः

1. श्री के. के. परिडा	-	निदेशक (वित्त)(30.09.2014 से)

38.3 कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट के वर्ष में निदेशक पद से मुक्त नहीं हुएः

39. निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण:

प्राप्त जानकारी एवं स्पष्टीकरण तथा उनके सर्वोत्तम ज्ञान एवं विश्वास के आधार पर यह पुष्टि की जाती है कि आपकी कंपनी के निदेशकगण द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा-134(3)(सी) के तहत निम्नलिखित विवरण प्रस्तुत किया गया है:

क. दिनांक 31.3.2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक लेखा की प्रस्तुति में सामग्रियों के विचलन से संबंधित समुचित स्पष्टीकरण के साथ लागू लेखा के मानकों का अनुसरण किया गया है।

ख. निदेशकों ने ऐसी लेखा नीति का चयन कर उसका सुसंगत प्रयोग किया एवं उचित तथा विवेकपूर्ण निर्णय सहित आकलन किया ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी की स्थिति तथा आलोच्य वर्ष में कंपनी के लाभ एवं हानि की सही तथा स्वच्छ जानकारी दी जा सके।

ग. कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं का पता लगाने/निवारण हेतु कंपनी अधिनियम 1956/कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधान के अनुसार समुचित लेखा रिकार्डों के अनुरक्षण के लिए निदेशकों द्वारा उचित तथा पर्याप्त सावधानी बरती गई है।

घ. निदेशकों ने 31.3.2015 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए क्रियाशील कारोबार(गोईंग कन्सर्न) के आधार पर लेखा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है।

ङ. सही आंतरिक वित्तीय नियंत्रण कार्य कर रहे हैं और वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त और प्रभारी रूप से संचालित है।

च. सभी लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रणाली कार्य कर रही हैं एवं पर्याप्त तथा प्रभावी रूप से संचालित हैं।

40. कार्पोरेट गवर्नेंस

इस रिपोर्ट के साथ कार्पोरेट शासन पर एक रिपोर्ट **अनुलग्नक-**V पर संलग्न है।

41 वार्षिक रिटर्न का सार

वार्षिक रिटर्न के सार का फार्मिंग भाग का विवरण फार्म एमजीटी 9 के **अनुलग्नक-**VI पर संलग्न है।

42. **प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट :**

प्रबंधन चर्चा एंव विश्लेषण रिपोर्ट **अनुलग्नक-**VII पर संलग्न है।

43. **भारत के लेखा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक(सीएजी) की टिप्पणी**

भारत के लेखा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की 31.03.2015 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के लेखा पर की गई टिप्पणी इस प्रतिवेदन के **अनुलग्नक**-VIII पर संलग्न है ।

44. **लेखा परीक्षा समिति:**

समिति का पुनर्गठन 25 जून,2014 को किया गया । इसके निम्नलिखित सदस्य हैं-:

1. श्री एस.के.सिंह,संयुक्त सचिव,कोयला मंत्रालय- निदेशक,एमसीएल बोर्ड–अध्यक्ष
2. श्री बी.के.सक्सेना,डी(एम),सीआईएल - निदेशक,एमसीएल बोर्ड –सदस्य
3. निदेशक(तक./संचालन),एमसीएल - निदेशक,एमसीएल बोर्ड –सदस्य
4. निदेशक(तक./योजना एवं परियो.),एमसीएल-निदेशक,एमसीएल बोर्ड–आमंत्रित

44.1 कार्य क्षेत्र:

1. वित्तीय विवरण की समीक्षा ।
2. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की आवधिक समीक्षा ।
3. सरकारी लेखा परीक्षा एवं वैधानिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट की समीक्षा ।
4. संचालनगत कार्य निष्पादन तथा पैरामीटर के मानक की समीक्षा ।
5. परियोजनाओं एवं अन्य पूँजीगत योजनाओं की समीक्षा ।
6. आंतरिक लेखा परीक्षा के परिणाम/अवलोकन की समीक्षा ।
7. एमसीएल में एक आनुपातिक एवं प्रभावी आंतरिक लेखा परीक्षा कार्य प्रणाली का विकास ।
8. किसी भी मामले का विशेष अध्ययन,जॉच जिसमें बोर्ड द्वारा अग्रसारित मामले भी शामिल हैं।

लेखा परीक्षा समिति ने एमसीएल के वित्तीय और अन्य ऑकड़े/सूचना का आकलन किया है। समिति द्वारा अवलोकित तथ्यों को एमसीएल बोर्ड के पास भेजा जाता है। समिति आवश्यकतानुसार बैठक कर सकती है लेकिन यह अपेक्षा की जाती है कि कम से कम तीन महीने में एक बार अवश्य मिलें ।

45. लागत रिकार्ड:

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के अनुसार कंपनी के लागत रिकार्ड का अनुरक्षण केंद्र सरकार द्वारा 01.04.2011 से निर्धारित किया गया है । कंपनी केवल एक उत्पाद अर्थात कोयले का उत्पादन करती है और कंपनी ओवर हेड सहित मदवार लागत के ब्यौरे के साथ रिकार्डिंग, निर्धारण और रिपोर्टिंग की निरंतर एकीकृत प्रणाली है और नियमित अंतराल पर लागत रिपोर्ट का मिलान किया जाता है।

46. समझौता-ज्ञापन मापदंडों के परिप्रेक्ष्य में निष्पादन:

46.1 सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीआई), भारी उद्योग मंत्रालय और लोक उद्यम, भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप सीएमडी, एमसीएल और अध्यक्ष, सीआईएल के बीच वर्ष 2014-15 के लिए हस्ताक्षरित समझौता-ज्ञापन पर एमसीएल का निष्पादन तैयार किया गया है और कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों ने इसकी लेखा-परीक्षा की है। आपकी कंपनी के भौतिक और वित्तीय निष्पादन पर आधारित समग्र समझौता-ज्ञापन रेटिंग **"उत्कृष्ट"** रहा है।

लेखा परीक्षकों द्वारा प्रस्तुत लेखा परीक्षा प्रतिवेदन अनुलग्नक – **IX** पर संलग्न है।

47. सीआईएल के अंशधारकों के लिए अनुषंगी लेखा:

कार्पोरेट मामलों के मंत्रालय के दिनांक 08.02.2011 के सामान्य परिपत्र संख्या 2/2011 के तहत एमसीएल मुख्यालय में एमसीएल का वार्षिक लेखा सीआईएल के अंशधारकों की मांग पर जॉच एवं संबंधित सूचना प्रदान करने के लिए उपलब्ध रहेगा ।

48. संबंधित पार्टी लेनदेन :

सभी संबंधित पार्टी लेनदेन जो वित्तीय वर्ष के दौरान आर्मस लेंथ आधार पर प्रवेश किये थे और सामान्य व्यपार में शामिल थे । कंपनी द्वारा प्रोमोटोरों मुख्य प्रबंधकीय कार्मिकों या पदें (Designated) के साथ मेटेरियल सिग्निफिकेंत संबंधी पार्टी लेनदेन नहीं किया जाता है ।

49 . ऋण गारंटी और निवेशों का विविरण:

कंपनी अधिनियम,2013 की धारा 186(4) और 11 तथा कारपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा दिनांक 13 फरवरी 2015 को जारी स्पष्टीकरण के तहत वित्तीय विवरणी में किये गये निवेश, दिये गए ऋण या ऋण की गारंटी या उपलब्ध कराये गये प्रतिभूति और जिस हेतु ऋण या गारंटी या प्रतिभूति प्रस्तावित है को लोन या गारंटी प्राप्त करता द्वरा प्रयोग किया जायेगा की घोषणा करता है ।

50. आभार

50.1 आपके निदेशक गण कोयला मंत्रालय, भारत सरकार एवं कोल इंडिया लिमिटेड के प्रति उनकी बहुमूल्य सहायता, समर्थन एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हैं। आपके निदेशकगण केंद्रीय सरकार तथा ओड़िशा सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के प्रति उनके बहुमूल्य सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त करते हैं। दूसरे सहयोगी संगठनों से प्राप्त सहयोग एवं सहायता के लिए निदेशकों ने सधन्यवाद आभार व्यक्त किया है।

50.2 निदेशकों ने श्रमिक संगठन एवं अधिकारी संगठन से प्राप्त सहयोग एवं सभी स्तर के कर्मचारियों की दलगत भावना, मूल्यवान तथा निष्ठापूर्ण सेवा के लिए आभार व्यक्त किया है, जिससे कंपनी अपना लक्ष्य तथा सर्वांगीण अभिवृद्धि प्राप्त करने में सफल रही है ।

50.3 निदेशकों ने महत्वपूर्ण उपभोक्ताओं को उनके निरंतर समर्थन ,संरक्षण एवं प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया है, जिसके बिना कंपनी इतनी मजबूती से नहीं उभरती ।

50.4 निदेशकों ने लेखा परीक्षकों, भारत के लेखा नियंत्रक एवं महालेखाकार कार्यालय तथा ओड़िशा के कंपनियों के रजिस्ट्रार द्वारा दी गई सेवा की भी सराहना की है।

50.5 निदेशकों ने संबलपुर एवं ओड़िशा के कोयला क्षेत्रों में रहनेवाले विशिष्ट नागरिकों को समय-समय पर दिए गए उनके सहयोग के लिए भी धन्यवाद दिया है ।

51 . अनुलग्नक(एडेन्डा) :

निम्नलिखित कागजात संलग्न हैं :

1. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(3)(ड) के अधीन निदेशकों के प्रतिवेदन में दी जानेवाली आवश्यक सूचनाएं ।
2. कंपनी अधिनियम 2013 धारा 148, तथा साथ पढ़ा जानेवाला कंपनी के अनुवर्ती संशोधित नियमावली 2014 (लागत रिकार्ड और लेखा परीक्षा) लागत लेखा परीक्षा रिपोर्ट।

3. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 204 के प्रावधानों ओर कंपनी(नियुक्ति तथा प्रवंधन से जुड़े कार्मिकों के मेहनताना) नियमावली 2014 के अनुवर्ती सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट।
4. कंपनी अधिनियम ,2013 की धारा 143(3)(ड) के तहत निदेशकों की रिपोर्ट।
5. लेखा परीक्षकों द्वारा प्रस्तुत कार्पोरेट गवर्नेंस(शासन) पर रिपोर्ट।
6. फार्म एमजीटी 9 में वार्षिक रिटर्न का सार।
7. प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट।
8. कंपनी अधिनियम,2013 की धरा 143(6) के तहत भारत के लेखा नियंत्रक एवं महालेखाकार की टिप्पणियां।
9. सीआईएल के दिशा-निर्देशों के अनुसरण में वर्ष 2013-14 के समझौता ज्ञापन(एमओयू) के अनुसार निष्पादन का मानदंडवार ब्यौरा।

ह/-

(ए .एन .सहाय)

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

स्थान: संबलपुर

दिनांक : 12.06.2015

मैं पुष्टि करता हूँ कि समीक्षाधीन वर्ष में ,सभी निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधन ने आचरण संहिता के प्रावधानों के अपने अनुपालन की पुष्टि की है।

ह/-

(ए .एन .सहाय)

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

7.6 पूर्वेक्षण, बोरिंग और विकास व्यय का परिशोधन खान के 20 वर्षों में राजस्व में आने के वर्ष से अथवा परियोजना के कार्यकारी जीवन, जो भी कम हो, से किया गया है।

7.7 सॉफ्टवेयर लागत को अमूर्त परिसंपत्ति मानते हुए इसका ऋणशोधन सीधी रेखा प्रणाली से तीन वर्षों या उपयोग करने की वैधता अवधि मे से जो भी कम हो के अनुसार शून्य अवशिष्ट मूल्य सहित किया गया है ।

8.0 **परिसंपत्ति की हानि:**

परिसंपत्ति की विकृतिजनित हानि तब मानी जाती है जब किसी परिसम्पत्ति को लाने की लागत उससे प्राप्त होने वाली राशि से अधिक हो। इसे लाभ हानि लेखा के विवरण में रखा जाता है तथा इससे प्राप्त होने वाली राशि में से लाने का खर्च घटा दिया जाता है।

पूर्व वर्ष में मान्यता दी गई विकृतिजनित हानि के निराकरण को तब दर्ज किया जाता है जब यह संकेत मिलता है कि परिसम्पत्ति के लिए मान्य विकृतिजनित हानि अब नहीं है या हानि में कमी हो रही है।

9.0 **<u>विदेशी मुद्रा लेन-देन</u>**

9.1 विदेशी मुद्रा लेन-देन के शेष पर तुलन-पत्र की तारीख को लागू दरों पर परिवर्तित किया जाएगा और संबंधित लेखों को समरुप प्रभाव दिया जाता है। वर्ष में पूर्ण लेन-देनों का समायोजन वास्तविक आधार पर किया जाता है।

9.2 भावी तारीख पर निपटान किए गए क्रास मुद्रा स्वैप विकल्प संविदाओं द्वारा आवृत लेन-देन को अंतर्निहित विदेशी मुद्रा की तुलन-पत्र की तारीख को लागू दरों पर माना जाता है। इस प्रकार की संविदाओं से उत्पन्न प्रभाव को निपटान की तारीख से लेखों में लिया जाता है।

10.0 **सेवा-निवृत्ति सुविधाएं/कर्मचारियों को अन्य सुविधाएं:**

(क) परिभाषित अंशदान योजना:

कंपनी द्वारा अपने कर्मचारियों के लिए परिभाषित अंशदान सेवा-निवृत्ति लाभ योजना के लिए उनकी भविष्य निधि एवं पेंशन निधि में अंशदान दिया जाता है। भविष्य निधि एवं पेंशन निधि का संचालन कोयला खदान भविष्य निधि प्राधिकरण द्वारा किया जाता है। इन योजनाओं की नियमावली के तहत कंपनी को पे-रोल लागत के एक निश्चित प्रतिशत का अंशदान सीएमपीएफ को करना होता है।

(ख) परिभाषित लाभ योजना:

वर्षान्त की दायिताओं के तहत बीमांकित मूल्यांकन के आधार पर प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट विधि का प्रयोग कर ग्रेच्यूटी एवं छुट्टी नगदीकरण प्रदान किया जाता है। उसके अलावे कंपनी ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के माध्यम से फंडेड ग्रुप ग्रेच्यूटी (नगदी जमा) स्कीम के संबंध में एक ट्रस्ट की स्थापना की है। उपरोक्त निधि में अंशदान बीमांकित मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है।

(ग) अन्य कर्मचारी हितलाभ:

इसके अलावे कर्मचारियों को कुछ अन्य हितलाभ संबंधित वर्षान्त दायिताओं जैसे एलटीए/एलटीसी, लाईफ कवर स्कीम ग्रुप, पर्सनल एक्सीडेंट इन्स्यूरेंश स्कीम, सेटलमेंट एलाउन्स, सेवानिवृत्तोत्तर चिकित्सा हितलाभ योजना और खदान दुर्घटना आदि द्वारा मृत कर्मचारियों के आश्रितों को बीमांकित आधार पर प्राजेक्टेड यूनिट क्रेडिट मेथड लागू कर क्षतिपूर्ति प्रदान की जाती है।

11.0 **आय और व्यय को मान्यता:**

आय और व्यय को उपचय आधार पर मान्यता दी जाती है और सभी ज्ञात देयताओं के लिए प्रावधान किया जाता है।

11.1 **विक्रय:**

क) विक्रय के संबंध में राजस्व को मान्यता तब दी जाती है जब सम्पत्ति जोखिम के प्रति अच्छी हो और स्वामित्व का प्रतिफल क्रेता को हस्तांतरित किया जाता हो।

ख) कोयले की बिक्री सांविधिक देयों का निबल है और ग्राहक द्वारा स्वीकार्य कटौतियां कोयले की गुणवत्ता के अनुसार की जाती हैं।

ग) संग्रहण की उचित निश्चितता होने पर राजस्व को मान्यता दी जाती है। दूसरी ओर प्रबंधन द्वारा अनिश्चितता का निर्धारण करने पर राजस्व की मान्यता स्थगित की जाती है।

11.2 **लाभांश:**

लाभांश आय को तभी मान्यता दी जाती है जब प्राप्ति का अधिकार स्थापित हो।

12.0 **उधारी लागत:**

उधारी लागत, जो प्रत्यक्षत: योग्य परिसंपत्तियों के अधिग्रहण या निर्माण को अधिरोपित होता है, को पूंजीकृत किया गया है। अन्य उधारी लागत को ली गयी अवधि में खर्च के रुप में मान्यता दी गयी है।

13.0 **कराधान:**

वर्तमान आयकर का प्रावधान आयकर अधिनियम, 1961 के अनुसार किया जाता है। आस्थगित कर दायिताओं और परिसम्पत्तियों को वास्तविक अधिनियमन कर की दर से मान्यता प्राप्त है बशर्ते कि समय के अंतर पर योग्य आय और लेखा के आय में किसी एक समय में उत्पन्न भिन्नता पर विवेकानुसार विचार किया गया हो, जो बाद में किसी एक या उससे अधिक अवधि में उलटाव (रिवर्सल्स) की क्षमता रखता हो।

14.0 **प्रावधान:**

गत गतिविधियों के परिणामस्वरुप यदि संस्था पर कोई वर्तमान बाध्यता है तो इसके लिए एक प्रावधान रखा गया है। संभवत: इस बाध्यता को पूरा करने के लिए संसाधन का बहाव (आउटफ्लो) होना चाहिए जो आर्थिक लाभ दे सके, इसके लिए भरोसा योग्य आंकलन बनाया जाए। प्रावधान में वर्तमान मूल्य पर कटौती नहीं होनी चाहिए जिसे तुलनपत्र की तिथि में बाध्यता को पूरा करने के लिए सर्वोत्तम आंकलन के आधार पर किया जाना चाहिए।

15.0 **आकस्मिक दायिताएं:**

गत गतिविधियों से उत्पन्न आकस्मिक दायिता एक वर्तमान बाध्यता है जिसकी पुष्टि किसी घटना या भविष्य की अधिक घटित होने या न होने पर ही हो पाएगी, जो उद्योग के पूर्ण नियंत्रण में न हो या गत घटनाओं से उत्पन्न कोई वर्तमान बाध्यता हो। परंतु इसे स्वीकार नहीं किया गया। संभवत: ऐसा न हो कि इस बाध्यता को पूरा करने के लिए संसाधन का बहाव (आउटफ्लो) चाहिए जो आर्थिक लाभ दे सके या जिसके लिए राशि का भरोसेमंद आंकलन न किया जा सके।

आकस्मिक दायिताओं को लेखा में नहीं लिया जाता है, इसे टिप्पणियों द्वारा दर्शाया जाता है।

16.0 **अधिभार विस्थापन (ओ.बी.आर.) का व्यय:**

एक मिलियन टन एवं उससे अधिक क्षमतावाली खुली खदान के औसत अनुपात (कोयला: ओबी) पर लगायी जाती है, जिसमें राजस्व खाते में खदानों को लिए जाने के पश्चात अग्रिम स्ट्रीपिंग एवं अनुपात के अंतर के लिए समायोजन भी शामिल रहता है। वर्ष के अंत में अग्रिम स्ट्रीपिंग एवं अनुपात के अंतर के निवल शेष को आवश्यकतानुसार आस्थगित राजस्व व्यय या चालू दायिताओं के रुप में दर्शाया जाता है।

रिकार्ड के अनुसार अधिकार की रिपोर्ट की गई मात्रा का ओबीआर लेखांकन हेतु अनुपात की गणना में विचार किया जाता है जहां रिपोर्ट की गई मात्रा और मापी गई मात्रा निम्नवर्णित दो वैकल्पिक अनुयेय सीमाओं की निम्नता के भीतर हैः

खदान की ओ.बी.आर. की वार्षिक मात्रा	**बदलाव की अनुमेय सीमा**	
	I	**II**
	%	मात्रा (मिलि0 क्यूबिक मीटर)
1 मिलियन क्यूबिक मीटर से कम	+/-5%	0.03
1 से 5 मिलियन क्यूबिक मीटर के बीच	+/-3%	0.20
5 मिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक	+/-2%	शून्य

किंतु उपरोक्त अनुयेय सीमा के अधिक भिन्नता होने पर मापित मात्रा पर विचार किया जाएगा

17.0 **पूर्वावधि समंजन एवं पूर्व प्रदत व्यय :**

पूर्व अवधि एवं पूर्व प्रदत व्यय से संबंधित आय/व्यय जो प्रत्येक मामले में 0.10 करोड़ से अधिक नही है उसे वर्तमान वर्ष के आय/व्यय के रुप मे स्वीकार किया जाता है ।

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं इसकी अनुषंगी कंपनियां
टिप्पणी-34

लेखों पर अतिरिक्त टिप्पणियां

1.0. वित्तीय विवरणियां तैयार करने के आधार :

क) समेकन में प्रयुक्त एमसीएल और इसकी अनुषंगियों की वित्तीय विवरण मूल समूह की तारीख के अनुसार बनाई गई हैं।

ख) वित्तीय विवरण लेखे ऐतिहासिक लागत प्रथा एवं लेखा के उपचय आधार और प्रचलित अवधारणाओं पर बनाए गए हैं। एमसीएल और इसकी अनुषंगियों के लेखे इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी लेखांकन मानकों के अनुरूप हैं और भारत में प्राय: स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के आधार पर हैं।

2.0. समेकन के सिद्धांत:

2.1 समेकित वित्तीय विवरण महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों-मेसर्स एमएनएच शक्ति लिमिटेड, एमजेएसजे कोल लिमिटेड और महानदी बेसिन पॉवर लिमिटेड से संबंधित हैं। एमसीएल और इसकी अनुषंगी कंपनियों के वित्तीय विवरण का लेखांकन परिसंपत्तियों, दायताओं, आय और व्यय जैसी मदों के बही मूल्य को एक साथ जोड़कर, अयथार्थ लाभ अथवा हानि में परिणत अंतर-समूह लेन-देनों को पूर्णतया हटाने के बाद इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी मानक-21 के अनुसार 'समेकित वित्तीय विवरण' संयुक्त लाईन बाई लाईन है।

2.2 महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और इन समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां सूचनात्मक प्रकटन के प्रयोजन और कंपनियों की समेकित स्थिति को बेहतर समझने के मार्गदर्शक के रूप में हैं। प्रयोजन को मान्यता देते हुए, समूह ने केवल उन नीतियों और व्यैक्तिक वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों का प्रकटन किया है जो ओड़िशा राज्य में खदानों के संबंध में साउथ इस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की परिसंपत्तियों और दायताओं को महानदी कोलफील्ड्स द्वारा लेने पर आवश्यक प्रकटन को उचित रूप से दर्शाते हैं।

3.0 लंबी अवधि उधार (टिप्पणी-3 एवं टिप्पणी-8):

3.1 इस ऋण की व्यवस्था बैंक्यू नेशनल डी पेरिस एवं नेटेक्सिस बैंक्यू से क्रेडिट समझौता के आधार लीब्हेर, फ्रांस से पर 4 हाइड्रोलिक शॉवेल की खरीद के लिए की गई। ऋण बकाया 31.03.2015 को (पुनर्भुगतान के बाद निवल) 7.40 करोड़ (31.03.2014 को 9.75 करोड़) है। शेष का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

बैंक	1.4.2014 को बकाया €.यूरो	31.3.2015 को समाप्त वर्षावधि में अदायगी €.यूरो	31.03.15 को बकाया €.यूरो	1.4.2014 को बकाया ₹करोड़ में	31.3.2015 को समाप्त वर्षावधि में अदायगी ₹करोड़ में	लिपि अंतरण में अंतर ₹ करोड़ में	31.03.15 को बकाया ₹करोड़ में
लेभियर	1179078.70	74113.58	1104965.12	9.75	0.56	-1.79	7.40
कुल	**1179078.70**	74113.58	**1104965.12**	**9.75**	**0.56**	**-1.79**	**7.40**

इसमें वर्ष 2015-16 के दौरान 0.50 करोड़ (गतवर्ष 0.61 करोड़) का पुनर्भुगतान राशि शामिल है।

4.0. स्थायी परिसंपत्तियाँ - टिप्पणी-10:

4.1 ग्रुप द्वारा कोयला खदान श्रमिक कल्याण संगठन एवं कोयला एवं कोयला खदान बचाव संगठन से विभिन्न परिसंपत्तियाँ एवं दायितायें ली गईं, जिनका मात्रात्मक विवरण उपलब्ध नहीं है। उनकी मात्रा एवं मूल्य को अंतिम रुप दिए जाने के बाद यदि कोई समंजन हो तो किया जाएगा।

4.2 पट्टेवाली भूमि में कोल वियरिंग क्षेत्र (अधिग्रहण एवं विकास) अधिनियम 1957 और भू-अधिग्रहण अधिनियम 1894, ओड़िशा सरकार भूमि निपटान अधिनियम 1962 के तहत अधिग्रहीत भूमि शामिल है। पट्टेवाली जमीन का अधिग्रहण कोयला धारण क्षेत्र (सीबीए) (अधिग्रहण एवं विकास) अधिनियम 1957 के तहत किया गया एवं प्राप्त स्वीकृति/अनुमोदन के अनुसार जमीन के मालिकाना हक के स्थानान्तर के लिए जारी अधिसूचना के आधार पर पूँजीकृत किया गया। भूमि का अधिग्रहण, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894, ओड़िशा सरकार भूमि बन्दोवस्त अधिनियम 1962 के तहत अधिग्रहीत भूमि को राज्य प्राधिकारियों के दखल प्रमाणपत्र के आधार पर पूँजीकृत किया गया।

4.3 अधिकांश मामलों में भू-संपत्ति का समूह के पक्ष में हस्तांतरण दस्तावेज का निष्पान लंबित है।

4.4 आस्थगित जमा के मुकाबले स्थायी परिसंपत्तियों की वहन लागत में मुद्रा विनिमय दर के उतार-चढ़ाव के कारण ₹ शून्य करोड़ (31.03.2014 को समाप्त वर्ष के लिए वृद्धि ₹ 4.06 करोड़) की सीमा तक वृद्धि हुई जो लेखांकन नीति की टिप्पणी-33 के पैरा 9.1 के अनुसार है।

4.5 संयंत्र एवं मशीनों के मद के मामलों में जो संयंत्र में स्थापना के लिए लम्बित हैं तथा भंडार में तीन वर्षों से अधिक समय से पड़ी है, चौथे वर्ष से मूल्यहास के बराबर का प्रावधान रखा गया है साथ ही जहां आवश्यक हो बट्टे खाते में डालने की औपचारिक कार्रवाई की जा रही है। यदि संयंत्र एवं मशीनों की कोई मद भविष्य में उपयोग के लिए रखी गई है अर्थात बाद के लिए प्रावधान रखा गया है, प्रथम वर्ष के प्रयोग के लिए रखा गया मूल्यहास ही उस वर्ष का मूल्य हास है जिसमें उस मद के लिए किये गये प्रावधान शामिल होने के साथ-साथ मूल्यहास तथा उक्त प्रावधान के बीच लेखांकन का समंजन भी हो। 31.03.2015 को समाप्त वर्ष के दौरान इस लेखा हेतु ₹0.70 करोड़ का प्रावधान रखा गया और कुल संचयी प्रावधान ₹ 12.30 करोड़ हुआ। (टिप्पणी-10 ख)।

5.0 गैर-चालू/चालू निवेश: (टिप्पणी-11 एवं टिप्पणी 14) :

5.1 वर्ष 2003-04 में राज्य विद्युत बोर्डों से हुए त्रिपक्षीय समझौते के तहत ग्रुप ने ₹344.32 करोड़ के नाम मात्र मूल्य का 8.5 प्रतिशत कर मुक्त पावरबॉड (अनुद्धृत लंबी अवधि के निवेश) प्राप्त किए है। यह 30.09.2001 को तीन राज्य विद्युत बोर्डों (एमएसईबी, टीएनईबी और डब्लूवीपीडीसीएल) से पुराने बकाये बाबत प्राप्त किया गया है।

विमोचन नहीं गये बॉडों का विवरण नीचे दिया गया है:

(₹ करोड़ में)

बांड्स का विवरण	01.4.2014 को प्रारंभिक बकाया	वर्ष के दौरान विमोचित	31.3.2015 को शेष बकाया
एमएसईबी	22.77	11.39	11.38
डब्लूवीपीडीसीएल	22.63	11.31	11.32
कुल	**45.40**	**22.70**	**22.70**

सभी बांडों को संबंधित राज्य सरकार द्वारा गारंटी प्रदान की गई है।

₹ 22.70 करोड़ के बॉड 2015-16 में विमोचित होने बाकी हैं और इसे वर्तमान निवेश (टिप्पणी-14) में दिखाया गया है ।

5.2 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के दौरान ब्याज के रुप में ₹ 3.38 करोड़ (31 मार्च, 2014 को समाप्त गत वर्ष में ₹ 5.31 करोड़) (टिप्पणी-21) की आय प्राप्त हुई है।

5.3 भारतीय रिजर्व बैंक ने राज्य विद्युत बोर्ड (एसईबी) से प्राप्त 8.5% करमुक्त पावर बॉड के आंशिक व्यापार की अनुमति प्रदान की है।

6.0. वस्तु सूची: (टिप्पणी-15):

6.1 भंडार एवं पुर्जे:

6.1.1 वर्ष के दौरान भंडार/पुर्जों की प्रत्यक्ष जांच के दौरान पाई गई कमी/अधिकता को लेखों में समायोजन किया गया है। 31.3.2015 को कुल संचयी प्रावधान 0.92 करोड़ (31.3.2014 को 0.88 करोड़) हुआ है।

6.1.2 भंडार एवं पुर्जे के मामले में कार्य-अक्षम/अप्रचलित मदों (वस्तुओं) और वे मद जो पांच वर्षों अधिक समय से स्थिर हैं, लेखांकन नीति की टिप्पणी-33 के पैरा 6.24 के अनुसार क्रमश 100% एवं 50% का प्रावधान रखा गया है। दिनांक 31.03.2015 के अनुसार संचयी प्रावधान ₹16.32 करोड़ (31.3.2014 को ₹13.96 करोड़) हुआ है। तथापि, हमने इस वर्ष बसुंधरा क्षेत्र को छोड़कर अन्य क्षेत्रों के संबंध में 10 वर्षों से अधिक व मरम्मत अयोग्य मदों के लिए 100% का आवश्यक प्रावधान किया है.

6.1.3 ग्रुप की लेखांकन नीति (टिप्पणी-33 के पैरा 6.2.2 में यथा वर्णित) के अनुसार भंडार एवं पुर्जों का मूल्य निर्धारण भारित औसत विधि के आधार पर किया गया है। इससे उपगत लागत की निवल वसूली योग्य मूल्य के साथ तुलना निवल वसूली योग्य मूल्य को निश्चित करने में कठिनाई के चलते न तो की गई न ही लेखा में समंजित की गई है।

6.1.4 ग्रुप में मात्र बसुंधरा क्षेत्र में कार्य-अक्षम/अप्रचलित भंडार सामग्रियों की पहचान की व्यवस्था की जानी बाकी है।

6.2 कोयले का स्टॉक (टिप्पणी-15):

6.2.1 आन्तरिक सर्वे आंकलन दल ने कोयले के भण्डार की प्रत्यक्ष जांच की है। कुछ क्षेत्रों में इसे बाहरी दलों द्वारा भी जांच की गई है। कोयले के भंडार की प्रत्यक्ष जांच में पुस्तकीय स्टॉक (खदान/कोलियरीवार) से +/- 5% की कमी/अधिकता को लेखांकन नीति (टिप्पणी-33 के पैरा 6.1) के अनुसार छोड़ दिया जाता है।

क्षेत्र	खान	पुस्तकीय स्टॉक (परिमाण लाख टन में)		मापित स्टॉक (परिमाण लाख टन में)		% अंतर	
		31.03.2015 को	**31.03.2014** को	**31.03.2015** को	**31.03.2014** को	**31.03.2015** को	**31.03.2014** को
ओरिएंट	खान नं.3	0.21	0.14	0.08	0.02	61.84	85.30
	एचबीएम	0.62	1.75	0.32	1.38	48.06	21.39
तालचेर	नंदिरा	1.12	0.57	0.62	0.07	44.97	87.51
	तालचेर	1.23	0.94	0.97	0.67	20.98	28.39
कुल		**3.18**	**3.40**	**1.99**	**2.14**	-	-

उन मामलों में, अंतर +/- 5% से अधिक होने के कारण लेखों में मापित स्टॉक पर ही विचार किया गया है तथा दिनांक 31.3.2015 को ₹18.63 करोड़ मूल्य के 1.19 लाख टन के अंतर

परिमाण (3.18 ला.ट. - 1.99 ला.ट.) को टिप्पणी-15-5% से अधिक कमी, के परिशिष्ट में दर्शाया गया है।

7.0 नगद एवं नगद समतुल्य (टिप्पणी-17):

नगद एवं बैंक जमा में निम्नलिखित शामिल हैं:

7.1 ₹66.74 करोड़ का फिक्स्ड डिपोजिट भारतीय स्टेट बैंक के पास धारणाधिकार के तहत भारत के राष्ट्रपति के पक्ष में बैंक गारंटी जारी करने हेतु आश्वासन पत्र जारी करने के लिए जमा किया गया है यह ब्लॉक के आबंटन की शर्तों को अनुषंगी ग्रुप मेसर्स एमजेएसजे कोल लिमिटेड की तरफ से पूरा करने के लिए किया गया है।

7.2 ₹1.54 करोड़ की विशेष मियादी जमा जिसमें ₹0.95 करोड़ अर्जित ब्याज शामिल है को माननीय जिला न्यायालय, सुंदरगढ़ के द्वारा एक अधिकारी द्वारा नगद की अनियमितता के मामले में वसूला गया, जो न्यायालय के ग्रहणाधिकार में है तथा मामले को अन्तिम रुप देना लंबित है।

7.3 वर्ष 2005-06 में विस्फोटक दर ठेका में मूल्य की भिन्नता के लिए न्यायालय के आदेश के तहत 6.68 करोड़ की वसूली की गयी जिसका स्थायी जमा किया गया है।

7.4 मेसर्स आईआरसी लोजीस्टिक्स लिमिटेड बैंक गारंटी (बीजी) के नकदीकरण के लिए माननीय उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश के तहत किए गये स्थायी जमा ₹ 0.23 करोड़ शामिल है ।

7.5 स्थायी जमा में ओआईटीडीएस के संबंध में दूर संचार विभाग, भारत सरकार से कैप्टिव मोबाईल रेडियो ट्रंकिंग सर्विस हेतु लाईसेंस प्राप्त करने के लिए बीजी जारी करने के लिए प्रावधानित 0.03 करोड़ शामिल है।

7.6 माननीय उच्च न्यायालय, कोलकाता के निर्देशानुसार मे.श्री इंटरप्राइजेस कोल सेल्स प्रा.लि. से वसूली गई ₹ 0.23 करोड़ स्थायी जमा में शामिल है।

7.7 माननीय उच्च न्यायालय, कटक के निर्देशानुसार ग्रुप द्वारा बीजी नकदीकरण के नामे मे.विडीयोंकॉन लिमिटेड को दी गई ₹ 7.89 करोड़ की अंतरिम राहत स्थायी जमा में शामिल है।

7.8 कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार और कोयला नियंत्रक के साथ करार करने के पश्चात खदान बंद करने के लिए रुपए 425.42 की राशि 3 माह से अधिक की परिपक्वता सहित अनुसूचित बैंकों के एस्क्रो एकाउंट में जमा की गई है।

7.7 चालू खाता के शेष में करेंट लिंक्ड टर्म डिपोजिट शामिल है जिसे अस्थायी रुप से चालू खाता में स्थानांतरित किया गया है।

8.0 ऋण एवं अग्रिम चालू/गैर-चालू, अन्य परिसंपत्तियाँ:

8.1 ऋण एवं अग्रिम के शेष की पुष्टि सभी मामलों में प्राप्त नहीं हुई है।

8.2 ₹86.23 करोड़ (31.03.2014 को रुपए 86.23 करोड़) का जमा राज्य सरकार के पास भूमि के अधिग्रहण के लिए भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 के तहत जमा किया गया है जो इसमें पूंजी के लिए अग्रिम 'टिप्पणी-12' में शामिल है तथा राज्य प्राधिकारी द्वारा ग्रुप को कब्जा दिए जाने पर इसे कंपनी द्वारा पूँजीकृत किया जाएगा।

9.0 अन्य लंबी अवधि दायिताएं टिप्पणी-4:

9.1 कोयल के सेस के तहत ओड़िशा सरकार से मूलधन के रुप में ₹8.40 करोड़ (भुगतान का निवल) और ब्याज के रुप में 9.47 करोड़ (भुगतान का निवल) प्राप्त हुआ। यह माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 31.7.2001 के निर्णय पर दिए गए निर्देश के तहत हुआ। यह राशि उपभोक्ताओं को वापस दी जानी है। चालू वर्ष में कंपनी ने ₹1.01 करोड़ (गतवर्ष 1.01 करोड़)

अप्रदत्त सेस दायिता की मूल राशि पर 12 प्रतिशत की दर से ब्याज की गणना के आधार पर प्रावधान किया है। इस तरह कुल दायिता 31.3.2015 को ₹27.49 करोड़ (31.03.2014 को ₹26.48 करोड़) हुई। ग्रुप उपभोक्ताओं/पार्टियों की पहचान नहीं कर पायी है जिन्हें यह राशि वापस दी जानी है। उपभोक्ताओं/पार्टियों को वापसी की पद्धति का निर्धारण अभी तक नहीं हो पाया है।

10. लाभ हानि लेखा का विवरण:

10.1.1 31.3.2015 को समाप्त वर्ष के लिए ₹0.86 करोड़ (31.3.2014 को समाप्त गत वर्ष के लिए ₹0.95 करोड़) का प्रावधान भंडार में परिनिर्माणाधीन/स्थापनाधीन के लिए संयंत्र एवं मशीन मदों पर लागू मूल्यहास उनके खरीद/अधिग्रहण के चौथे वर्ष से, जो भी लागू हो, लिया गया है।

10.1.2 ग्रुप ने 25 मार्च,2013 को हुई अपनी 296 वीं बैठक में सीआईएल के निदेशक मंडल के निर्णय के अनुसार सीआईएल और अनुषंगियों के, क्रीड़ा, मनोरंजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से संबंधित कार्यकलापों के आयोजन और निष्पादन हेतु कोल इंडिया स्पोर्ट्स प्रोमोशन एसोसिएशन (सीआईएसपीए) के कोर्पस के लिए ₹ 3.03 करोड़ (31.03.2014 को समाप्त पिछले वर्ष में ₹ 2.76 करोड़) की देयता का प्रावधान किया है।

10.1.3 ओबीआर समंजन का विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है:

(₹ करोड़ में)

	चालू वर्ष	**गतवर्ष**
कोयले पर प्रभारित व्यय	4048.31	3466.09
घटाव: उपगत व्यय	1924.78	2055.76
	2123.53	1410.33

10.1.4 दिनांक 01.4.2014 से कंपनी अधिनियम 2013 के कार्यान्वयन के फलस्वरूप मूल्यह्रास की लेखांकन नीति में परिवर्तन हो गया है । इस परिवर्तन के कारण इस वर्ष का लाभ ₹ 33.38 करोड़ तक घट गया है।

10.1.5 इस वर्ष भूमि के लेखांकन नीति में परिवर्तन हुआ है, जैसे विस्थापित व्यक्ति के लिए रोजगार प्रदान को भूमि की लागत में पूंजीकृत किया गया है जिसे पूर्व में राजस्व के रूप में माना जाता था। इस के कारण इस वर्ष का लाभ में ₹ 81.56 करोड़ की वृद्धि हुई है।

11.0 आकस्मिक दायिताएं:

11.1 आकस्मिक दायिताओं का विवरण नीचे दर्शाया गया है:-

विवरण	**31.03.2015 को (राशि ₹ करोड़ में)**	**31.03.2014 को (राशि ₹ करोड़ में)**
ग्रुप के विरुद्ध मुकदमा	150.23	142.76
अन्य दावे	1726.84	1656.94
केंद्रीय उत्पाद-शुल्क	466.61	210.12
आय कर	1955.38	1139.30
विक्रय कर	105.15	124.05
पथ कर	0.00	47.05
लेटर ऑफ कम्फर्ट/क्रेडिट	120.94	270.29
कुल	**4525.15**	**3590.51**

11.2 निजी पार्टियों तथा अन्य से अधिग्रहीत भूमि के लिए क्षतिपूर्ति की वृद्धि के चलते कुछ दावे जिनके मामले में राशि सुनिश्चित नहीं है, न्यायालय में लंबित है।

11.3 रॉयल्टी पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क और स्टोविंग उत्पाद शुल्क में परिवर्तन का मामला चूंकि न्यालयाधीन है, ग्राहकों से इसकी वसूली के बारे में आगामी कार्रवाई न्यायालय के निर्णय और केस के परिणाम के पश्चात की जाएगी। केस के लंबित होते हुए आकास्मिक देयता ₹ 466.61 करोड़ (31.03.2014 को ₹ 210.12) करोड़ दर्शाई गई है।

11.4 अक्तूबर,2010 से ओड़िशा सिंचाई नियमावली 2010 में परिवर्तन के फलस्वरूप जल प्रभार दर में ₹ 0.40 से ₹ 4.50 प्रतिक्यू.मी. की वृद्धि हुई है । तदनुसार एमसीएल के जमा ₹ 34.48 करोड़ के समायोजन पश्चात ब्याज एवं अर्थदंड के तौर पर ₹ 250.14 करोड़ की निवल राशि की मांग की गई है जो न्यायाधीन है और इसे आकास्मिक देयता में दर्शाया गया है ।

11.5 संविदा की आंकलित राशि जिसे पूँजीगत लेखा में निष्पादित किया जाना है और जिस पर कार्य निष्पादन एवं मशीन तथा उपकरणों की खरीद के लिए अनुपलब्ध (शुद्ध अग्रिम) ₹ 893.37 करोड़ (31.3.2014 को ₹ 476.99 करोड़) रहा।

11.6 संविदा की आंकलित राशि जिसे राजस्व लेखा/अन्य वादाओं पर लगाया जाना है और इसे उपलब्ध नहीं कराया गया है, वह ₹ 4151.62 करोड़ (31.3.2014 को ₹ 3589.16 करोड़) है।

11.7 कोयला धारक क्षेत्र (अधिग्रहण एवं विकास) अधिनियम 1957 के तहत कुछ जमीन के मामलों की दायिताएं अभिनिश्चित और स्वीकृत नहीं की गई है अत: इसे उपलब्ध नहीं कराया गया है।

11.8 केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा जारी किसी अधिसूचना की अनुपलब्धता की वजह से खान एवं खनिज संशोधिपत अधिनियम 2015 के प्रावधानों के अनुसार पड़ने वाले प्रभाव पर लेखांकन में विचार नहीं किया गया है ।

12.0 चालू परिसम्पत्ति पर प्रभार (टिप्पणी-15 एवं टिप्पणी-16):

हाइपोथिकेशन की ज्वाइंट डीड दिनांक 16.12.2003 और कंपनी बोर्ड के संकल्प दिनांक 23.08.2011 के अनुसार सीआईएल कन्सेर्टियम बैंकों से कार्यरत पूँजी सुविधा प्राप्त करने हेतु बुक डेब्ट एवं वस्तुसूची के लिए ₹165.00 करोड़ का प्रभार बनाया गया है।

13.0 सेवा निवृत्ति हितलाभ :

13.1 **दिनांक 31.03.2014 को बीमांकित दायिता/प्रावधान का विवरण:**

(₹ करोड़ में)

शीर्ष	01.04.2014 को प्रारंभिक बीमांकित दायिता/ प्रावधान	वर्ष के लिए वृद्धियुक्त दायिता/ प्रावधान	एमसीएल ग्रुप फंड को वर्ष के अंत तक किए गए जमा/भुगतान	31.03.2015 को अंतिम बीमांकित प्रावधान/दायिता
ग्रेच्युटी	-16.38	48.14	-17.76	14.00
अर्जित छुट्टी	165.22	22.21	-	187.43
अर्द्ध वेतन छुट्टी	39.41	5.67	-	45.08
जीवन रक्षा योजना(लाईफ कवर स्कीम)	5.03	0.28	-	5.31

व्यवस्थापन भत्ता (अधिकारी)	0.26	0.01	-	0.27
व्यवस्थापन भत्ता (कर्मचारी)	14.68	0.61	-	15.29
सकल निजी दुर्घटना	0.11	-	-	0.11
छूट्टी यात्रा छूट (एलटीसी)	28.98	3.03	-	32.01
चिकित्सा सुविधा	54.77	2.96	-	57.73
खदान दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को क्षतिपूर्ति	12.67	0.41	-	13.08
कुल	**304.75**	**83.32**	**-17.76**	**370.31**

13.2 ₹176.09 करोड़ के भविष्य निधि एवं अन्य निधियों (टिप्पणी-24) अंशदान में एनसीडीसी के पूर्व कर्मचारी को प्रदत्त रुपए 7.54 करोड़ शामिल है जिसे कर्मचारी हितलाभ व्यय,टिप्पणी 24, के अंतर्गत नगद आधार पर राजस्व में प्रभारित किया गया है।

13.3 कंपनी के कर्मचारियों के पेंशन का प्रबंधन कोयला खान भविष्य निधि प्राधिकारी (एक स्वतंत्र निकाय) द्वारा किया जाता है।

14.0 धारक समूह से संबंधित कारोबार:

14.1 टिप्पणी संख्या 31 के अनुसार सीआईएल का सेवा प्रभार ₹68.19 करोड़ (गतवर्ष दिनांक 31.03.2014 को समाप्त वर्ष में ₹62.04 करोड़) में सेवा कर शामिल है जिसे होल्डिंग समूह द्वारा विभिन्न सेवाओं जैसे खरीद, विदेशी संविदा, विपणन एवं कार्पोरेट सेवाओं के लिए प्रभार स्वरुप 01.07.1998 को हुए समझौते के आधार पर उगाही जाती है जैसा कि होल्डिंग समूह ने सूचना दी है।

14.2 प्रशिक्षण खर्च (टिप्पणी-31 अन्य खर्च) पर धारक समूह द्वारा भारतीय कोयला प्रबंधन संस्थान आईआईसीएम प्रभार बाबत वसूली गई राशि ₹6.06 करोड़ (गतवर्ष 31.03.2014 को ₹5.52 करोड़) शामिल है।

14.3 दिनांक 12.2.2004 को आयोजित सीआईएल बोर्ड की 214वीं बैठक में लिए गए संकल्प के अनुसार सीआईएल द्वारा गठित पुनर्वास निधि में कोयले के प्रेषण पर ग्रुप की ओर से ₹73.81 करोड़ (31.03.2014 को समाप्त गतवर्ष ₹68.61 करोड़) का प्रभार दिया गया।

14.4 दिनांक 24.9.2014 को आयोजित निदेशकों (वित्त) की समन्वयन बैठक के कार्यवृत्त के अनुसार दिनांक 31.03.2014 तक सीएमपीडीआईएल द्वारा अनुसंधान व विकास में व्यय को सीआईएल द्वारा अपनी अनुषंगियों में उनके वार्षिक कोयला उत्पादन के अनुपात में आबंटित किया गया । इस प्रकार टिप्पणी-31 में आरएंडडी व्यय ₹ 22.92 करोड़ दर्शाया गया है ।

15. विनिमय दर में उतार-चढ़ाव:

15.1 विदेशी मुद्रा में लिए गए ऋण के मूल्य में उतार-चढ़ा के पश्चात उक्त ऋण बाबत समूह के रुपये की दायिता में ₹ 1.79 करोड़ (31.03.2014 को ₹ 1.64 करोड़ की वृद्धि) की कमी हुई। इस कमी को स्थायी परिसंपत्तियों के वहन लागत के तौर पर ₹ 1.79 करोड़ तक (विनिमय दर में अंतर के कारण 31.03.2014 को ₹ 1.64 करोड़ की हानि) को "विनिमय दर में उतार चढ़ाव के हानि के रुप में टिप्पणी -31 में दर्शाया गया है।

16. लेखांकन मानकों का अनुपालन:

16.1 **एएस-12 सरकारी अनुदान के लिए लेखांकन:** समूह ने स्टोइंग एवं बचाव अनुदान से आय के रुप में ₹ शून्य करोड़ (31.03.2014 को समाप्त गतवर्ष ₹0.88 करोड़) की मान्यता दी है और दीर्घ अवधि अग्रिम पूँजी (टिप्पणी-12) से सीसीडीए की ₹66.19 करोड़ की अनुदान की कटौती की है।

16.2 **एएस-15 कर्मचारियों के लाभ के लिए लेखांकन**: समूह ने आईसीएआई द्वारा जारी संशोधित लेखांकन मानक-15 के अनुसार 31.03.2015 को कर्मचारियों के लाभ की दायिताओं को निर्धारित किया है।

निम्नलिखित घोषणाएं एएस-15 (संशोधित) के अनुसार ग्रेच्युटी के संबंध में निधि योजना के तहत की गई है।

बाध्यताओं के वर्तमान मूल्य में बदलाव को दर्शानेवाली सारणी:-

(₹ करोड़ में)

	31.03.2015 के अनुसार
वर्ष के आरम्भ में बाध्यताओं के वर्तमान मूल्य में बदलाव	642.71
अधिग्रहण समायोजन	0.00
ब्याज लागत	48.60
गत सेवा लागत	0.00
वर्तमान सेवा लागत	38.42
कटौती लागत	0.00
व्यवस्थापन लागत	0.00
प्रदत्त लाभ	70.51
बाध्यता पर बीमांकित लाभ/हानि	20.47
वर्ष के अन्त में बाध्यताओं के वर्तमान मूल्य	679.69

योजना परिसम्पति के उचित मूल्य में बदलाव को दर्शानेवाली सारणी:-

(₹ करोड़ में)

	31.03.2015 के अनुसार
वर्ष के आरम्भ में योजना परिसम्पत्ति का उचित मूल्य	659.09
अधिग्रहण समंजन	0.00
योजना परिसम्पत्ति पर संभावित वापसी	52.73
अंशदान	17.76
प्रदत्त लाभ	70.50
योजना परिसंपत्ति पर बीमांकित लाभ/हानि	6.61
वर्ष के अन्त में योजना परिसम्पत्ति का उचित मूल्य	665.69

निधि की स्थिति दर्शानेवाली सारणी:-

(₹ करोड़ में)

	31.03.2015 के अनुसार
वर्ष के अंत में वर्तमान मूल्य	679.69
वर्ष के अंत में योजना का उचित मूल्य	665.69
निधि की स्थिति	-14.00
वर्ष के अन्त में मान्यता रहित बीमांकित लाभ/हानि	0.00
तुलनपत्र में मान्यता प्राप्त शुद्ध परिसम्पत्ति (दायिताएं)	-14.00

लाभ/हानि विवरण में मान्यता प्राप्त खर्च को दर्शानेवाली सारणी:-

(₹ करोड़ में)

	31.03.2015 के अनुसार
वर्तमान सेवा लागत	38.42
पूर्व सेवा लागत	0.00
ब्याज लागत	48.60
योजना परिसम्पत्ति पर संभाव्य वापसी	52.73
कटौती लागत	0.00
व्यवस्थापन लागत	0.00
वर्ष में मान्यता प्राप्त बीमांकित लाभ/हानि	13.86
लाभ/हानि में मान्यता प्राप्त व्यय	48.15

बीमांकित पूर्वानुमान को दर्शानेवाली सारणी:-

(₹ करोड़ में)

	31.03.2015 के अनुसार
मृत्यु संख्या तालिका	आईएएलएम (2006-08)
सेवा निवृत्ति उम्र	60
समय पूर्व सेवा निवृत्त एवं अक्षमता	प्रति हजार/प्रति वर्ष 10 45 वर्ष से ऊपर उम्र 6 29 वर्ष से 45 वर्ष के बीच 3 29 वर्ष से कम उम्र 1
छूट दर	8.50 %
मुद्रास्फीति दर	6.25%
परिसम्पत्ति क वापसी	8.00 %
शेष कार्य जीवन	14 वर्ष
प्रयोग में लाया गया फार्मुला	प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट पद्धति

तुलनपत्र में मान्यता प्राप्त दायिताओं का संचलन:-

(₹ करोड़ में)

	31.03.2015 के अनुसार
प्रारंभिक शुद्ध दायिताएं	16.38
उपरोक्तानुसार व्यय	48.14
अंशदान	17.76
अन्तिम शुद्ध दायिताएं	14.00
वर्ष के अन्त में अन्तिम निधि/प्रावधान	679.69

निम्नलिखित घोषणाएं एएस 15 (संशोधित) के तहत छुट्टी नगदीकरण लाभ (ईएल/एचपीएल)/(निधि रहित योजना) के संबंध में की गई है।

वर्तमान मूल्य की बाध्यताओं में बदलाव दर्शानेवाली सारणी:-

(₹ करोड़ में)

	31.03.2015 के अनुसार
वर्ष के प्रारंभ में वाध्यताओं के वर्तमान मूल्य	204.63
अधिग्रहण समंजन	0.00
ब्याज लागत	15.67
पूर्व सेवा लागत	0.00
वर्तमान सेवा लागत	41.79
कटौति लागत	0.00
व्यवस्थापन लागत	0.00
प्रदत्त हितलाभ	17.51
बाध्यताओं पर बीमांकित लाभ/हानि	-12.06
वर्ष के अन्त में बाध्यताओं के वर्तमान मूल्य	232.52

लाभ-हानि विवरण में मान्यता प्राप्त व्यय को दर्शानेवाली सारणी:-

(₹.करोड़ में)

	31.03.2015 के अनुसार
चालू सेवा लागत	41.79
पूर्व सेवा लागत	0.00
ब्याज लागत	15.67
योजना परिसम्पत्ति पर संभावित वापसी	0.00
कटौति लागत	0.00
व्यवस्थापन लागत	0.00
वर्ष में मान्यता प्राप्त बीमांकित लाभ/हानि	-12.06
लाभ/हानि विवरण में मान्यता प्राप्त व्यय	45.40

बीमांकित संभावनाओं को दर्शानेवाली सारणी:-

(₹करोड़ में)

	31.03.2015 के अनुसार
मृत्यु संख्या तालिका	आईएएलएम (2006-08)
समय पूर्व सेवा निवृत्ति उम्र	60
पूर्व सेवा निवृत एवं अक्षमता	प्रति हजार/प्रति वर्ष 10 45 वर्ष से ऊपर 6 29 वर्ष से 45 वर्ष बीच 3 29 वर्ष से कम1
छूट दर	8.00%

मुद्रास्फीति दर	6.25%
परिसम्पत्ति की वापसी	उपलब्ध नहीं
शेष कार्य जीवन	14 वर्ष
प्रयोग में लाया गया फार्मुला	प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट पद्धति

तुलनपत्र में मान्यता प्राप्त दायिताओं का संचलन

(₹ करोड़ में)

	31.03.2015 के अनुसार
प्रारंभिक शुद्ध दायिताएं	0.00
उपरोक्तानुसार व्यय	45.40
अंशदान	0.00
अन्तिम शुद्ध दायिताएं	45.40
वर्ष के अंत में अन्तिम निधि/प्रावधान	232.52

एएस 15 (संशोधित 2005) के परिशिष्ट-ख की टिप्पणीः-

चूंकि योजना निधि रहित है अत: लाभ/हानि लेखा पर प्रभार निम्न पूर्वानुमानों पर आधारित है:-

1. गत लेखांकन तिथि के अनुसार पूर्व बाध्यताएं का प्रावधान किया गया है।
2. उपरोक्त प्रावधान के डेबिट को एक्जिट लाभ प्रदान किया गया।
3. वर्तमान बाध्यताएँ चालू लेखांकन तिथि के अनुसार उपलब्ध कराई जायेगी।

16.3 **एएस-16: उधारी लागत:** ऐसी कोई उपयुक्त परिसंपत्ति नहीं, जिसके लिए समूह को ब्याज चुकाना पड़ा हो, अत: किसी उधारी लागत को पूँजीकृत नहीं किया गया।

16.4 **एएस-17- खंड रिपोर्टिंग:** समूह मुख्यत: केवल एक खंडीय व्यापार कोयले के उत्पादन एवं विक्रय में लगी है। एएस-17 के तहत इसका अन्य कोई पहचान योग्य प्राथमिक खंड नहीं है जिसे चिन्हित किया जा सके।

16.5 **एएस-18- संबंधित पक्ष का उल्लेख:** राज्य सरकार द्वारा नियंत्रित संस्थाओं को मिल रही छूट को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा नियंत्रित अन्य संस्थाओं से संबंध एवं लेन-देन का उल्लेख एएस-18 के तहत आवश्यक नहीं है।

16.6 **एएस-20: प्रति शेयर आमदनी**: प्रति शेयर आधारभूत आमदनी की गणना वर्ष के कर पश्चात शुद्ध लाभ को वर्ष के बाकी समतुल्य शेयरों की भारित औसत संख्या से भाग देकर निकाली जाती है। डाईल्यूटेड ईपीएस की गणना करने के लिए वर्ष के कर पश्चात शुद्ध लाभ और वर्ष के दौरान बकाया भारित औसत शेयरों की संख्या को सभी डाईल्यूटेड पोटेंशियल इक्वीटी शेयरों के प्रभाव हेतु समंजित किया जाता है।

ईपीएस की गणना नीचे प्रस्तुत है:

विवरण	**31.03.2015 का समाप्त चालू वर्ष**	**31.03.2015 को समाप्त गतवर्ष के अन्त में**
कर पश्चात लाभ (₹ करोड़ में)	3554.10	3624.30
सामान्य शेयर धारियों के प्रति आरोप्य लाभांश (₹ करोड़ में)	3554.10	3624.30
बेसिक एंड डाइल्यूटेड ईपीएस के लिए सामान्य शेयरों की संख्या (संख्या)	1864009	1864009
सामान्य शेयरों का नाम मात्र मूल्य(₹)	1000	1000
प्रति सामान्य शेयर पर बेसिक एवं डाइल्यूटेड आमदनी(₹)	19066.97	19443.58

16.7 **एएस-21 अनुषंगी कंपनियों में निवेश:**

प्रबंधन ने समेकित वित्तीय विवरणियां लेखांकन मानक-21-आईसीएआई द्वारा जारी समेकित वित्तीय विवरणी की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार की हैं। अल्पसंख्य ब्याज का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

अनुषंगी कंपनियों के नाम	**पता**	**मूल कंपनी का धारण**	**निगमीकरण की तिथि**	**समेकित लेखों के अनुसार 31-03-2015 को अल्पसंख्य ब्याज (करोड़ में)**
एमएनएच शक्ति लिमिटेड	आनंद विहार, बुर्ला, संबलपुर	70%	16.07.2008	25.53
एमजेएसजे कोल	मकान न. 42, प्रथम	60%	13.08.2008	38.07

लिमिटेड	तल, आनन्द नगर, हकीमपारा, अंगुल			
महानदी बेसिन पॉवर लिमिटेड	प्लाट न- जी-3, मंचेश्वर रेलवे कालोनी, भुबनेश्वर	100%	02.12.2011	-
कुल				**63.60**

सभी अनुषंगी कंपनियों विकास स्थिति में हैं।

16.8 **एएस-27: संयुक्त उद्यम में हितों की वित्तीय रिपोर्टिंग:**

समूह और ओड़िशा पावर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन लिमिटेड के बीच संयुक्त उद्यम करार के द्वारा 08 जनवरी, 2013 को नीलांचल पावर ट्रांसमिशन कंपनी प्राईवेट लिमिटेड नामक एक संयुक्त उद्यम कंपनी निर्गमन किया गया था। 31.03.2015 तक निर्गमन के लिए विविध खर्चों हेतु ₹0.02 करोड़ (गत वर्ष ₹0.02 करोड़) खर्च किए हैं और उन्हें प्राप्य दावों में शामिल किया है (टिप्पणी-18)। संयुक्त उद्यम कंपनी में 31.03.2015 तक कोई निवेश नहीं है।

16.9 **एएस-28: परिसंपत्तियों की हानि:**

कोयला उद्योग में स्थायी परिसंपत्तियों को मुख्य शीर्ष जैसे- भूमि, भवन, संयंत्र एवं मशीनरी, एक्सप्लोरेशन, बोरिंग एवं विकास के तहत वर्गीकृत किया जाता है। भूमि एवं भवन के मामले में मूल्यांकन सार्वभौमिक रुप से उर्द्धवमुखी है। यदि भवन में कोई टूट-फूट न हो, तो इसके लिए किसी प्रावधान की आवश्यता नहीं है। इसी तरह संयत्र एवं मशीनरी के मामले में आरबीआई सूचकांक के अनुसार इसका मूल्य निम्नमुखी नहीं है, अंत: यदि परिसंपत्ति उपयुक्त न हो या इसमें कोई खराबी न हो तो उसे हानि के तहत दर्शाया नहीं जाएगा लेकिन घाटा देनेवाली भूमिगत खदानों में ऐकान्तिक प्रयोग के लिए निर्दिष्ट पुरानी मशीनों की हानि पर विचार किया गया है। कोयला उद्योग में लगातार घाटे में चलने एवं निकट भविष्य में उनके उद्धार की संभावना नहीं होनेवाली खदानों में पूर्वेक्षण, बेधन एवं विकास पर हुए खर्च को प्रथम दृष्टया हानि माना जा सकता है।

वर्ष के दौरान अन्य स्थिर परिसम्पत्तियों (जिनका कोई वैकल्पिक प्रयोग मूल्य नहीं) के लिए ₹0.47 करोड़ (31.03.2014 को समाप्त गत वर्ष के लिए ₹0.66 करोड़) का प्रावधान रखा गया है। इस तरह 31.03.2015 को हानि के लिए ₹0.04 करोड़ के समायोजन पश्चात कुल संचयी प्रावधान ₹27.18 करोड़ (31.03.2014 को ₹26.75 करोड़) हुआ।

16.10 **लेखांकन मानक-29:**

16.10.1 कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा जारी दिशा-निर्देश संख्या 55011-01-2009 सीपीएएम दिनांक 27.08.2009 और दिनांक 07.01.2013 के अनुसार समूह ने वर्ष क दौरान 22 खदानों के संबंध में केंद्रीय खदान आयोजना और डिजाईन संस्थान लिमिटेड द्वारा तैयार की गई खान बंद करने की योजना के आधार पर खदान बन्द करने के व्यय हेतु प्रावधान किया है। पूर्व में बोर्ड द्वारा अनुमोदित खान बंद करने की योजना के आधार पर भरतपुर ओसीपी, बेलपाहाड़ ओसीपी एवं कुलदा ओसीपी के लिए देयताएं की गणना की गई है ।

16.10.2 खदान बंद करने के व्यय के प्रावधान (टिप्पणी-5) में वर्तमान दायिताओं एवं प्रावधान का ₹5.06 करोड़ शामिल है जो देउलबेरा कोलियरी के अस्थिर कार्यस्थल की सुदृढ़ता हेतु निर्धारित है। यह प्रावधान ₹9.44 करोड़ की एक विस्तृत योजना के तहत वेतन व एवं मजदूरी के अलावा वर्तमान वर्ष के अन्य खर्च शून्य करोड़ को समंजित करने के पश्चात (विभागीय मजदूरी एवं वेतन के ₹18.21 करोड़ को छोड़कर) रखा गया है। चूँकि देउलबेरा कोलियरी के अस्थिर कार्यस्थल का सुदृढ़ीकरण, देउलबेरा कोलियरी के विभागीय कर्मचारियों द्वारा बालू भर कर किया जा रहा है, वेतन एवं मजदूरी बाबत ₹18.21 करोड़ को इस योजना का भाग होने के कारण इसमें शामिल नहीं किया गया है।

16.10.3 एएस-29 के तहत प्रावधान में गतिशीलता का विवरण:

(₹करोड़ में)

क्रम सं.	**विवरण**	**प्रारंभिक शेष 1.4.2014 के अनुसार**	**चालू वर्ष के दौरान प्रावधान/योग**	**वर्ष के दौरान प्रदत्त/ समंजन**	**31.03.2015 के अनुसार अंतिम शेष**
1	भूमि-सुधार हेतु प्रावधान	0.79	-	-	0.79
2	ओबीआर समंजन	9912.51	2123.53	-	12036.04
3	कराधान हेतु प्रावधान (संपति कर समेत)	1892.66	1697.67	-32.36	3557.97
4.	लाभांश हेतु प्रावधान	-	-	-	-
5.	खदान बन्द करने की योजना	314.64	115.83	-	430.47
6.	संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	34.72	6.66	-	41.38
7.	ऋण एवं अग्रिम के लिए प्रावधान	2.89	-0.24	-	2.65
8	पूंजीगत चालू कार्य के लिए प्रावधान	11.82	0.70	-0.13	12.39
9	भंडार एवं पूर्जों के लिए प्रावधान	14.84	2.40	-	17.24
10	परिसंपत्तियों की हानि के लिए प्रावधान	0.23	-	-	0.23

17.0 आमदनी पर कर का लेखांकन:

17.1 चालू वर्ष के लिए आयकर प्रावधान के तहत 1697.56 करोड़ (गतवर्ष 31.03.2014 को ₹1837.38 करोड़) रखा गया है। इसके अलावा चालू वर्ष के संपत्ति कर के लिए ₹ 0.11 करोड़ का प्रावधान रखा गया है।

17.2 लेखा मानक-22 की आवश्यकताओं के अनुसार 31.03.2015 को शुद्ध आस्थगित कर दायिताएं ₹122.90 करोड़ (31.03.2014 की दायिताएं ₹28.08 करोड़) है। आस्थगित कर दायिता/परिसंपत्तियों में समय के अंतरजनित कर का प्रभाव नीचे दिया गया है:

	दिनांक 31.03.2015 अनुसार (करोड़ में) (दायिता)	**31.03.2015 अनुसार (₹करोड़ में) (दायिता)**
आस्थगित कर दायिता:		
आयकर अधिनियम 1961 के प्रावधान के अनुसार लिखित मूल्य से अधिक निवल ब्लॉक	-60.91	-14.84
आस्थगित कर परिसंपत्ति:		
संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	10.41	8.14
कर्मचारियों के अन्य हितलाभ के लिए प्रावधान	-	-
छुट्टी नगदीकरण हेतु प्रावधान	66.16	56.41
उपदान (ग्रेच्युटी) हेतु प्रावधान	15.03	1.87
संदिग्ध अग्रिमों के लिए प्रावधान	0.83	0.91
आयकर अधिनियम की धारा 43-ख के तहत गैर-अनुमत	-11.13	16.11
भूमि की पुर्नः प्राप्ति	23.83	23.83
अन्य प्रावधान/विविध मद	-288.94	-150.19
उप जोड़	-183.81	-42.92
कुल	122.89	28.08
निवल आस्थगित कर परिसंपत्तियां (-)देयताएं (+)	**122.90**	**28.08**

18.0 सामान्य:

18.1 विविध देनदार, विविध अग्रिम एवं जमा आदि के बकाये की पुष्टि सभी मामलों में प्राप्त नहीं की गई है।

18.2 अत्यधिक लघु (माइक्रो), लघ एवं मध्यम इन्टरप्राइजेज विकास अधिनियम, 2006 के तहत समूह ने आपूर्तिकर्त्ताओं से उनकी स्थिति के बारे में ऐसी कोई सूचना प्राप्त नहीं की है अत: वर्षान्त में भुगतान नहीं की गई राशि तथा इस पर दिए गये/देय ब्याज के संबंध में उपरोक्त अधिनियम के तहत आवश्यक कोई सूचना नहीं दी जा सकी है।

18.3 पिछले वर्ष/वर्षो के ऑकड़ों को चालू वर्ष के आंकड़ों के साथ अधिक तुलनीय बनाने के उद्देश्य से आवश्यकतानुसार पुन: व्यवस्थित/वर्गीकृत किया गया है।

19.0 अन्य:

क. निदेशकों का पारिश्रमिक: **(₹करोड़ में)**

	31.03.2015 को समाप्त वर्ष	**31.03.2014 को समाप्त वर्ष**
वेतन	1.09	1.11
भविष्य निधि	0.11	0.12
अनुलब्धियां	0.01	0.02
निदेशक की सिटिंग फीस	0.00	0.07
कुल	**1.21**	**1.32**

टिप्पणी:

I अनुलब्धियों में समूह के नियमानुसार वसूल किये जानेवाले आवास किराया/बिजली का मूल्य/प्रभार तथा समूह के अस्पताल/औषधालय में उपलब्ध नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा का मूल्य शामिल नहीं किया गया है।

II लोक उद्यम ब्यूरो, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के ओएम संख्या 2(18)/पीसी-64 दिनांक 20.11.1964 के अनुसार समय समय पर संशोधित प्रावधानों के तहत अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं पूर्णकालिक निदेशकों के पास यह विकल्प है कि वे कार्यालयीन कार्य के अलावा स्टाफ कार को 750 कि.मी. प्रति माह की सीमा तक व्यवहार हेतु रियायत दर पर भुगतान कर सकते हैं।

ख. आयात **(₹करोड़ में)**

आयातित सामग्री का सीआईएफ का सीआईएफ मूल्य	**31.03.2015 को समाप्त वर्ष**	**31.03.2014 को समाप्त वर्ष**
(i) कच्चा माल	शून्य	शून्य
(ii) कम्पोनेंट एवं पुर्जे	शून्य	2.89
(iii) पूँजीगत वस्तुएं	शून्य	8.76

ग. विदेशी मुद्रा में व्यय:

(₹करोड़ में)

	31.03.2015 को समाप्त वर्ष	**31.03.2014 को समाप्त वर्ष**
(i) यात्रा	0.04	0.02
(ii) वचनबद्धता प्रभार	शून्य	शून्य
(iii) ब्याज	0.08	1.25
(iv) अन्य	शून्य	शून्य

घ. खपत किए गए आयातित/देशी कच्चा माल, भंडार एवं पुर्जों एवं कोम्पोनेंट का मूल्य:

विवरण	31.03.2015 को समाप्त चालू वर्ष के लिए मूल्य (₹करोड़ में)	प्रतिशत	31.03.2014 को समाप्त चालू वर्ष के लिए मूल्य (₹ करोड़ में)	प्रतिशत
आयातित	0.05	0.01	Nil	Nil
देशज	604.51	99.99	626.35	100.00
कुल	**604.56**	**100.00**	**626.35**	**100.00**

20.0. शीर्ष कार्यालय और नियंत्रक कंपनी को प्रभारित ब्याज प्रभार:

20.1. नियंत्रक कंपनी द्वारा लगाए गए शीर्ष कार्यालय प्रभार का कोयला उत्पादन के आधार पर राजस्व खदानों पर आबंटन किया गया है।

20.2. विशिष्ट परिसंपत्तियों के प्रापण के लिए नियंत्रक कंपनी द्वारा ऋणों पर ब्याज का लेखांकन करार की शर्तों और उनके तदनुरूपी ज्ञापन की शर्तों के अनुसार किया गया है।

21.0. कंपनी अधिनियम 1956 की अनुसूची-VI में बदलाव (1.4.2011 से)

दिनांक 30.03.2011 को राजपत्र में अधिसूचना का अनुसरण करते हुए कंपनी अधिनियम 1956 की अनुसूची- VI में तुलनपत्र के फार्मेट अनुसार संशोधित करते हुए लाभ-हानि लेखा के विवरण के फार्मेट को लागू कर दिया गया है।

संशोधित अनुसूची-VI के फार्मेट को इस लेखा को तैयार करने में लागू कर दिया गया है। संशोधित फार्मेट के साथ-साथ दिशा-निर्देश का पालन करते हुए तुलनपत्र में निम्नलिखित पृथक्कीरण किया गया है।

चालू परिसंपत्तियाँ:

किसी परिसंपत्ति को चालू परिसंपत्ति तब माना गया है जब वह निम्नलिखित में से किसी एक शर्त को पूरा करती है:-

इसको उपयोग किया जा सके, या बेचा जा सके या समूह के सामान्य कार्य व्यवहार में खपत किया जा सके।

यह प्रथमत: व्यापार के उद्देश्य में रखा जा सके।

रिपोर्टिंग तिथि से 12 माह के अंदर इसका उपयोग किया जा सके।

अगर इसका बदलना प्रतिबंधित रहे तो यह नगद या नगद के समतुल्य होना चाहिए या निपटाने के योग्य, रिपोर्टिंग तिथि के बाद कम से कम 12 माह के अंदर किसी दायिता को रहना चाहिए।

गैर-चालू परिसंपत्तियाँ:

चालू परिसंपत्तियों के अलावे सभी परिसंपत्तियाँ गैर-चालू संपत्तियां हैं।

चालू दायिताएं:

उन दायिताओं को चालू दायिताओं के रुप में वर्गीकृत किया गया है जो निम्न में से किसी एक शर्त के पूरा करती है:-

यह कंपनी के सामान्य प्रचालन चक्र में व्यवस्थित हो सके।

यह प्रथमत: व्यापार के उद्देश्य में आ सके।

यह रिपोर्टिंग तिथि से 12 महीनों के अंदर व्यवस्थित की जा सके।

कंपनी के पास कोई शर्तविहीन अधिकार नहीं है कि वह दायिता की व्यवस्था को रिपोर्टिंग तिथि से 12 महीने से अधिक स्थगित कर सके/दायिता की शर्तें काउन्टर पार्टी के विचार इक्वीटी इंस्ट्रूमेंट जारी करने से व्यवस्थापना के परिणामस्वरुप इसके वर्गीकरण को प्रभावित न कर सके।

गैर-चालू दायिताएं:

चालू दायिताओं के अलावे सभी दायिताएं गैर-चालू दायिताएं हैं।

कोई सामान्य प्रचालन चक्र न होने के कारण इसे 12 महीने की अवधि में कर ली गई है।

कृते और निदेशक मंडल की ओर से

हस्ता/-	हस्ता/-
(ए.के.सिंह)	(बी.पी.घोष)
कंपनी सचिव	महाप्रबंधक (वित्त)
हस्ता/-	हस्ता/-
(के.के.परीडा)	(ए.एन.सहाय)
निदेशक (वित्त)	अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

उसी दिन हमारे द्वारा प्रस्तुत समीक्षा रिपोर्ट के अनुरूप
कृते पाम्स एंड एसोशिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स

हस्ता/-
(सीए एम.पी.महापात्रा)
भागीदार
(सदस्य सं.-55113)

स्थान : भुवनेश्वर
दिनांक: 20.05.2015

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं इसकी अनुषंगी कंपनियां
31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए नगद प्रवाह का विवरण

		31.03.2015 को समाप्त वर्ष के लिए (₹ करोड़ में)	31.03.2014 को समाप्त वर्ष के लिए (₹ करोड़ में)
क	प्रचालन गतिविधियों से नगद प्रवाह:		
	करपूर्व निवल लाभ एवं असामान्य मदें:	**5,314.24**	**5,429.08**
	समायोजन:		
	मूल्यहास एवं हानि	253.51	236.80
	विनियम दर का उतार-चढ़ाव	(0.72)	9.23
	ओबीआर समायोजन	2,123.53	1,410.33
	ब्याज/लाभांश(प्राप्त)	(1,286.09)	(1,406.53)
	ब्याज/वित्तीय प्रभार(प्रदत्त)	1.44	14.89
	लेनदार/वस्तुसूची/अन्य सीए/ऋण एवं अग्रिम इत्यादि प्रावधान	232.56	189.63
	कार्यशील पूँजी के परिवर्तन से पूर्व संचालन से लाभ:	**6,638.47**	**5,883.43**
	समंजन:		
	वस्तुसूची में बदलाव	43.71	48.44
	व्यापार प्राप्तियों में बदलाव	(155.57)	118.82
	लंबी अवधि/गैर चालू ऋण एवं अग्रिम/परिसंपत्तियों में बदलाव	(177.02)	5.48
	अल्प अवधि/चालू ऋण एवं अग्रिम/परिसंपत्तियों में बदलाव	(63.64)	185.45
	व्यापार देय/चालू दायिताओं/लंबी अवधि दायिताओं में बदलाव	513.53	317.68
	संचालन से अर्जित नगद	**6,799.48**	**6,559.30**
	प्रदत्त प्रत्यक्ष कर	(3,270.85)	(3,408.98)
	असामान्य मदों से पूर्व नगद प्रवाह	**3,528.63**	**3,150.32**
	असामान्य मदें	-	-
	संचालन गतिविधियों से निवल प्रवाह	**3,528.63**	**3,150.32**
ख	निवेश की गतिविधियों से नगद प्रवाह:		
	स्थायी परिसंपत्तियों का क्रय	(793.79)	(849.92)
	सीआईएल के साथ अल्प अवधि जमा	(114.95)	1,315.59
	विविध प्राप्तियाँ	-	-
	कंपनियों का अधिग्रहण	-	-
	नये निवेश का क्रय (चालू/गैर चालू)	450.70	(594.29)
	प्राप्त ब्याज	1,231.11	1,363.13
	म्यूच्युअल फंड से प्राप्त लाभांश (गैर-व्यापार)	54.98	43.40
	निवेश की गतिविधियों में प्रयुक्त निवल नगद	**828.05**	**1,277.91**
ग	वित्तीय गतिविधियों से नगद प्रवाह		
	सीआईएल के जरिए विश्व बैंक ऋण	-	(109.88)
	आस्थागित जमा ऋण	(2.35)	1.03
	विनियम दर में उतार-चढ़ाव	0.72	(9.23)
	सीआईएल ऋण का पुनर्भुगतान	-	-
	वरीयता शेयर पूँजी का परिशोधन	-	-
	ब्याज एवं वित्तीय प्रभार	(1.44)	(14.89)
	प्रदत्त लाभांश	(3,841.82)	(7,012.09)
	वित्तीय गतिविधियों में प्रयुक्त निवल नगद	**(3,844.89)**	**(7,145.06)**
	नगद एवं नगद समतुल्य में निवल वृद्धि	511.79	(2,716.83)
	वर्ष के प्रारंभ में नगद एवं नगद सतमुल्य	10,428.31	13,145.14
	अवधि के अन्त में नगद एवं नगद समतुल्य	**10,940.10**	**10,428.31**

उपरोक्त विवरण अप्रत्यक्ष विधि से तैयार किया गया है

गतवर्ष के आंकड़ों को चालू अवधि के वर्गीकरण की पुष्टि हेतु पुन: वर्गीकृत किया गया है।

टिप्पणी: नगद एवं नगद समतुल्य राशि 508.56 करोड़ (दिनांक 31.03.2014 के अनुसार 434.72 करोड़) (लेखा पर अतिरिक्त टिप्पणी के पैरा 7.0 का संदर्भ लें) कंपनी के उपयोग हेतु उपलब्ध नहीं है।

कृते निदेशक मंडल की ओर स

ह0/-
ए.के.सिंह
कंपनी सचिव

ह0/-
बी.पी. घोष
महाप्रबंधक(वित्त)

ह0/-
के. के. परिड़ा
निदेशक (वित्त)

ह0/-
ए.एन.सहाय
अध्यक्ष- सह-प्रबंध निदेशक

उसी दिन हमारे द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुरूप
कृते पाम्स एंड एसोशिएट्स
सनदी लेखाकार

दिनांक : 20.05.2015
स्थान: भुवनेश्वर

सीए एमपी महापात्रा
भागीदार
(सदस्य संख्या 055113